आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
* नवतपा प्रारंभ
* आल्हा जयंती"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 129 | उज्जैन, सोमवार 25 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 9 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### बंगाल के फालता में पहली बार भाजपा जीती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर रविवार को आए चुनावी नतीजे में भाजपा को जीत मिली। बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु ने 1 लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत हासिल की। उन्हें 1.49 लाख से ज्यादा वोट मिले। सीपीएम के उम्मीदवार शंभूनाथ कुर्मी 40 हजार वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं चुनाव से पीछे हटने वाले टीएमसी के जहांगीर चौथे नंबर पर रहे। फालता में 74 साल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार जीत हासिल की है। 1952 से 2006 तक यह कांग्रेस और सीपीआई(एम) का गढ़ था। 2011 के बाद से लगातार तीन बार टीएमसी उम्मीदवार ने यहां जीत दर्ज की थी। फालता में जीत के साथ भाजपा की अब कुल सीटें 208 हो गईं हैं। 4 मई को आए रिजल्ट में भाजपा को 207 सीटें मिलीं थीं।

### व्हाइट हाउस के पास हुई फायरिंग में हमलावर की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में एक संदिग्ध शख्स ने व्हाइट हाउस के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की। भारतीय समयानुसार यह घटना शनिवार रात करीब 3.30 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हुई। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के पास संदिग्ध हमलावर ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर गोलियां चलाईं, जहां वर सीक्रेट सर्विस के अधिकारी तैनात थे। अफसरों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी। हॉस्पिटल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान 21 साल के नासिर बेस्ट के तौर पर हुई है। वह अमेरिका के मैरीलैंड राज्य का रहने वाला था। इस गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गोली लगने से घायल हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि उसे हमलावर की गोली लगी या जवाबी फायरिंग के दौरान चोट पहुंची।

### राम चरण ने जसप्रीत बुमराह से मांगी माफी



**गलती से फुटबॉल से जोड़ दिया था क्रिकेटर का नाम, कहा- उत्साह के बीच भूल हुई**

**मुंबई।** साउथ फिल्म स्टार रामचरण अपनी आने वाली फिल्म 'पेड्डी' के म्यूजिक लॉन्च के लिए भोपाल पहुंचे थे। इस इवेंट में उनके साथ एआर रहमान और जान्हवी कपूर भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान रामचरण ने भारतीय क्रिकेटरों की तारीफ की, लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का जिक्र करते हुए उनसे एक भूल हो गई। उन्होंने क्रिकेट की जगह गलती से फुटबॉल से जोड़ दिया। इसका वीडियो सामने आने के बाद रामचरण ने तुरंत बुमराह से माफी मांगी और इसे भीड़ के बीच उत्साह में हुई गलती बताया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश को बिहार कहकर पुकारा। जब वे स्टेज से जनता को संबोधित कर रहे थे, तब उन्होंने कहा हमारे, बिहार के लोगों को, बिहार के लोग, मेरे आप साथ हो आप? क्रिकेटरों को बताया लीजेंड और फायर भोपाल में हुए इस कार्यक्रम के दौरान रामचरण से भारतीय क्रिकेटरों को कुछ शब्दों में बताने के लिए कहा गया था। उन्होंने सचिन तेंदुलकर के करियर को 'लंबा और महान सफर' बताया। महेंद्र सिंह धोनी को 'शांत और कूल' कहा, जबकि रोहित शर्मा को 'हर किसी का पसंदीदा इंसान' बताया। विराट कोहली का नाम सामने आने पर उन्होंने सिर्फ एक शब्द 'फायर' कहा। मांगी माफी, खुद को बताया भुलक्कड़ वीडियो सामने आने के बाद रामचरण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर बुमराह से माफी मांगी। उन्होंने लिखा, "उफ्फ... मैं कभी-कभी नामों को लेकर चीजें भूल जाता हूं। इस गड़बड़ी के लिए जसप्रीत बुमराह जी से माफी मांगता हूं। इतने उत्साह और भारी भीड़ के बीच यह सिर्फ एक इंसानी भूल थी।" रामचरण ने आगे लिखा कि वे बुमराह का बहुत सम्मान करते हैं और उनके खेल की सराहना करते हैं। हालांकि रामचरण की इस गलती के बाद उनके की फैंस उनका सपोर्ट करते दिखाई दिए। एक यूजर ने लिखा कि रामचरण ने बुमराह को फुटबॉल का लेजेंड बना दिया। लेकिन मुझे पसंद आया जिस आत्मविश्वास के साथ उन्होंने ये बात कही।

### कर्नाटक में नीट छात्रा ने आत्महत्या की, 12 दिनों में 5 स्टूडेंट्स ने जान दी

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** कर्नाटक के कलबुर्गी में 18 साल की नीट की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान भाग्यश्री के रूप में हुई है। उसने नीट-यूजी की परीक्षा दी थी। पुलिस के मुताबिक, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छात्रा के पिता राजशेखर ने बताया कि परिवार में किसी तरह की परेशानी नहीं थी और बेटी पढ़ाई में काफी अच्छी थी। भाग्यश्री ने हाल ही में 12वीं परीक्षा में 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे और नीट परीक्षा भी अच्छी गई थी। नीट-यूजी परीक्षा देश भर में 3 मई को आयोजित की गई थी। हालांकि, पेपर लीक के आरोपों के बाद 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दोबारा परीक्षा 21 जून को कराने की घोषणा की है।

### मक्के के दाम में लगातार गिरावट से किसानों में चिंता

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार में मक्के की कीमतों में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। एक समय एक साल के उच्च स्तर पर पहुंचा मक्का अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में 470 डॉलर प्रति बुशेल के नीचे फिसल गया है। वहीं देश की मंडियों में भी मक्का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी से नीचे बिक रहा है। लगातार गिरते भाव के कारण किसानों को लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमजोरी की बड़ी वजह चीन की खरीद को लेकर बनी अनिश्चितता है। बाजार को उम्मीद थी कि चीन अमेरिकी कृषि उत्पादों की बड़े पैमाने पर खरीद करेगा, लेकिन अब तक मांग कमजोर बनी हुई है। चीन ने वर्ष 2028 तक अमेरिका से लगभग 17 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद खरीदने का आश्वासन दिया था, लेकिन कॉर्न यानी मक्के की खरीद अपेक्षा के अनुरूप नहीं बढ़ी है।

### जमकर पड़ रही गर्मी ने आमजन के साथ ही मंदिरों की व्यवस्था को भी प्रभावित कर दिया

## गर्मी से फूल बेजार, पशुपतिनाथ के गर्भगृह में कृत्रिम खुशबू का सहारा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर**

जमकर पड़ रही गर्मी ने आमजन के साथ ही मंदिरों की व्यवस्था को भी प्रभावित कर दिया है। मंदसौर में शिवना नदी के किनारे भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर के गर्भगृह में गर्मी के कारण फूलों की खुशबू बेजार हो रही है। इसके चलते प्रबंधन को यहां कृत्रिम खुशबू का सहारा लेना पड़ रहा है। शुक्रवार से ही इस व्यवस्था को अंजाम दिया गया है।

प्रबंध समिति के प्रबंधक राहुल रूनवाल के अनुसार मंदिर का गर्भगृह 25 बाय 25 का है। यहां वर्तमान में गर्मी के दौरान खूशबू वाले फूल कुछ ही देर में झड़ जाते हैं और गर्मी की वजह से उनसे पर्याप्त या यूं कहें की नाम मात्र की खुशबू ही मिल पाती है। गर्भगृह में श्रद्धालुओं की पर्याप्त उपस्थिति के समय इससे परेशानी की स्थिति देखी जा रही थी। भगवान के गर्भगृह में खुशबू पर्याप्त मात्रा में रहे एवं आने वाले श्रद्धालुओं को गर्भगृह में पर्याप्त ध्यान मग्न हो सकें इसे लेकर शुक्रवार को इलेक्ट्रानिक मशीन लगाई गई है।



बाबा पशुपतिनाथ का फूलों का श्रृंगार।





आटोमैटिक मशीन के जरिए किया जा रहा सुगंधित स्पे।

#### मशीन से आटोमैटिक स्प्रे

इस मशीन के जरिए गर्भगृह में गुलाब, केवडा, चंदन की खूशबू को पूरे समय बनाए रखा जा रहा है। श्री रूनवाल के अनुसार इस मशीन में लगे ब्लोअर से सीधे हवा पूरे गर्भगृह में फैल जाती है। कुछ कुछ देर में मशीन से आटोमैटिक स्प्रे होता है। इसमें जिस तरह की खुशबू के लिए इत्र का उपयोग किया जाता है वैसी ही खुशबू मिलती है। प्रारंभिक दौर में मशीन में चंदन की खुशबू गर्भगृह में श्रद्धालुओं को मोहित कर रही है। वे बताते हैं कि मंदिर खुलने से लेकर पट बंद होने तक श्री पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान के दर्शन गर्भगृह से श्रद्धालु कर रहे हैं बीच में प्रतिमा के क्षरण को लेकर पुरातत्व विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य की वजह से जरूर कुछ दिनों तक गर्भगृह प्रवेश बंद रहा है।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रेलवे ट्रैक के पास

## आत्मघाती हमले में 24 की मौत

### 82 लोग घायल, जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे

**एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई।

ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई। धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई। फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया।



#### किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं।

### यूपी के 6 शहरों में 48 डिग्री तापमान



**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

दुनिया के 100 सबसे गर्म शहरों में रविवार को भारत के 97 शहर शामिल हैं। प्राइवेट एजेंसी एक्यूआई.इन के मुताबिक टॉप 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी के 6 शहर हैं, जहां दोपहर 2 बजे 48 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। इनमें प्रयागराज सबसे ऊपर रहा। यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र के 37 शहरों में तापमान 47 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 26 और 27 मई को तापमान और बढ़ सकता है।

### एक्ट्रेस ट्विशा की मौत के 12 दिन बाद अंतिम संस्कार



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल**

एक्ट्रेस ट्विशा की मौत के 12 दिन बाद रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। भोपाल के भदभदा श्मशान घाट में भाई मेजर हर्षित ने ट्विशा को मुखाग्नि दी। इस दौरान ट्विशा की मां और परिवार भावुक होकर रो पड़ा।

इससे पहले रविवार को ही दिल्ली एम्स की टीम ने ट्विशा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भोपाल एम्स में करीब 3 घंटे चली प्रक्रिया के बाद टीम भोपाल से रवाना हो गई। पोस्टमॉर्टम से जुड़े सैंपल और विसरा भोपाल एम्स में ही सुरक्षित रखे गए हैं। टीम अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपेगी।

12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा शर्मा केस को स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को चीफ जस्टिस की बेंच इस केस की सुनवाई करेगी।

### तमिलनाडु में 3 दिन में 3246 बदमाश गिरफ्तार

#### एंटी-ड्रग टास्क फोर्स ने 1.43 करोड़ की 419 ड्रग तस्करों से गांजा-नशीली दवाएं जब्त की

**एजेंसी ▸▸ चेन्नई**

तमिलनाडु पुलिस ने 3246 बदमाशों को हिरासत में लिया और 419 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पिछले तीन दिनों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान की गई।

अभियान के दौरान पुलिस ने 15,349 लोगों की जांच की। इनमें 12,650 हिस्ट्रीशीटर और 2,699 गैर-हिस्ट्रीशीटर शामिल थे। इनमें 844 लोगों को विभिन्न कानूनी धाराओं के तहत ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा गया। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के 48 घंटे के भीतर विजय ने चार बड़े फैसले लिए थे। इनमें तमिलनाडु के हर जिले में करीब 65 एंटी-ड्रग टास्क फोर्स बनाने का फैसला शामिल था। इन्हीं टास्क फोर्स के जरिए नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री और इस्तेमाल के खिलाफ एक्शन लिया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 294 मामले दर्ज किए और राज्यभर में 419 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने 267.756 किलोग्राम गांजा और 2476 नशीली गोलियां भी जब्त कीं। इनकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 43 लाख बताई गई है।

### सिंगरौली को सबसे विकसित शहर बनाएंगे : सीएम मोहन यादव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सिंगरौली**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के हर जिले के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सिंगरौली को मध्यप्रदेश का सबसे विकसित और आधुनिक शहर बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को सिंगरौली महोत्सव और नगर गौरव दिवस-2026 के अवसर पर बैढ़न स्थित चून कुमारी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंगरौली अब केवल ऊर्जा उत्पादन का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि विकास, संस्कृति और नई संभावनाओं का बड़ा केंद्र बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और लोगों को जोड़ने के लिए हर नगर में गीता भवन बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिंगरौली महोत्सव और नगर गौरव दिवस जैसे आयोजन जिले की पहचान, संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम हैं। ऐसे आयोजन आगे भी हर वर्ष उत्साह के साथ आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री एवं जिले की प्रभारी मंत्री संपतिया उइके, पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, कुंवर सिंह टेकाम, विश्वामित्र पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### दमोह में खुदाई के दौरान मिला खजाना

## मजदूरों ने 35 किलो चांदी मिलने का किया दावा

#### मकान मालिक बोला- सिर्फ 42 सिक्के मिले जांच में जुटा प्रशासन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ दमोह**

मध्य प्रदेश के दमोह में एक स्कूल शिक्षक के निर्माणाधीन मकान की खुदाई के दौरान खजाना मिलने की खबर ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। इस खबर ने न केवल चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया, बल्कि



खजाने की मात्रा को लेकर एक बड़ा विवाद भी खड़ा हो गया है। जहां मजदूर लगभग 30 से 35 किलोग्राम चांदी निकलने का दावा कर रहे हैं, वहीं मकान मालिक महज 42 चांदी के सिक्के मिलने की बात कहकर मामले को उलझा रहे हैं।

**पैतृक मकान को तुड़वाकर नया निर्माण करवा रहे-** यह पूरा मामला दमोह शहर के फुटेरा वार्ड का है, जहां स्कूल शिक्षक आलोक सोनी अपने पुराने पैतृक मकान को तुड़वाकर नया निर्माण करवा रहे थे। रविवार को अचानक यह टूटा हुआ मकान सुर्खियों में आ गया, जब खुद शिक्षक आलोक सोनी दमोह पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके मकान की खुदाई के दौरान उन्हें 42 चांदी के सिक्के मिले हैं, जिसकी सूचना वे पुलिस को देने आए हैं।

### गुजरात में बैंक से 8.70 करोड़ चुराने वाला कर्मचारी गिरफ्तार

## कचरा बताकर 9 बक्सों में ले गया था नोट

**2 करोड़ का घर, 1 करोड़ की दुकान खरीदी, 2.20 करोड़ नकद भी बरामद**

**एजेंसी ▸▸ अहमदाबाद**

अहमदाबाद में आरबीआई के करेंसी चेस्ट बैंक से 8.70 करोड़ रुपए चुराने वाले कस्टोडियन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 13 जनवरी की रात 9.12 बैंक का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें कस्टोडियन और उसके दो साथी बक्सों में भरकर रुपए ले जाते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने आरोपी के दो साथियों को भी हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

जांच में सामने आया है कि आरोपी ने चोरी के पैसों से अहमदाबाद में 2 करोड़ का बंगला और 1.40 करोड़ रुपए की दुकान भी खरीद ली। पुलिस ने उसकी कार से 2.20 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए हैं।





#### कर्मचारियों से कहा कि बक्सों में कचरा है

मामले का खुलासा हाल ही में तब हुआ, जब ऑडिट और नए कस्टोडियनों द्वारा की गई जांच में 500 रुपए के नोटों के 174 बंडल कम पाए गए, जिनकी कुल कीमत 8.70 करोड़ रुपए थी। बैंक अधिकारियों ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पाया कि 13 जनवरी को आरोपी हर्षसिद्ध कादियार कुछ बक्से लेकर बैंक से बाहर जा रहा था। उस समय उसने अन्य कर्मचारियों से कहा था कि बक्सों में कचरा भरा है और वह इन्हें फिंकवाने जा रहा है। अहमदाबाद के गांधी रोड स्थित इस बैंक में आरबीआई का करेंसी चेस्ट संचालित होता है, जहां से जरूरत के अनुसार अन्य बैंकों को नकदी भेजी जाती है। चोरी के दौरान संजय शर्मा मुख्य कस्टोडियन और हरसिद्ध कडियार संयुक्त कस्टोडियन के रूप में बैंक में पदस्थ थे।

#### 90 दिनों बाद फुटेज डिलीट हो जाने का भरोसा था

आरोपी को भरोसा था कि 90 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज डिलीट हो जाएगी। इसी वजह से वह चोरी के बाद भी करीब 3 महीने तक नियमित रूप से नौकरी करता रहा। इसके तीन महीनों बाद 13 अप्रैल को उसने मुख्य प्रबंधक को संदेश भेजकर अपनी तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर एक दिन की छुट्टी ली। इसके बाद उसने 5 दिन की मेडिकल छुट्टी ली थी। इसके बाद से ही लापता था।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा एवं गंगा दशमी पर दिखेगा सिंहस्थ सा नजारा

### निगम द्वारा विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित, रामघाट स्थित गंगा कुंड का हुआ सौंदर्यीकरण, पेशवाई मार्ग पर दिखेगी सिंहस्थ महापर्व 2028 की झलक






**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के सानिध्य में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली क्षिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा इस वर्ष भी गंगा दशमी के अवसर पर 25 एवं 26 मई को भव्य रूप से निकाली जाएगी। यात्रा एवं गंगा दशमी पर्व को लेकर नगर निगम द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं, जिससे शहर में सिंहस्थ जैसा वातावरण दिखाई देगा।

नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निदेर्शानुसार परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं स्वच्छता व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विभिन्न आवश्यक कार्य पूर्ण किए गए हैं। इनमें यात्रा मार्ग की विशेष साफ-सफाई, मरम्मत एवं पेंचवर्क, मार्गों की धुलाई, रंगाई-पुताई तथा सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं। इसके साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के संदेश भी विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किए गए हैं। मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी निगम द्वारा की गई है।

### कलेक्टर ने जिला अधिकारियों के साथ किया माँ शिप्रा स्थल का निरीक्षण

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने रविवार शाम राम घाट पर मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा की तैयारियों के लिए की जा रही व्यवस्था देखने के लिए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए संबंधित अधिकारियों को पेयजल, ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत यात्रा के साथ ओआरएस और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा, यात्रा मार्ग में साफ सफाई, संकेतक लगाने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### नीलगंगा से लौटी तिराहे तक निकलेगी पेशवाई

गंगा दशमी के अवसर पर साधु-संतों की उपस्थिति में नीलगंगा चौराहे से लौटी तिराहे तक भव्य पेशवाई निकाली जाएगी। इस पेशवाई में सिंहस्थ महापर्व 2028 की झलक श्रद्धालुओं को देखने को मिलेगी। इसके लिए पूरे मार्ग पर विशेष साफ-सफाई के साथ दीवारों पर सिंहस्थ से जुड़े संदेशों एवं आकर्षक चित्रकारी का कार्य कराया गया है। साथ ही पेवर ब्लॉक लगाने सहित अन्य सौंदर्यकरण कार्य भी निगम द्वारा करवाए गए हैं।

- **रामघाट स्थित गंगा कुंड का किया गया सौंदर्यीकरण-** नगर निगम द्वारा रामघाट स्थित गंगा कुंड पर विशेष सौंदयीकरण कार्य कराया गया है, जहां गंगा माता का पूजन किया जाएगा। घाट क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता एवं प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।
- **श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की तैनाती-** आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग पर लगातार मॉनिटरिंग की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को उनके अधीनस्थ स्टाफ सहित तैनात किया गया है। व्यवस्थाओं के संचालन में जनसंपर्क, स्वास्थ्य, उद्यान, प्रकाश, शिल्पज्ञ, पीएचई, अन्य कर, पशु गैंग, फायर एवं वर्कशॉप विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

## पानी पर्याप्त, सप्लाय की परेशानी

बीमारी दिल में थी और पांव की जांच की जा रही थी। ऐसा ही कुछ इन दिनों शहर में देखा जा रहा है। प्रति वर्ष की अपेक्षा इस बार जलापूर्ति करने वाले बांध में ठीक-ठीक जलराशि की स्थिति है। इसके साथ ही वैकल्पिक व्यवस्था भी है। मां रेवा की पाइप लाइन डेम के नजदीक है और शहर के पास भी है। त्रिवेणी के पास एवं लालपूल पर इसे जोड भी दिया गया है। जरूरत होने पर वहां से भी पानी की आपूर्ति ली जा सकती है और पिछले समय में यह किया भी गया है। मूल समस्या जल प्रदाय की शहरी क्षेत्र में ही है।




इसके साथ ही बिजली का पर्याप्त न मिल पाना या फिर महाआयोजन की तैयारी के लिए निर्माण एवं चौड़ीकरण के क्षेत्रों में बार-बार पाइप लाइनों का क्षतिग्रस्त होना भी है। इसके साथ ही दशकों पुरानी मशीनरी के दम पर ही उस व्यवस्था को संचालित किया जाना भी एक कारण हो सकता है। इसके कारण से शहर के कई क्षेत्रों की टंकियां पूरी नहीं भर पा रही है और जल प्रदाय के समय उनसे घरों तक पूरे दबाव के साथ पानी नहीं पहुंच पा रहा है। खास तो यह है कि जिन क्षेत्रों में चौड़ीकरण का कोई नामो निशान नहीं है उन क्षेत्रों में भी मात्र 10-15 मिनट ही नल चल पा रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि व्यवस्था में समस्या टंकियों तक सिमट रही है। यह भी बिल्कुल सही है कि शहर में निरंतर रूप से टंकियों की संख्या बढ़ी है और यांत्रिकी स्थिति उनके मान से देखा जाए तो कमजोर ही कही जाएगी। डेम के शोधन केंद्र से दो लाईन शहर तक है। एक से रा-वाटर लाकर जल यंत्रालय गऊघाट में उसका शोधन किया जाता है और उससे टंकियां भरी जाती है और एक लाइन से शोधित पानी सीधे वहीं से आता है। इनके सपोर्ट में दो छोटी जल संरचनाओं को भी रखा जाता है जहां पर छोटे प्लांट से काम चल रहा है। इसकी पूरी जानकारी हमारे नेतृत्वकर्ताओं को है। उसके बाद भी डेम की जलराशि को देखना और उसके बाद यह तय करना की परेशानी का कारण कुछ और है। अन्यानेक प्रश्नों को जन्म देने वाली यह स्थिति आमजन को विचार करने पर बाध्य कर रही है। इसे सीधे तौर पर कुप्रबंधन एवं योग्यता से जोड़कर देखा जा रहा है। वर्तमान शैक्षणिक समाज में एक से एक युवा एवं तकनीकी के जानकार बेरोजगार घुम रहे हैं उसकी वजह यह नहीं है कि उनकी योग्यता नहीं है या फिर उन्हें ज्ञान नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि भ्रम का आवरण एक न एक दिन हटता है और जब यह हटता है तो अपने साथ पूरे विश्वास की चिढ़िया को लेकर उड़ जाता है। इसके बाद विश्वास का अभाव पैदा हो जाता है जिसकी भरपाई नहीं हो पाती है। डेम की जलराशि का निरीक्षण ने स्थानीय शासन एवं प्रशासन दोनों की स्थिति को खोलकर शहर के आमजन के सामने रख दिया है।

### विद्युत कंपनी ने शनिवार को शटडाउन कर मेंटेनेंस किया तो पीएचई ने भी लाभ लिया

# पानी की आपूर्ति करने में संडे का अवकाश निकला

### भू-जल स्तर कम होने से हांफे नलकूप एवं हैंडपंपों पर लाइन लगी





**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

रविवार को शहर में आमजन राहत एवं आराम नहीं ले सका। सुबह से ही पानी की आपूर्ति के लिए जुगाड़ लगी रही। इस दौरान भू-जल स्तर गिरने से हांफ रहे नलकूप एवं हैंडपंपों पर खासी भीड़ रही। वहां भी नगर निगम पीएचई की तरह कम दबाव से ही जल मिल रहा था। एक दिन पूर्व से सहेजे गए और मशक्कत कर लाए गए पानी से आमजन ने अपनी जलापूर्ति जैसे तैसे की है। सूरज के आक्रोश पूर्ण गर्मी के बीच पसीना बहाकर आमजन को यह सब करना पड़ा है।



सूबह से ही सूरज की गर्मी जोरदार होने के बावजूद आमजन ने पूर्व सूचना के आधार पर तड़के से ही पानी के लिए मशक्कत शुरू कर दी थी। शहर के क्षेत्रीय स्तर पर नलकूप एवं हैंडपंपों पर इसी दौरान से भीड़ लगी रही। रविवार को जैसे-तैसे आमजन ने अपनी जलापूर्ति की है। मई माह में यह दूसरा अवसर था जब पीएचई ने जल प्रदाय नहीं किया। इससे पहले 7 मई को भी घरों में नल से पानी नहीं पहुंचा था।

### विद्युत कंपनी के साथ पीएचई ने भी काम निपटाए

गंभीर इंटेकवेल पर लगातार पावर कट होने के कारण शनिवार को विद्युत वितरण कंपनी ने गंभीर इंटेकवेल फीडर पर प्री मानसून का मेंटेनेंस कार्य करने हेतु शटडाउन लिया था। जिसके चलते रविवार को संपूर्ण शहर में जलप्रदाय नहीं हो सका। इस दौरान शनिवार को सप्लाय के बाद पीएचई ने भी अपने संधारण के कामों को खोलकर उन्हें पूर्ण किया है। कई स्थानों पर बड़े कार्यों में समय लगना था ऐसे में शनिवार एवं रविवार की दोपहर तक का समय मिल गया और इस दौरान संधारण के कामों को अंजाम दिया गया है।

### बाजार में एक हजार 12 सौ में मिला टैंकर

रविवार को पानी की कमी के चलते शहर में कुछ लोगों ने निजी क्षेत्रों से पानी के 5 हजार लीटर क्षमता वाले टैंकर मंगवाए थे। उन्हें ये टैंकर एक हजार से बारह सौ रूपए में उपलब्ध हो सके। नगर निगम के सूत्रों के अनुसार टैंकर सेक्शन से इसी क्षमता का टैंकर मात्र ढाई सौ रूपए में उपलब्ध करवाया जाता है। रविवार को करीब आधा दर्जन से अधिक रसीदें नगर निगम में भी टैंकर सप्लाय की कटी है। इसके अलावा शहर के करीब 200 से अधिक स्थानों पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर रहवासियों को पानी के टैंकर से जलआपूर्ति की गई है।

### महापौर ने टंकी प्रभारियों से ली जानकारी

महापौर मुकेश टटवाल रविवार को जल प्रदाय व्यवस्था को लेकर फील्ड में निकले थे। जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में उन्होंने पीएचई कंट्रोल रूम पहुंचकर सभी टंकी प्रभारी से दूरभाष पर वन टू वन चर्चा करते हुए पूछा कि टंकी पूर्ण क्षमता से भरी है या नहीं। इस पर उन्हें जानकारी दी जा रही थी कि सभी टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने का कार्य किया जा रहा है। मेंटेनेंस के बाद रविवार को शहर की सभी 40 से अधिक पेयजल टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने का कार्य किया गया, सोमवार को शहर में पूरे दबाव के साथ जल प्रदाय होगा।

### क्षतिग्रस्त लाइन का संधारण किया

रविवार को जोन क्रमांक 01 स्थित वीर सावरकर चौराहे पर चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य के दौरान 400 एमएम की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। तत्काल वाल बंद करते हुए पानी के अपव्यय को रोका गया साथ ही नगर निगम पीएचई विभाग द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रविवार शाम तक लाइन का संधारण कार्य पूर्ण किया गया। भेरूगढ़ क्षेत्र की जो टंकियां है उन्हें रात्रि 10 बजे के बाद ही भरने का कार्य किया जाता है। संबंधित सब इंजीनियर ने महापौर को आश्वस्त किया है कि टंकियां को पूर्ण क्षमता के साथ भरा जाएगा जिसके कारण संबंधित क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होगी।

## पिपलीनाका क्षेत्र में पाइप लाइन फूटी, कई गैलन पानी बर्बाद

### भाजपा पार्षद ने पानी में उतरकर किया विरोध प्रदर्शन, क्षेत्र में जल संकट गहराया



**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

रविवार को पिपलीनाका क्षेत्र में पीएचई की पेयजल पाइप लाइन फूट जाने से सड़क, नाले और नालियों में पानी बहने लगा। पाइप लाइन फूटने के कारण आसपास की खाली जगहों पर भी पानी भर गया और क्षेत्र में तालाब जैसी स्थिति बन गई।

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय भाजपा पार्षद हेमंत भूरू गेहलोत मौके पर पहुंचे। उन्होंने फूटी पाइप लाइन के पास भरे पानी में उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद ने कहा कि जब तक संबंधित अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचेंगे, तब तक वे पानी में ही बैठे रहेंगे।

पार्षद भूरू गेहलोत ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण बार-बार पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी-थोड़ी दूरी पर कई जगह पाइप लाइन फूट चुकी है, जिससे पानी की टंकियां पूरी तरह नहीं भर पा रही हैं और क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बन रही है। उन्होंने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों में कई बार पाइप लाइन फूट चुकी है, लेकिन संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।लगातार शिकायतों के बावजूद अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ रही है।

**पीएचई कर्मचारियों ने शुरू किया सुधार कार्य-** मामले की जानकारी मिलने के बाद पीएचई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने का कार्य शुरू किया।

## आज शहर में पूर्ण क्षमता से होगा जलप्रदाय

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

शहर की पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर मुकेश टटवाल रविवार को फील्ड में निकले और जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान जल कार्य समिति प्रभारी प्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे। महापौर ने पीएचई कंट्रोल रूम पहुंचकर शहर की विभिन्न पेयजल टंकियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी टंकी प्रभारियों से दूरभाष पर वन-टू-वन चर्चा करते हुए पूछा कि टंकियां पूर्ण क्षमता से भरी हैं या नहीं। इस पर टंकी प्रभारियों ने बताया कि शहर की सभी टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने का कार्य किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शनिवार को गंभीर इंटकवेल पर मेंटेनेंस कार्य किया गया था, जिसके चलते रविवार को शहर में नियमित जल प्रदाय नहीं हो सका। पीएचई विभाग के अधिकारियों द्वारा जल प्रदाय व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग भी की जा रही है, जिससे आज सोमवार को शहर में सुचारू रूप से पेयजल सप्लाई सुनिश्चित की जा सके।

## न्यूज कॉलम

### कड़वा पाटीदार के युवाओं ने किया 25 यूनिट रक्तदान



**उज्जैन।** कुशलपुरा में कड़वा पाटीदार धर्मशाला ट्रस्ट की वार्षिक साधारण सभा हुई। इस दौरान जिला रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें पाटीदार समाज के युवाओं ने 25 यूनिट ब्लड डोनेट कर समाज के सामने अनूठी मिसाल पेश की। शिविर में रक्त की विभिन्न जांचों के साथ ही हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर की जांच पूर्णतः निःशुल्क की गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने उठाया। रेडक्रॉस जिला शाखा उज्जैन के सचिव अनुराग जैन ने बताया शिविर का मुख्य उद्देश्य सर्वसमाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। इस निशुल्क जांच शिविर का लाभ उठाने और जागरूकता का परिचय देते हुए लोगों ने अपनी जांच करवाई। वहीं पाटीदार समाज के युवाओं ने रक्तदान के लिए कतार लगकर समाज सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी रक्तदाताओं को जिला चिकित्सालय की ओर से प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

# चिंतामन गणेश मंदिर में बदलेगी दर्शन व्यवस्था, नए द्वार से मिलेगा भक्तों को प्रवेश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

चिंतामन गणेश मंदिर में अब भक्तों को नए द्वार से प्रवेश मिलेगा। मंदिर समिति फोरलेन निर्माण के चलते व्यवस्था में परिवर्तन की तैयारी कर रही है। नवनिर्माण के चलते पार्किंग स्थल में भी परिवर्तन किया जाएगा। दो दिन पहले कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने भी मंदिर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली नई दर्शन व्यवस्था की जानकारी ली।

मंदिर प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने बताया सिंहस्थ 2028 के लिए यंत्र महल मार्ग से ग्राम चिंतामन जवासिया तक फोरलेन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण एजेंसी एक दो दिन में मंदिर के मुख्य द्वार के सामने खोदाई शुरू करने वाली है। इससे पहले मंदिर की दर्शन व्यवस्था तथा पार्किंग स्थल में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए जिन विकल्पों पर विचार चल रहा है, उनमें मंदिर के पृष्ठ भाग में स्थित पुराने प्रवेश द्वार को फिर से शुरू करने की योजना है।

### नवनिर्माण के चलते पार्किंग स्थल में भी किया जाएगा परिवर्तन





यह द्वारा चिंतामन रेल्वे स्टेशन से मंदिर तक के मुख्य मार्ग पर स्थित है। इसके सामने व आसपास वाहन पार्किंग व फूल प्रसाद की दुकानों के लिए भी पर्याप्त स्थान है। दो दिन पहले व्यवस्थाओं के संबंध में आला अधिकारियों ने मंदिर का निरीक्षण किया था, उन्हें भी इससे अवगत कराया गया था। निर्देश प्राप्त होते ही, नई दर्शन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। श्रद्धालुओं को नई व्यवस्था की जानकारी देने के लिए सूचना संकेतक बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

### वेडिंग डेस्टिनेशन में जल-पान का प्रबंध नहीं

चिंतामन गणेश मंदिर आस्था के साथ बजट आधारित वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में तेजी से उभर रहा है। मंदिर समिति द्वारा यहां मात्र 3200 रुपये में वैदिक परंपरा अनुसार विवाह की व्यवस्था है। देशभर से बड़ी संख्या में लोग मांगलिक कार्य के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। इस वर्ष अब तक 570 से अधिक शादियां हो चुकी है। हालांकि मंदिर में जल, पान व भोजन प्रसादी का प्रबंध नहीं होने से बाहर से आने वाले लोगों को इधर उधर परेशान होना पड़ता है। भक्तों का कहना है कि मंदिर समिति को भक्तों की सुविधा के लिए नए प्रकल्प की शुरूआत करना चाहिए।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार 25 मई 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### समान नागरिक संहिता पर जन परामर्श बैठक सम्पन्न

मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जन परामर्श बैठक आज शनिवार को जाल सभागृह, इंदौर में आयोजित की गई। बैठक में समान नागरिक संहिता से जुड़े सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त किये गए। बैठक की अध्यक्षता समिति के सदस्य श्री शत्रुघन सिंह (सेवानिवृत्त भा.प्र.से.) ने की । इस अवसर पर समिति के अन्य सदस्य अनूप नायर (कानूनविद), गोपाल शर्मा (शिक्षाविद) एवं बुधपाल सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, श्रीमती मालिनी गौड़, श्रवण चावड़ा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, गोपीकृष्ण नेमा सहित अन्य जन प्रतिनिधि आदि ने भी शामिल होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए । कलेक्टर शिवम वर्मा तथा समिति के सचिव अजय कटेसरिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पत्रकारों तथा गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के शत्रुघन सिंह ने समिति गठन के उद्देश्यों की जानकारी दी।

### गर्भ में एक शिशु की मृत्यु के बावजूद दूसरे शिशु का सुरक्षित जन्म

**इंदौर।** स्वस्थ शिशु का जन्म किसी भी परिवार के लिए सबसे बड़ा उपहार माना जाता है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य संस्थानों की पहली प्राथमिकता हमेशा मां और शिशु की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सुरक्षित प्रसव कराना होती है। कई बार प्रसव प्रक्रिया में ऐसी जटिल परिस्थितियां सामने आती हैं, जिन्हें देखकर अनुभवी चिकित्सक भी अचंभित हो जाते हैं, लेकिन चिकित्सकों की विशेषज्ञता और समर्पण इन चुनौतियों को सफलता में बदल देता है। ऐसा ही एक अत्यंत जटिल मामला शासकीय प्रकाशचंद सेठी अस्पताल में सामने आया। 37 वर्षीय गर्भवती महिला प्रसव पीड़ा के साथ अस्पताल पहुंची। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद पता चला कि महिला की गर्भावस्था नौ माह पूर्ण हो चुकी है। महिला के पूर्व रिकॉर्ड देखने पर ज्ञात हुआ कि गर्भ में जुड़वा शिशु थे, लेकिन दुर्भाग्यवश एक शिशु की गर्भावस्था के पांचवें महीने में ही मृत्यु हो चुकी थी। स्थिति को और जटिल बनाने वाली बात यह थी कि दोनों शिशु एक ही थैली में थे। चिकित्सकों ने बिना विलंब किए महिला की शल्य क्रिया की और दूसरे शिशु का सुरक्षित प्रसव कराया। जन्म लेने वाला शिशु लगभग 3.75 किलोग्राम वजन का है और पूरी तरह स्वस्थ है। चिकित्सकों ने मां की जटिल स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए। वर्तमान में जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। विशेष बात यह रही कि मृत शिशु पूरी तरह कागज जैसी संरचना में परिवर्तित हो चुका था, फिर भी जीवित शिशु को किसी प्रकार का संक्रमण नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार महिला पहली बार शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए आई थी। इससे पहले वह निजी चिकित्सालय में उपचाररत थी। इस सफल प्रसव ने एक बार फिर शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं और चिकित्सकों की दक्षता को सिद्ध किया है। इस जटिल प्रसव प्रक्रिया को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल विजयवर्गीय, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. सुनीता भटनागर एवं डॉ. स्वाति, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्याभ गहलोत तथा नर्सिंग स्टाफ रेखा और प्रीति ने सफलतापूर्वक संपन्न किया।

### पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले उद्योगों पर रहेगा प्रतिबंध

**इंदौर।** धार जिले में स्थित डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान, बाग का कुल अधिसूचित क्षेत्र केवल 89.740 हेक्टेयर है। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार इस उद्यान के चारों ओर 250 मीटर के दायरे को इको-सेंसिटिव जोन (एरे) घोषित किया गया है, जिसके भीतर सभी गतिविधियों का संचालन निर्धारित नियमों के अधीन ही किया जा सकता है। धार वन मंडल अधिकारी के अनुसार 250 मीटर के इको-सेंसिटिव जोन में रोजगार और पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय युवाओं को पर्यटकों के ठहरने के लिए पर्यावरण अनुकूल अस्थाई कॉटेज, टेंट और लकड़ी के मकान (इको-रिसॉर्ट्स) बनाने तथा गाइड बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे घर बैठे रोजगार मिलेगा। जैविक खेती, कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की बिक्री को सरकार द्वारा सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। गांवों में वर्षा जल संचयन, बायोगैस और सोलर लाइट जैसी उन्नत तकनीकों का विस्तार किया जाएगा। ग्रामीणों की पारंपरिक खेती, बागवानी और डेयरी/पशुपालन जैसी गतिविधियां पहले की तरह जारी रहेंगी।

### दिन का पारा 41 डिग्री अभी भी लू जैसे हालात

**इंदौर।** इस सीजन तेज गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। दिन के पारे में भले ही मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तेज धूप व रात का तापमान अधिक होने से दोपहर में लू जैसे हालात रहे। वहीं 25 मई से नौतपा की शुरूआत हो रही है। उम्मीद है कि तापमान में गिरावट आएगी। शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। हालांकि शुक्रवार को तापमान 41.4 डिग्री था। वहीं न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक रहा। सुबह से ही तेज गर्मी महसूस हो रही थी। इसका कारण सुबह साढ़े 8 बजे ही तापमान 31.2 डिग्री पर पहुंच गया था। वहीं शाम 5 बजे भी तापमान 39.8 डिग्री रहा। प्रदेश के अन्य शहरों में भी भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। पिछले साल मई में करीब 8 इंच बारिश दर्ज की गई थी, जबकि इस बार अब तक एक बूंद भी पानी नहीं गिरा है। मौसम में बदलाव लाने वाली प्री-मानसून गतिविधियां सामान्यतः 20 मई के बाद सक्रिय होने लगती हैं, लेकिन इस वर्ष ऐसा कोई प्रभावी सिस्टम नहीं है। इसी वजह से 8 मई से लगातार तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है।

# सिंहस्थ का मेगा मिशन: 30 किमी तक का रहेगा कान्ह डायवर्सन

## 6 नए ब्रिज और मेडिसिटी निर्माण का हुआ निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



सिंहस्थ महापर्व 2028 को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अधोसंरचना विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। प्रशासनिक अधिकारी जहां प्रतिदिन तपती धूप में विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण कर रहे हैं, वहीं जनप्रतिनिधियों ने भी सिंहस्थ से जुड़ी प्रमुख परियोजनाओं- कान्ह डायवर्शन योजना, नए घाटों का निर्माण, ब्रिज निर्माण, नई सड़कों के विकास, मेडिसिटी और मेडिकल कॉलेज परियोजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्यों पर संतोष जताते हुए कहा कि इस बार सिंहस्थ का आयोजन ऐतिहासिक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद बाल योगी संत उमेशनाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मिनी बस में बैठकर निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

### दिसंबर 2026 तक पूरे होंगे 6 ब्रिज

संभागायुक्त आशीष सिंह ने बताया कि सिंहस्थ से जुड़े छह ब्रिजों का निर्माण दिसंबर 2026 से पहले पूरा कर लिया जाएगा। वहीं नईखेड़ी सड़क परियोजना भी दिसंबर 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों को मटेरियल टेस्टिंग लैब का निरीक्षण कराया। उन्होंने बताया कि सीमेंट, गिट्टी, सरिया और अन्य निर्माण सामग्री की लगातार जांच की जा रही है तथा सभी टेस्ट रिपोर्ट रिकॉर्ड में सुरक्षित रखी जा रही हैं।

### ब्रिज निर्माण में आधुनिक तकनीक का उपयोग

भूखी माता ब्रिज के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को नई निर्माण तकनीक की जानकारी दी। ब्रिज प्लेटफॉर्म में लोहे की चादरों से बने पाइपों का उपयोग किया जा रहा है, जिनके चारों ओर कंक्रीट और लोहे का जाल लगाया जाता है। इससे संरचना का वजन कम होता है और मजबूती बढ़ती है। संभागायुक्त और कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि ऐसी नई तकनीकों के उपयोग की जानकारी समय-समय पर साझा की जाए।

# पुलिस के सामने से निकले हत्या कांड के आरोपी

## ड्रिंक एंड ड्राइव में बस गाड़ी जप्त, कंस्ट्रक्शन कारोबारी की गोली मारकर की हत्या

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



भिंड की पुरानी गैंगवार ने इंदौर में खूनी मोड़ ले लिया। गत दिवस बदमाशों ने कंस्ट्रक्शन कारोबारी अवितेंद्र उर्फ आशु तोमर की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी इतने शातिर निकले कि पुलिस की चेकिंग से बचते हुए फरार हो गए। बताया जा रहा है कि हत्या भाई की मौत का बदला लेने के लिए की गई।

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार रात करीब 10:20 बजे आशु तोमर पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि हत्या के पीछे पुरानी रंजिश और गैंगवार का बदला मुख्य वजह है। मृतक आशु तोमर पर वर्ष 2024 में गुलशन यादव के भाई विष्णु यादव की हत्या का आरोप था। तभी से आरोपी बदला लेने की फिराक में थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस हत्याकांड में गुलशन यादव, डीलू लहारिया, गौरव जाटव सहित अन्य बदमाशों के नाम सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपी कई दिनों से वारदात वाली जगह के सामने स्थित सर्विस रोड के एक होटल में ठहरे हुए थे। होटल संचालक बघेल के डीलू लहारिया से करीबी संबंध बताए जा रहे हैं।

### हत्या के बाद ऐसे भागे बदमाश

जानकारी के मुताबिक आरोपी दो बाइक से वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे। गोली मारने के बाद वे बॉम्बे अस्पताल चौराहे की ओर लौटे और वहां से डीलू लहारिया की कार में फरार होने की कोशिश की। इसी दौरान देवास नाका क्षेत्र में पुलिस की ड्रिंक एंड ड्राइव चेकिंग चल रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध कार को रोका भी, लेकिन आरोपी बड़ी चालाकी से सामान्य व्यवहार करते रहे। पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव कार्रवाई करते हुए कार थाने भिजवा दी, लेकिन आरोपी इसी दौरान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। बाद में जब हत्या की जानकारी और आरोपियों के सुराग सामने आए तो पुलिस को एहसास हुआ कि जिन लोगों को रोका गया था, वही हत्या के आरोपी थे।

### भिंड तक पहुंची पुलिस की टीम



हत्याकांड के बाद इंदौर पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। पुलिस की विशेष टीम भिंड रवाना की गई है। शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों और होटल रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी जल्द गिरफ्त में आ सकते हैं। इस सनसनीखेज हत्याकांड के बाद शहर में दहशत का माहौल है। सरेआम हुई फायरिंग ने एक बार फिर इंदौर की कानून व्यवस्था और पुलिस चेकिंग पर सवाल खड़े कर दिए।

## इंदौर में 10 दिनों में 9 देहदान, मानवता की मिसाल बना शहर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मां अहिल्या की नगरी इंदौर में मानवता और परोपकार की प्रेरणादायी मिसाल लगातार सामने आ रही है। पिछले 10 दिनों में शहर में नौ देहदान हुए। 11 मई से 20 मई के बीच जिन लोगों के देहदान उनमें रमेश बिल्लोरे, जीवनसिंह गिल, शंकरलाल यादव, महेंद्र केकरे, हेमलता नाहर, रामचंद्र जैसवानी, शैला चौरड़िया, शिशुपाल जुनेजा और हेमंत चौहान शामिल हैं। सभी मामलों में देहदान से पहले विशेष रूप से आंखों और त्वचा का दान किया गया, ताकि जरूरतमंद लोगों को नई रोशनी और जीवन मिल सके। इसके बाद देह को मेडिकल शिक्षा और शोध कार्यों के लिए समर्पित किया गया। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार सभी देहदान के दौरान पुलिस टीम ने शासकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया। खास बात यह कि शैला चौरडिया के परिजनों ने सादगी बनाए रखने की भावना से यह सम्मान स्थगित करने का निर्णय लिया। इन सभी देहदान प्रक्रियाओं में एमजीएम मेडिकल कॉलेज, एमके इंटरनेशनल आई बैंक, शंकरा आई बैंक, एम वाय आई बैंक तथा चोइथराम स्किन बैंक ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया।

राष्ट्रीय कार्यपरिषद की बैठक में जुटेंगे युवा

## 22 वर्षों बाद जगन्नाथ की भूमि पर विद्यार्थी परिषद का शंखनाद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन माना जाता है। ऐसे में देश के अलग अलग राज्य में परिषद अपनी विभिन्न बैठकों के माध्यम से कई विषयों पर चिंतन मनन तो करती ही है साथ में शिक्षा के बदलते स्वरूप को लेकर लगातार अपनी लड़ाई भी लड़ती रहती है।इस बार 22 साल बाद ओड़िशा भुवनेश्वर भगवान जगन्नाथ की भूमि पर कुछ बड़ा होने जा रहा है। इसकी तैयारी भी पिछले कई दिनों से लगातार जारी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का यह कार्यक्रम शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय परिसर में 29 से 31 मई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक में अलग अलग मुद्दों पर बात होगी। भारत भर के कुल 47 संगठनात्मक प्रांतों के 700 से अधिक प्रतिनिधि, शिक्षाविद और कार्यकर्ता इसमें भाग लेंगे। इसी क्रम में नेपाल और भूटान के प्रतिनिधिमंडल भी इस आयोजन में शामिल होने जा रहे है।

### महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर बनेगी आम सहमति

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. वीरेंद्र सोलंकी का कहना है कि इस बैठक में राष्ट्र की समसामयिक शैक्षिक और सामाजिक स्थिति पर विस्तृत चर्चा होगी। इसी के साथ महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक को अंतिम रूप देने के लिए एक केंद्रीय तैयारी बैठक पहले ही आयोजित की जा चुकी है। इस बैठक में विभिन्न सत्र भी आयोजित किए जाएंगे , जो कई हद तक हमारे देश और धर्म के साथ संस्कृति को प्रोत्साहन देने में भी सहयोगी बनेंगे।

# उज्जैन के चरक अस्पताल की बदहाल व्यवस्था

## गर्मी में परिजन घर से ला रहे कूलर-पंखे, मरीज जमीन पर लेटने को मजबूर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





भीषण गर्मी के बीच उज्जैन के चरक अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने के बावजूद अस्पताल के कई वार्डों में केवल सीलिंग फैन के सहारे इलाज चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि मरीजों के परिजन अपने घरों से कूलर और टेबल फैन लाकर वार्डों में लगा रहे हैं।

सबसे ज्यादा परेशानी एसएनसीयू और मातृ कक्ष में देखने को मिल रही है, जहां नवजात शिशुओं की माताएं उमस और गर्मी से बेहाल नजर आईं। उनका कहना है कि वार्डों में पर्याप्त ठंडक नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के कई वार्डों में पर्याप्त पंखों की व्यवस्था भी नहीं है। कुछ जगहों पर मरीजों को जमीन पर लेटे हुए देखा गया। बच्चों, महिला एवं सामान्य वार्डों में पलंगों के पास निजी कूलर और पंखे रखे दिखाई दिए। परिजन अपने स्तर पर मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। इधर, अस्पताल प्रबंधन ने व्यवस्थाएं सुधारने का दावा किया है। सिविल सर्जन डॉ. पलसानिया ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने हाल ही में 25 कूलर खरीदे हैं, जिनमें से 15 कूलर विभिन्न वार्डों में लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में कुल 24 वार्ड हैं और आवश्यकता के अनुसार व्यवस्थाएं बढ़ाई जा रही हैं। जिन वार्डों में एसी खराब हैं, वहां मरम्मत का काम भी शुरू कर दिया गया है।

वार्डों में मरीजों के परिजनों द्वारा निजी कूलर और पंखे लगाए जाने के सवाल पर अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी होने से इनकार किया। प्रबंधन का कहना है कि अस्पताल की ओर से किसी को निजी कूलर या पंखे लगाने की अनुमति नहीं दी गई है और इस संबंध में उन्हें कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है।

मामले में अस्पताल प्रबंधन ने व्यवस्थाएं सुधारने का दावा किया है। सिविल सर्जन डॉ. पलसानिया ने बताया कि अस्पताल प्रशासन ने हाल ही में 25 कूलर खरीदे हैं, जिनमें से 15 कूलर रात में ही विभिन्न वार्डों में स्थापित कर दिए गए हैं।

### कूलर और टेबल फैन घर से लाकर वार्डों में लगा रहे

स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि मरीजों के परिजन अपने घरों से कूलर और टेबल फैन लाकर वार्डों में लगा रहे हैं। बच्चों, महिला और सामान्य वार्डों में पलंगों के पास निजी कूलर और पंखे रखे दिखाई दे रहे हैं। परिजन अपने स्तर पर मरीजों को गर्मी से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी एसएनसीयू मातृ कक्ष में देखने को मिल रही है, जहां नवजात शिशुओं की माताएं उमस और गर्मी से बेहाल नजर आईं। उनका कहना है कि वार्ड में पर्याप्त ठंडक नहीं होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

जन्मदिन पर सांवरिया सेठ जा रहे थे 8 दोस्त; 12वीं के 7 छात्र घायल, 2 को किया इंदौर रेफर

# बदनावर बायपास पर कार खाई में गिरी...1 की मौत



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के बदनावर बायपास पर रविवार तड़के इंदौर से सांवरिया सेठ दर्शन के लिए निकली स्कॉर्पियो खाई में गिर गई। हादसे में एक शेफ की मौत हो गई, जबकि 12वीं कक्षा के सात छात्र घायल हो गए। सभी युवक 25 तारीख को जन्मदिन मनाने और दर्शन के लिए इंदौर से रवाना हुए थे। हादसा सुबह करीब 4 बजे हुआ। बताया जा रहा है कि उस समय सड़क पर अंधेरा था और आगे मृत गाय पड़ी होने के साथ-साथ सड़क पर निर्माण कार्य भी चल रहा था। इसी कारण चालक ने वाहन साइड में लेने की कोशिश की, जिससे कार असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में ग्राम मांगलिया लसुड़िया मोरी निवासी 18 वर्षीय विशाल पिता दिनेश परिहार की मौत हो गई। विशाल एक शेफ था, जो इंदौर की 78 स्कीम स्थित जाफा कैफे में काम करता था। उसके परिवार में एक बहन और एक बड़ा भाई है, जो किसी मामले में जेल में बंद है। पिता पचोर के रहने वाले हैं, जबकि परिवार फिलहाल इंदौर में रह रहा था।




### सात घायल, दो को इंदौर रेफर

हादसे में निलेश, पीयूष, चंदन, जीवन, ओम, आयुष और मिलन घायल हुए हैं। इनमें निलेश और पीयूष को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

## यूपीएससी देने आए 12 हजार से ज्यादा छात्र, केंद्र में अंदर जाने से पहले हुआ फेस ऑथेंटिकेशन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर शहर में रविवार को संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा के लिए पूरे शहर में सुरक्षा के व्यापक और कड़े प्रबंध किए गए थे। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार इस परीक्षा को पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई थीं। स्थानीय प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए इंदौर शहर में कुल 27 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन सभी निर्धारित केंद्रों पर कुल 12 हजार 104 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। यह परीक्षा दो अलग-अलग सत्रों में आयोजित की गई थी। जिसका पहला सत्र शांतिपूर्ण तरीके से पूर्ण हुआ। प्रवेश के कड़े नियम परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को बेहद मजबूत किया गया है। भीतर प्रवेश पाने के लिए अभ्यर्थियों के पास संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किया गया वैध ई-प्रवेश पत्र एक मूल पहचान पत्र होना अनिवार्य किया गया है।

## न्यूज कालम



## गौतमपुरा को मिली नई एंबुलेंस, मरीजों को अब मिलेगी चिकित्सा सुविधा

**गौतमपुरा।** जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित नगर गौतमपुरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर एंबुलेंस की कमी के कारण गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता था। नगरवासियों और ग्रामीणजनों की इस समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक मनोज पटेल ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर गौतमपुरा को नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई। नई एंबुलेंस सेवा शुरू होने से अब मरीजों को त्वरित उपचार एवं बेहतर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। एंबुलेंस मिलने से नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष का वातावरण है। विधायक मनोज पटेल ने 23 मई 2026 को नगर परिषद परिसर में आयोजित समारोह में एंबुलेंस का लोकार्पण कर इसे नगर गौतमपुरा को समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन जैनम जैन ने किया।

## बड़वानी की स्नेहा दावदे का भारतीय यू -18 महिला हॉकी टीम में चयन

**बड़वानी।** हॉकी इंडिया द्वारा जापान के काकामीगाहारा शहर मे 26 मई से 6 जून तक आयोजित होने वाली एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए यू18 महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई जिसमे बड़वानी शहर की बेटी स्नेहा दावदे को भारतीय टीम में सम्मिलित किया गया है।हॉकी कोच श्री मुकेश राठौर ने बताया कि स्नेहा दावदे द्वारा रांची में आयोजित राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप मे किए गये उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय कैंप में जगह बनाई, जहां पर ऑस्ट्रेलिया टीम से चार मैचो की सीरीज में अपने किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम में चुन ली गईं हैं। स्नेहा दावदे मिड फील्डर ( सेंटर हाफ) की भूमिका में खेलती है। स्नेहा दावदे द्वारा पूर्व मे कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है स्नेहा दावदे की यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत जुनून और अनुशासन की जीत है। स्नेहा दावदे का सपना ओलंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना है वर्तमान में ग्वालियर राष्ट्रीय महिला हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है । स्नेहा दावदे भारतीय टीम के साथ 25 मई को भोपाल से दिल्ली होते हुए जापान के लिए प्रस्थान करेगी । जहां एशिया की दिग्गज टीमो कोरिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर, जैसे सशक्त टीमों से मुकाबला होगा ।

## बड़वानी में 25 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गौरव दिवस

**बड़वानी।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मई (सोमवार) को बड़वानी का ष्गौरव दिवसष पूरी श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। गौरव दिवस के अवसर पर पावन नर्मदा नदी के तट श्राजघाटश पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जनभागीदारी के साथ कई भव्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसकी शुरूआत प्रातः 7 बजे राजघाट पर वृहद स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम से होगी,जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके पश्चात,सायं 6 बजे मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी और मां नर्मदा को भव्य चुनरी अर्पित की जाएगी। सायं 6.30 बजे पारंपरिक आटे के दीपकों से भव्य श्दीपदानश और सायं 7 बजे से श्माँ नर्मदा जी की भव्य महाआरती, प्रसाद वितरण एवं सुमधुर भजन संध्याश का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन और आयोजन समिति ने बड़वानी के सभी गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों, युवाओं और माताओं-बहनों को अपने इष्ट मित्रों और सपरिवार इस गौरवमयी आयोजन में सादर आमंत्रित किया है।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक होगी 26 मई को

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति ( उप समिति ) की बैठक 26 मई को कलेक्टर कार्यालय सभागृह में दोपहर 2 बजे से आयोजित की जावेगी।

# विश्व हिन्दू परिषद ने गौवंश हत्या व तस्करी रोकने हेतु सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



विश्व हिन्दू परिषद, गो रक्षा विभाग एवं देशी गौवंश संरक्षण संवर्धन न्यास द्वारा गौवंश हत्या एवं गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम पूर्वा मंडलोई को सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रदेश में लगातार बढ़ रही गौ तस्करी एवं गौवंश हत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं आस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौवंश की रक्षा करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गौ तस्करी एवं अवैध परिवहन के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है।विश्व हिन्दू परिषद एवं गो रक्षा विभाग के कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गौवंश हत्या एवं तस्करी में संलिप्त आरोपियों पर कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सख्त सजा दी जाए। साथ ही अवैध गौ परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाए तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान विहिप बड़वाह जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख परशुराम साठे, जिला गौ रक्षा प्रमुख मनोज केवट, महेश्वर प्रखंड मंत्री पियूष वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष चंचल अग्रवाल, प्रखंड संयोजक बादल वर्मा, सह मंत्री कार्तिक सोलंकी, प्रखंड प्रचार-प्रसार प्रमुख राजा गोखले, प्रखंड सह गौ रक्षा प्रमुख विष्णु चौहान, किशोर सिंह ठाकुर (टकन बाबा )चोली, विकास वर्मा, गौतम पाटीदार, नागेश पाटीदार, राज पाटीदार, प्रांजल तंवर, गौतम सेन, लक्की बंसल, दिव्यांश तंवर एवं नैतिक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नशे के अवैध कारोबारी गांजा तस्करी करने वाले आरोपीगणों को कारावास

**बड़वानी।** 2.789 किलो गांजा के साथ पकड़े गए आरोपीगण को न्यायालय ने ठहराया दोषी विशेष न्यायाधीश श्री ए.डी सोलंकी ने स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) न्यायालय बड़वानी द्वारा गांजा तस्करी के एक महत्वपूर्ण प्रकरण में आरोपीगण को दोषी ठहराते हुए निर्णय पारित किया गया।प्रकरण के अनुसार 11 नवम्बर 2024 को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक आदमी मोटर सायकिल से सेंधवा तरफ से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर निवाली तरफ आ रहा है उक्त सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की एवं संदेही युवक को पकड़ा जिसको आरोपी महेश पिता भीमसिंह सोलंकी, निवासी दोंदवाडा चला रहा था तथा आरोपी प्रकाश पिता गेमसिंह अलावे, निवासी पलसूद उसके पीछे मोटर सायकिल पर बैठा था। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से करीब 2.789 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपीगण के पास उक्त मादक पदार्थ रखने संबंधी कोई वैध दस्तावेज या अनुज्ञप्ति नहीं मिली। पुलिस द्वारा मौके पर विधिवत जब्ती कार्रवाई कर आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया तथा विवेचना उपरांत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने जब्ती साक्ष्य, पंच गवाहों एवं पुलिस अधिकारियों के बयान प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर न्यायालय ने आरोपीगण के विरुद्ध अपराध सिद्ध माना। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट बड़वानी द्वारा 22 मई को प्रकरण में आयी तकनिकी साक्ष्य एवं परिस्थितियों को देखते हुए आरोपीगण को दोषी पाया

# श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ धार्मिक आस्था और भक्ति भाव के साथ हो रहा है

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर

नगर के नर्मदा तट स्थित ब्राह्मण घाट पर सात दिवसीय बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ धार्मिक आस्था और भक्ति भाव के साथ जारी है।

श्री श्री 1008 राघवदास जी महाराज के सानिध्य और संत रामेश्वरदास फलाहारी उज्जैन व श्री जगदीशदास जी (राजस्थान) के मार्गदर्शन तथा आचार्य पं. दिपेश उपाध्याय, उपाचार्य पं. दिलीप, त्यागी ब्रह्मा व पं. दिलीप सोहनी के आचार्यत्व में चल रहे इस महायज्ञ में अब तक 104 जोड़े शामिल होकर यज्ञ कुंड में आहुतियां दे चुके हैं। रविवार को 22 जोड़ों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ में सहभागिता निभाई। आयोजन समिति के अनुसार 35 वर्ष पूर्व इस तरह का महायज्ञ हुआ था। सुबह से



देर शाम तक बड़ी संख्या में लोग यज्ञ स्थल पहुंच कर यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं। सोमवार को अंतिम दिन महायज्ञ में पूणार्हुति डाली जाएगी। जिसके बाद भंडारा प्रसादि का वितरण भी किया जाएगा।महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आयोजन में रोजाना लगभग 60 किलो देसी घी, 80 किलो लकड़ी, 50 किलो गाय के गोबर के कंडे तथा 120 किलो हवन सामग्री उपयोग में लाई जा रही है। मुख्य हवन कुंड में पूरे समय देसी घी की अखंड धार प्रवाहित की जा रही है, जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।श्री श्री 1008 राघवदास जी महाराज ने बताया महायज्ञ के दौरान 11 कुण्डों में से प्रधान कुंड में अखंड ज्योत प्रज्वलित रहती है। जिसके लिए पूरे समय देसी घी की अखंड धार प्रवाहित होती रहती है। उन्होंने बताया दिन के समय हवन आदि अनुष्ठान के लिए अलग ब्राह्मणों की सेवाएं ली जाती हैं। जबकि रात्रि में हवन कुंडों की सेवा और सुरक्षा के लिए संकल्पित अलग ब्राह्मण होते हैं। हर कुंड का नाम अलग होता है और हर कुंड के देवता भी अलग होते हैं। इसीलिए जो ब्राह्मण जिस कुंड का ज्ञाता होता है, वह उस कुंड की सेवा का संकल्प लेता है।

महायज्ञ की व्यवस्था में ब्राह्मण दिन-रात सेवा दे रहे हैं। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की सुगंध से पूरा नर्मदा तट भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।

# स्वच्छता से समृद्धि की ओर बढ़ा रूणजी गौतमपुरा, जैविक खाद बनाकर किसानों को मिलेगा लाभ

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ गौतमपुर

नगर परिषद रूणजी गौतमपुरा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। नगर के वार्ड क्रमांक १ से 15 तक प्रतिदिन घर-घर से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक रूप से संग्रहण किया जा रहा है। इसके बाद नगर परिषद सीमा क्षेत्र स्थित एम.आर.एफ. सेंटर पर सफाई मित्रों द्वारा अथक मेहनत से कचरे का पृथक्कीकरण कर वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण किया जा रहा है।

नगर परिषद द्वारा एकत्रित गीले कचरे से सुनियोजित ढंग से जैविक खाद तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य नगर



पालिका अधिकारी मयूरी वर्मा ने नगर परिषद द्वारा निर्मित जैविक खाद क्षेत्रीय विधायक मनोज पटेल को भेंट कर इसका प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम में आम नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घरों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग देकर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें।

नगर परिषद ने यह भी जानकारी दी कि तैयार की जा रही जैविक खाद को नगर एवं आसपास क्षेत्र के किसानों तथा आम नागरिकों के लिए विक्रय हेतु उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे किसानों को जैविक खेती के लिए बेहतर विकल्प मिल सकेगा और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष हषार्ली गगन बाहेती, नगर भाजपा अध्यक्ष प्रमोद सक्सैना, नगर परिषद उपाध्यक्ष राजा जागीरदार, विधायक प्रतिनिधि आजाद जैन, पार्षद प्रतिनिधि मोहनदास बैरागी, राजेंद्र प्रजापत, विनोद गुर्जर, महेश कुशवाह, पार्षद जमील खान, महेश भूत, शंकर ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नौनिहालों का सुरक्षित बचपन ही देश के विकास का आधार-पीएलवी महेंद्र जैन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय बुरहानपुर द्वारा मई २०२६ के मासिक कार्यक्रम के तहत सावित्रीबाई फुले शासकीय कन्या उमावि में नालसा जागरूकता योजना के अंतर्गत "सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य" विषय पर शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर खेलकूद विकास समिति, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 29वें ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के अभिभावकों व बच्चों के लिए लगाया गया।

शिविर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विधि सक्सेना के निदेर्शानुसार एवं वरिष्ठ खंड व्यवहार न्यायाधीश/सचिव प्रेमदीप सांखला के मार्गदर्शन में हुआ।



पैरालीगल वॉलेंटियर व कुटुंब न्यायालय के परामर्शदाता महेंद्र जैन, पीएलवी डॉ. किरण सिंह और पीएलवी अल्मास खान ने पॉक्सो एक्ट, नशामुक्ति एवं लैंगिक व यौन अपराधों से बाल संरक्षण संबंधी जानकारी दी।

**गुड टच-बैड टच की दी जानकारी**

शिविर को संबोधित करते हुए पीएलवी महेंद्र जैन ने कहा, "देश के नौनिहालों का सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य ही आने वाले समय में इस देश के विकास में सहायक सिद्ध होगा। हमें बच्चों को गुड टच-बैड टच, अनजान व्यक्ति से दूरी और क्या उचित-अनुचित है, इसकी समझ देना जरूरी है। यह जिम्मेदारी हर माता-पिता व शिक्षक की है।"

पीएलवी डॉ. किरण सिंह ने कहा, "हर माता-पिता व शिक्षक का कर्तव्य है कि वह बच्चों को नशे जैसी घातक वस्तुओं से अवगत कराए। नशा वह नासूर है जो जीवन को गर्त में ले जाता है। नशे से दूर रहना ही सुरक्षित बचपन और सुरक्षित भविष्य है। पीएलवी अल्मास खान ने कहा, "देश के प्रत्येक नौनिहाल के लिए सुरक्षित बचपन व सुरक्षित भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी है, क्योंकि शिक्षित व्यक्ति ही समाज में जागृति ला सकता है।"

कार्यक्रम में पधारे पीएलवी का भावभीना स्वागत किया गया। महेंद्र जैन का अशोक पवार एवं दीपक सुखेजा, डॉ. किरण ठाकुर का नयन झरने एवं विधा सतीश पाटील तथा अलमास खान का हरीश महाजन एवं ऋषभ शाह ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिविर प्रभारी सुनील गुजराती ने किया व आभार जगदीशसिंह हजारी ने माना।

## पानी की बूँद बूँद बचाने की मुहिम शुरू, सभी 130 पंचायतों के शासकीय भवनों में कराई रूफ वाटर हार्वेस्टिंग

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सभी जिलों में जलसंरक्षण के लिए हर वर्ष जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जो यह अभियान 19 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसहयोग से पानी की एक एक बूँद बचाने का प्रयास है। जिले में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कुमट द्वारा अभियान में सभी जनपद में अमृत सरोवर ,कूप रिचार्ज ,चेकडेम , स्टॉपडेम ,खेत तालाब ,नाला ट्रेन्चिंग के कार्य किए जा रहे हैं एवं पुराने कार्यों में गाद निकालने ,बावड़ी सफाई आदि कार्यों की पूर्णता की दिनरात मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में खाचरौद जनपद में प्रथम चरण में सभी 130 पंचायतों में कम से कम एक शासकीय भवन में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग करवाई गई है। इसके लिए पिछले एक हफ्ते से प्लानिंग की गयी ,तत्पश्चात सभी नोडल ,सचिव ,सहायक सचिव को वर्कशॉप के माध्यम से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की ट्रेनिंग दी गयी। इसके बाद हर 3 पंचायत पर जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को नोडल बनाया गया जिनकी उपस्थिति में पंचायत के सरपंच ,सचिव ,जीआरएस के सहयोग से सभी 130 पंचायत में उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा,जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट,जिला खनिज अधिकारी श्रीमती देविका परमार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिला खनिज अधिकारी को खनिजों के अवैध उत्खनन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 1 अप्रैल से 22 मई तक अवैध परिवहन के 15 प्रकरण ,अवैध उत्खनन के 8 और अवैध भंडारण के 3 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है। उक्त प्रकरणों में 23 लाख 56 रुपए की राशि का अर्थदंड किया गया है।

# ऑल इज वेल हॉस्पिटल का बंभाड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 40 से अधिक मरीज लाभान्वित

## डॉक्टरों ने दिए मौसमी बीमारियों से बचाव के टिप्स

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



ऑल इज वेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पि टल बुरहानपुर द्वारा रविवार 24 मई को ग्राम पंचायत बंभाड़ा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 40 से अधिक ग्रामीण मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक कराले एवं जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. ओमप्रकाश ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। डॉक्टरों ने सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी। शिविर में आए सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप किया गया। साथ ही ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच भी निःशुल्क की गई। मरीजों को आवश्यक दवाइयां और बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए।

यह स्वास्थ्य शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में एवं डॉ. प्रमोद सागर के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने हॉस्पिटल प्रबंधन की इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे शिविर लगाने की मांग की।

# आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर शांति समिति के बैठक का हुआ आयोजन

## एसडीओपी अर्चना रावत ने ली समुदाय के लोगों से जानकारी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



वरिष्ट अधिकारियों के निर्देश अनुसार आगामी त्योहार बकरीद को लेकर आज 24 मई को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में एसडीएम बड़वाह, सत्य नारायण दर्रो, एसडीओपी बड़वाह अर्चना रावत, तहसीलदार केश्या सोलंकी , सीएमओ राजेन्द्र मिश्रा, विद्युत विभाग से अमित ठाकुर, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव की उपस्थिति मे एसडीओपी अर्चना रावत के द्वारा बैठक मे उपस्थित लोगों को निर्देशित करते हुए बताया कि अपने त्योहार को शांति और सौहार्द पूर्ण तरीके मनाये कोलाहल अधिनियम के तहत जारी की गई गाइड लाइन का पालन करे बकरीद पर कुबार्नी के अवशेषों को सड़क पर ना फेंके उसे पूरी तरह डिस्पोज करें जुलूस की भव्यता को बनाये रखे इसमे प्रशासन आपकी हर सम्भव मदद के लिए तैयार है वहीं अंजुमन इस्लाम कमेटी के सदर साकेरिन शेख ने बताया कि ईदगाह पर नमाज के बाद हमें कब्रिस्तान जाना होता है और इंदौर इच्छापुर हाईवे पर कब्रिस्तान स्थित है जहां हाईवे होने से आवागमन काफी बना रहता है वहां भी पुलिस प्रशासन कुछ समय के लिए अपनी व्यवस्था बनाये रखें।बैठक मे वरिष्ठ नागरिक,पत्रकार गण एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के लिए ऋणमुक्तेश्वर पर शिप्रा पूजन का आयोजन



**उज्जैन।** शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आयोजन 25 मई को किया जाएगा। यात्रा से पहले रणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के शिप्रा नदी तट पर मां शिप्रा का विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत गादीपति महावीर नाथ के सान्निध्य में हुआ। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक शामिल हुए। महावीर नाथ ने बताया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव लंबे समय से इस यात्रा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर सुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा २५ मई को सुबह ९ बजे रामघाट से शुरू होगी। 26 को गंगा दशहरा पर शाम ५ बजे मां शिप्रा को चुनरी अर्पित कर समापन होगा।

**नारद जयंती कार्यक्रम एवं वार्षिक साधारण सभा संपन्न**

**बड़वानी।** प्रेस क्लब बड़वानी द्वारा महर्षि नारद जयंती के उपलक्ष्य में मीडिया संगोष्ठी एवं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन बावनगजा स्थित जैन तीर्थ परिसर में संपन्न हुआ।

# जल गंगा संवर्धन के तहत गंगा दशमी पर्व पर 25 मई को होंगे पूरे प्रदेश में कार्यक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बड़वानी ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमीं पर के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 25 मई को कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य शासन ने समस्त जिलों में गंगा दशमी पर्व पर आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रतलाम, मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय धार, मंत्री श्री प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर, मंत्री श्री राकेश सिंह जबलपुर, मंत्री श्री करण सिंह वर्मा सिवनी, मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह नर्मदापुरम, मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट देवास, मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना मुरैना, मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया झाबुआ, मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत सागर, मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग विदिशा, मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह निवाड़ी, मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, मंत्री श्री राकेश शुक्ला भिंड, मंत्री श्री चेतन्य काश्यप भोपाल और मंत्री श्री इंदर सिंह परमार आगर-मालवा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।इसी प्रकार राज्यमंत्री श्रीमती कृष्णा गौर सीहोर, राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र भावसिंह लोधी खंडवा, राज्यमंत्री श्री दिलीप जायसवाल मंडला, राज्यमंत्री श्री गौतम टेटवाल उज्जैन, राज्यमंत्री श्री लखन पटेल दमोह, राज्यमंत्री श्री नारायण सिंह पंवार राजगढ़, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना, राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर और राज्यमंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## न्यूज -कॉलम

### परिजनों से बिछड़ा युवक, महाकाल पुलिस ने मिलवाया



**उज्जैन।** सजग पुलिसिंग के साथ महाकाल थाना पुलिस मानवता का काम भी बखूबी कर रही है। रविवार को राजस्थान के बीकानेर से माता-पिता और बहन-जीजा के साथ महाकाल दर्शन करने आया मानसिक रूप से अस्वस्थ्य युवक मंदिर परिसर में भीड के बीच परिवार से बिछड गया और तपती गर्मी में नंगे पैर भटकता हुआ नलियाबाखल क्षेत्र तक पहुंच गया। युवक को बदहवास हालत में मीडियाकर्मी शाहीद खान ने देखा तो पूछताछ का प्रयास किया, लेकिन मानसिक अस्वस्थ्य होने पर मामले से महाकाल थाना पुलिस को अवगत कराया। थाना प्रभारी गगन बादल ने परिजनों से बिछडों को मिलवाने में भूमिका निभाने वाले एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को अलर्ट किया। एएसआई चौहान युवक को बाइक पर बैठाकर परिजनों की तलाश में निकले। युवक अपना नाम-पता ठीक से नहीं बता पा रहा है। एएसआई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया और परिजनों की तलाश शुरू की। युवक के बिछडने पर परिजन भी उसकी तलाश में मंदिर क्षेत्र के आसपास घूम रहे थे। करीब 1 घंटे बाद एक आटो चालक ने परिजनों को बदहवास हालत में युवक की तलाश करते देखा तो महाकाल थाना पुलिस से संपर्क करने की बात कहीं। परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया तो युवक और परिजनों का मिलन हो गया। युवक का नाम हरीश पिता गणेश सोनी था। परिजनों ने हरीश के मिलने पर पुलिस का आभार माना। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि देशभर से महाकाल दर्शन के लिये आने वाले परिवारों के सदस्य को भी? में बिछडने पर मिलवाने का काम एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान बखूबी निभा रहे है। पिछले कुछ सालों में सैकडो लोगों को परिवार से मिलवा चुके है। उन्होने क्षेत्र के आटो, रिक्शा, होटल, धर्मशाला संचालकों का सोशल मीडिया ग्रुप बना रखा है। गुम व्यक्ति की जानकारी मिलते ही उस पर शेयर की जाती है। जिसकी वजह से कुछ घंटों में परिजनों को खोज लिया जाता है।

### दुकान पर काम करने के एवज में युवक से मांगा हफ्ता

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान पर काम करने वाले गोपाल पिता राजेश रायकवार 21 साल निवासी राजीव रत्न कालोनी को कोट मोहल्ला क्षेत्र में प्रिंस, रोहन और एक अन्य ने रास्ता रोक दुकान पर काम करने के एवज में 500 रूपये हफ्ता मांगा। गोपाल के मना करने पर तीनों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने गोपाल की शिकायत पर तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपित मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान चलाते है। गोपाल का व्यवसाय अच्छा चलने पर तीनों ने रास्ता रोक रूपयों की मांग की है। पुलिस के अनुसार तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### तराना में बाइक से गिरे वृद्ध की 4 दिन बाद मौत



**उज्जैन।** तराना में अग्रवाल वेयर हाऊस के पास 20 मई को बाइक का संतुलन बिगडने पर शैलेन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण दीक्षित 65 साल निवासी स्टेशन रोड तराना गिरकर गंभीर घायल हो गये थे। परिजन शासकीय अस्पताल तराना लेकर पहुंचे थे। लेकिन सिर में गंभीर चोंट लगी होने पर उज्जैन रैफर कर दिया गया था। परिजन नीलगंगा थाना क्षेत्र के माधव क्लब मार्ग निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां चार दिन चले उपचार के बाद रविवार दोपहर मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्ग डायरी तराना थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### सीसीटीवी कैमरे में दिखा बुलेट चोरी करने वाला बदमाश

**उज्जैन।** शहर में दिन-रात दो पहिया वाहन चोरी की वारदात लगातार सामने आ रही है। दिनदहाडे हुई वारदात चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपति सेफरान कालोनी से सामने आई है। यहां रहने वाले देव ठाकुर ने अपनी बुलेट दोपहर के समय घर के बाहर खडी थी, शाम को बुलेट दिखाई नहीं दी तो आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुलेट का पता लगाने के लिये कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो एक बदमाश लॉक तोडकर बुलेट लेकर जाता दिखाई दिया। उक्त बदमाश के फुटेज पुलिस को सौंपे गये है। जिसके आधार पर बदमाश की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में तिरूपति सेफरान कालोनी से 5 दो पहिया वाहन चोरी हो चुके है। लेकिन पुलिस एक भी वाहन का पता नहीं लगा पाई है। चिमनगंज थाना क्षेत्र ही नहीं शहर के हर थाना क्षेत्र से आये दिन बाइक चोरी के मामले सामने आ रहे है।

शिवधाम में दिनहादडे 2 मकानों में चोरी की वारदात.....

# चोरों का पुलिस से सामान, थाना प्रभारी ने छुडाया बेग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

दिनदहाडे 2 मकानों में वारदात कर भाग रहे 2 चोरों का सामान पुलिस से हो गया। पुलिस ने पकडने का प्रयास किया, थाना प्रभारी ने बाइक पर पीछे बैठे एक चोर से बेग छीन लिया। लेकिन दोनों भागने में सफल रहे। पुलिस को चोरों का सुराग मिल गया है। संभावना है कि जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

मामला नागझिरी थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से शुक्रवार से रविवार के बीच वाहन चोरी होना सामने आ रहा था। जिसके चलते शनिवार दोपहर में सैफी पेट्रोल पंप के पास चौकी के सामने बेरिकेटिंग कर वाहनों की चैकिंग शुरू की गई थी। तभी बाइक से 2 व्यक्ति आते दिखाये दिये। जिन्हे रोकने गया तो भागने का प्रयास करने लगे। दोनों की घेराबंदी की गई इस बीच पीछे बैठे व्यक्ति का बेग उनके हाथ में आ गया। लेकिन दोनों भागने में सफल हो गये। बेग हाथ में आने पर उसमें चांदी के आभूषण रखे होना सामने आये। चोरी की शंका होने पर दोनों की तलाश शुरू की गई बदमाश तो नहीं मिले पर दोनों का सुराग मिल गया है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

इस बीच शाम को पता चला कि शिवधाम कालोनी में रहने वाले रामसहारे के दिनदहाडे चोरी की वारदात हुई है। जिनके घर से चांदी के आभूषण चोरी हुये है। रामसहारे का परिवार काम पर गया हुआ था, पुलिस ने रामसहारे से आभूषणों की तस्दीक कराई तो उनके घर से चोरी होना पाये गये। तभी खबर मिली कि शिवधाम कालोनी में रहने वाले प्रशांतिधाम कॉलेज के प्रोफेसर अजहरूद्दीन सिद्धिकी के मकान में भी बदमाशों ने वारदात को अंजाम देते हुये 30 हजार रूपये नगद और सोने के 4 से 5 तोला आभूषण चोरी हुये है। थाना प्रभारी निगवाल के अनुसार पूरी आशंका है कि दिनदहाडे दोनों वारदात को चैकिंग में पुलिस से भिडे बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर सिद्धिकी की पत्नी जैनब स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ है। दोनों की कुछ समय पहले दोनों की शादी हुई है। शनिवार को सुबह 10 बजे बाद दोनों ड्युटी पर चले गये थे। शाम को लौटने पर मकान ताला टूटा और घर सामान बिखरा होना सामने आया।



### तपती गर्मी में कालोनियों में सन्नाटा

तपती गर्मी में तापमान 42 डिग्री के करीब बना हुआ है। इस दौरान कालोनियों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। संभावना जताई जा रही है कि इसी का फायदा बदमाशों ने उठाया और सूने मकानों की रैकी कर शिवधाम कालोनी में वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को आशंका है कि चोरी करने वाले पारदी-कंजर गिरोह के हो सकते है। क्योंकि वाहन चोरी में भी सबसे ज्यादा इनकी मौजदूगी होना सामने आती है।

## कुख्यात बदमाश ने खरगोन से खरीदा था कट्टा

**उज्जैन।** फर्जी गोलीकांड में फरार 10 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को 40 दिन बाद पुलिस ने जिंदा कारतूस और देशी कट्टे के साथ हिरासत में लिया था। जिससे रिमांड पर पूछताछ जारी है। चिमनगंज थाना एसआई आर.आर. चौहान ने बताया कि ढांचा भवन में 12 अप्रैल की रात फर्जी गोलीकांड में अतिक माहूरकर घायल हुआ था। जिसने पूछताछ में गोली मारने का आरोप आला बाथम पर लगाया था, लेकिन जांच में पूरा मामला झूठा साबित हुआ था और गोलीकांड का षडयंत्र कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की साजिश होना सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 40 दिन बाद हिरासत में आने पर बदमाश के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला था। अवैध हथियार का पता लगाने के लिये रौनक गुर्जर को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि देशी कट्टा खरगोन से खरीदा गया था। पुलिस ने खरगोन में कट्टा और कारतूस उपलब्ध कराने वाले की तलाश की लेकिन जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। बदमाश रौनक का सोमवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

बदमिजाज कर्मी की पत्रकारों एवं विभागीय अधिकारियों से अभद्रता

# मिश्रा के खिलाफ भारतीय पत्रकार संघ आज ज्ञापन देगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पत्रकारों एवं जनसंपर्क विभागीय अधिकारियों से अभद्रता का आदि हो चुका बदमिजाज जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा की उदद्ंडता पर लगाम कसने के लिए भारतीय पत्रकार संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को इस कर्मी के विरूद्ध कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं आयुक्त जनसंपर्क के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दग्दी ने बताया कि जनसंपर्क विभाग के परीविक्षा कर्मी कपिल मिश्रा ने पूर्व में विभागीय अधिकारी सहायक



संचालक रोमित उईके के साथ इसने अनुशासनहीनता करते हुए अभद्रता की थी। जिसकी शिकायत के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी इसके आचरण में सुधार नहीं ला सके। इसके बाद भी कपिल मिश्रा आए दिन पत्रकारों एवं विभागीय कर्मचारियों से उलझता रहता है। विभागीय नियमों एवं कर्मचारी आचरण संहिता को ताक में रखकर यह कार्य करने का आदि है। उज्जैन जिला मुख्यालय पर यह निवास नहीं करता है । देवास से अपडाउन करना इसकी आदत बनी हुई है। इसके साथ ही कार्य की लापरवाही के हाल यह हैं की जनसंपर्क विभाग के सोश्यल मिडिया व्हाटसप अकाउंट पर खबरों को डालने के बाद कई बार डिलीट करते हुए उनमें करेक्शन कर देता है। ऐसी स्थिति में समाचार पत्रों में प्रकाशित विभाग की सूचना एवं समाचारों पर सवालिया निशान के हालात बनते हैं। एक बार समाचार प्रकाशन के लिए जारी करने के बाद उसे डिलिट किए जाने में संशोधन का उपयोग भी नहीं करता है। प्रशासनीक समाचारों में अन्य विभागीय अधिकारियों को अपमानित करने वाली भाषा एवं उद्देश्य के साथ समाचार का लेखन करता है जबकि यह खूद ही परीविक्षाकर्मी है। श्री दग्दी के अनुसार वर्ष 2028 में सिंहस्थ का आयोजन होने वाला है। उसकी जानकारी के लिए देश भर के मिडियाजन वर्तमान में जनसंपर्क विभाग से संपर्क साधने में लगे हैं। ऐसे में इस उद्दंड और बदमिजाज कर्मचारियों की वजह से शहर और जिले की व्यवहारिकता एवं अनुशासन पर प्रश्नचिन्ह खडा हो रहा है।

# ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के दूसरे चरण का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर पुलिस विभाग के मुखिया ने पिछले माह ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की थी। जिसके दूसरे चरण का शुभारंभ रविवार को किया गया। पहला चरण 21 दिनों का था। जिसमें 116 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया था।

धार्मिक नगरी में सिंहस्थ 2028 का आयोजन इस बार भव्यता के साथ किया जाना है। 2 माह की अवधि में करीब 40 करोड श्रद्धालुओं के देशभर से आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं को अवस्था का सामना ना करना पडे और सिंहस्थ के दौरान भीड प्रबंधन, यातायात प्रबंधन, आपात स्थिति से निपटने के लिये अभी से प्रदेशभर की पुलिस को आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण सेवानिवृत्त और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में दिया जा रहा है। 21 दिनों का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद दूसरे चरण की



शुरूआत ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स की रविवार को की गई। चरणबद्ध तरीके से की जा रही तैयारियों में पुलिसकर्मियों को फील्ड के साथ तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी अपने जिलों में सिंहस्थ की तैयारियों का प्रशिक्षण देगें।

दूसरे चरण का शुभारंभ पुलिस सामुदायिक भवन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, इंटेलिजेंस ए. साई मनोहर, उप पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था अंशुमान सिंह, तरुण नायक, उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेंज नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन मनीषा पाठक सोनी की उपस्थिति में दीप प्रज्वजन के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। उप पुलिस महानिरीक्षक नवनीत भसीन द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया, जिसमें विशाल धार्मिक आयोजन की दृष्टि से पुलिस प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्ता पर प्रकाश डाला गया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की प्रगति के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया और आगामी व्यवस्थाओं के लिए बनाई गई रणनीतियों की जानकारी प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों के साथ साझा की।



## नगर अध्यक्ष बनने पर भाटी का स्वागत किया

**उज्जैन।** प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी के माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी के द्वारा एवं पूजनीय गुरूजी बालयोगी उमेश नाथ जी राज्य सभा सांसद जी के आशीर्वाद से उज्जैन अनुसूचित जाति मोर्चा के जीतेन्द्र भाटी जी को उज्जैन नगर अध्यक्ष बनाये जाने पर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगो मे एक खुशी का माहुल बना हुआ है। इसी तारतम्य मे वाल्मिकी समाज अधिकारी कर्मचारी संघ सम्पूर्ण भारत इकाई उज्जैन एवं मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के द्वारा हेमराज घावरी संभाग अध्यक्ष व रवि सीहोते जिला अध्यक्ष के नेतृत्व मे संघ के प्रतिनिधि मण्डल द्वारा हमारे बडे भाई सहाब जीतेन्द्र भाटी उज्जैन नगर अध्यक्ष के निवास स्थान पहुंच कर ढोलो की गडगडा हट के साथ बाबा महाकाल का दुपट्टा ओडाकर और फूल मालाओ के साथ भव्य स्वागत सम्मान करते हुये बधाई दी गई और शुभकामनायें प्रेषित की गई इस शुभ अवसर पर उपस्थित हेमराज घावरी उज्जैन संभाग अध्यक्ष, रवि सीहोते जिला अध्यक्ष, जीतेन्द्र कुमार गोसर संभाग उपाध्यक्ष, दिनेश लावरे संभाग महामंत्री, कुन्दन गिरजे संभाग मंत्री, कमल फातरोड जिला सचिव,मुकेश रायकवार जिला सचिव, दिनेश तंवर जिला कोषाध्यक्ष, मोहन लाल करोसिया, रवि चौहान, अजय डागर, भैरुलाल मालवीय, सुनील खत्री कमल गोयल, बालमुकुंद मीणा, जानकारी संभाग मिडिया प्रभारी रामु हंस ने दी।

कॉम्बिंग गश्त में वारंटियों की धरपकड़ से भरी थानों की सलाखें ...

# आधी रात को गुंडे-बदमाशों के घरों तक पहुंची पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में कानून व्यवस्था के साथ गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिये एक बार फिर शनिवार-रविवार रात जिले में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस जहां गुंडे-बदमाशों के घरों तक पहुंची वहीं रातभर में 85 स्थाई और 110 गिरफ्तारी वारंट तामिल कराकर वारंटियों को थाने लाया गया। पुलिस रात में गुंडे-बदमाशों के घरों तक भी पहुंची और उनकी गविधियों की जानकारी प्राप्त कर अपराध नहीं करने की हिदायत दी।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों की धरपकड, निगरानी बदमाशों पर नियंत्रण और आमजन में सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार-रविवार रात को जिले में एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों के साथ 600 पुलिसकर्मियों ने एक साथ कॉम्बिंग गश्त की। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 85 स्थाई वारंट और 110 गिरफ्तारी वारंटियों को पकडा। रविवार को सभी को न्यायालय में पेश किया गया है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान 5 वसूली वारंट भी तामील कराये गये है। जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। हत्या, लूट, नकबजनी, अवैध हथियार और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त 20 से अधिक आरोपियों की



विशेष चेकिंग की गई। गश्त के दौरान 50 से अधिक जिलाबदर आरोपियों की चेकिंग और सत्यापन किया गया। सभी आरोपियों की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उन्हे आदेशों का पालन करने हेतु निर्देश दिये गये है। पूरे जिले में 150 से अधिक निगरानी बदमाश, गुंडा लिस्ट में शामिल बदमाश, चाकूबाजी में शामिल अपराधियों के घर जाकर पुलिस द्वारा सत्यापन के साथ चेकिंग की गई।

### फरार 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

कॉम्बिंग गश्त के दौरान रात में पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास में शामिल 4 फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें पंवासा थाना क्षेत्र में हुये हत्या के प्रयास में शामिल बंटी उर्फ युवराज पिता जसवंतसिंह राजपूत, रणजीत सिंह पिता गोवर्धनसिंह राजपूत निवासी ग्राम रूदाहेडा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बड़नगर में हुई व्यापारी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी आदर्श पिता निलेश शाह निवासी पलदूना इंगोरिया की गिरफ्तारी की गई। माकडोन पुलिस ने फरार आरोपी धर्मेन्द्र पिता हिंदूसिंह गुर्जर निवासी भगवतपुर को हत्या के प्रयास में गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया।

### एक माह में दूसरी बार कॉम्बिंग गश्त

शनिवार-रविवार रात को जिले में हुई कॉम्बिंग गश्त से एक माह पहले 25-26 अप्रैल को भी पुलिस ने पूरे जिले में 600 पुलिस कर्मियों के साथ कॉम्बिंग गश्त की थी। उस दौरान 295 स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड की गई थी। एक माह में 2 बार हुई कॉम्बिंग गश्त के बीच कंजर-पारदी डेरों पर पूरे जिले में दबिश देकर दर्जनों संदिग्धों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया था।


## अंतिम यात्रा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करने में आता है कि

**राजेश जी गुप्ता लालाजी**

सुपुत्र स्व. श्री ताराचंद जी गुप्ता, श्याम गुप्ता के बड़े भाई, कुशाग्र गुप्ता के बड़े पापा देवासगेट वालों का स्वर्गवास हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 25.05.2026, सोमवार को उनके निज निवास देवासगेट, उज्जैन से सुबह 10 बजे चक्रतीर्थ के लिए जाएगी।

शोकाकुल

**समस्त गुप्ता परिवार**

फर्म – * श्री कृष्ण मिष्ठान * होटल श्री राधेय * होटल श्री चिराग पैलेस * होटल श्री श्याम पैलेस * श्री श्याम गार्डन

# मुक्ति हमारा स्वभाव



मन हमारे आनंद का आवरण करता है। आखिर हम यह कैसे जानते हैं कि हमारा अस्तित्व है? यदि आप कहें कि हमारे चारों ओर फैले हुए जगत के कारण, तो गहरी नींद में आप थे, ऐसा आप कैसे जानते हैं?

आप पूछ रहे हैं कि मन से मुक्ति कैसे हो? मैं आपसे पूछ रहा, क्या मन स्वयं को नष्ट करना चाहता है? मन अपने आप को नष्ट नहीं कर सकता। आपका काम है, मन की सच्ची प्रकृति को जानना। तब आप जानेंगे कि मन है ही नहीं। जब आत्मानुसंधान किया जाता है, तब मन कहीं भी नहीं है। आत्मा में रहकर मनुष्य को मन के बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है।

मुक्ति हमारा स्वभाव है। वह हमारा दूसरा नाम है। हमारी मुक्ति की चाह आश्चर्यकारक है। यह ऐसा है, जैसे कोई मनुष्य, जो छाया में है, स्वेच्छा से छाया छोड़कर सूर्य की गरमी में जाता है। वहां असह्य ताप से पीड़ित होकर, बड़े परिश्रम से छाया में वापस आता है और आनंद से कहता है- आह! छाया कितनी मधुर है। आखिरकार छाया में आ ही गया। हम सब ठीक ऐसा ही करते हैं। हम सत्य से अलग नहीं हैं, किंतु कल्पना करते हैं कि हम भिन्न हैं, अर्थात हम स्वयं भेद खड़ा करते हैं, फिर उससे मुक्त होने के लिए कठोर साधना करते हैं और आखिर एकता का अनुभव करते हैं। क्यों कल्पना से भेद खड़ा करके, तब उसे नष्ट करना चाहिये? आपकी सत्ता के अलावा आनंद और क्या है? आप आनंद रूप सत्ता से अलग नहीं हैं। इस समय आप सोचते हैं कि आप मन या शरीर हैं, जो परिवर्तनशील तथा नश्वर है, पर वस्तुतः आप अविकार और नित्य हैं। यही आपको जानना है।



सम्पादकीय

## तेल की कमी और मंदी

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को यदि जल्दी सुलझाया नहीं गया, तो जुलाई से पूरी दुनिया में ऊर्जा संकट खतरनाक स्तर पर पहुंच जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने साफ चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया से तेल निर्यात में कमी के चलते तेल भंडारों में बड़ी कमी आ रही है और अब वैश्विक तेल बाजार बड़े खतरे की ओर बढ़ रहा है। कोई दोराय नहीं कि दुनिया को बड़ी मंदी से बचाने के लिए होर्मुज को पूरी तरह से और बिना शर्त खोलना होगा। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों के लिए अधिक रणनीतिक तेल भंडार जारी करने की परंपरा रही है और मार्च तक इसकी ठीक से पालना हुई है। उसके बाद से भंडारण के लिए लगभग 20 प्रतिशत तेल ही पहुंच पा रहा है। ज्यादातर देश दैनिक तेल आपूर्ति की व्यवस्था में ही परेशान हैं, तो भंडारण का क्या किया जाए? धीरे-धीरे देशों के अपने तेल भंडार भी खाली होने लगे हैं और यह एक बड़े खतरे का संकेत है।

ब्रिटेन जैसे कुछ देशों में तेल की खपत में कमी आई है, पर ज्यादातर देशों में तेल की खपत को कम करना आसान नहीं है। भारत में ही तेल की खपत घटाने की अपील को देश के एक बड़े तबके ने नकारात्मक रूप से लिया है। बचत की अपील को सरकार की कमी या कमजोरी मानने वाले लोग भी कम नहीं हैं। हां, बचत से समस्या पूरी तरह नहीं सुलझेगी, लेकिन जरूरत भर के तेल के इंतजाम में कुछ सहूलियत हो जाएगी। बहरहाल, ऊर्जा क्षेत्र पर भू-राजनीति की इतनी गहरी और व्यापक छाया पहले कभी नहीं देखी गई थी। एक भय यह भी है कि दुनिया के अनेक देशों में सत्ता परिवर्तन की स्थितियां बनेंगी। विपक्षी या चरमपंथी पार्टियां बढ़ती महंगाई को मौजूदा सरकार की नाकामी बताकर राजनीति कर सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक भी इस ओर इशारा कर रहे हैं। हालांकि, यह समस्या वैश्विक है। पश्चिम एशिया में संकट के सुलझते ही या होर्मुज में यातायात के खुलते ही अर्थव्यवस्थाएं पटरी पर लौटने लगेंगी। वैसे, अभी भारत जैसे देशों में चिंता बहुत ज्यादा है। भारत पर संकट दोहरा या तिहरा है। अनुमान के अनुसार, भारत के 1 करोड़ 90 लाख लोग विदेश में काम करते हैं, इनमें से 90 लाख अकेले खाड़ी के देशों पर निर्भर हैं। खाड़ी में हालात बिगड़ने से वहां से भारतीय कामगार लौट रहे हैं और यहां से जा नहीं पा रहे हैं। इससे होगा यह कि बेरोजगारी बढ़ेगी और विदेश से आने वाले धन में भी कमी आएगी।

परदे के पीछे का खतरा

## विचारधारा और चेहरे नहीं, मुफ्त की रेवड़िया जीत रही चुनाव



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

देश में मौजूदा राजनितिक दलों द्वारा चुनाव पूर्व एक से बढ़कर एक मुफ्त सुविधाओं की घोषणाओं का आकर्षण मतदाता को लगातार लुभा रहा हैं। मतदाता सियासी दलों की रेवड़ी संस्कृति से खासा प्रभावित दिखाई दे रहे हैं। यह मुफ्त की सुविधाएं देश के आमजन के लिए मतदान का मुख्य आधार बन गयी हैं। चुनाव में मुफ्त सुविधाओं का बढ़ता प्रचलन और मतदाताओं के मन में मुफ्त की रेवड़ियों के प्रति बढ़ते आकर्षण को देखकर कोई भी राजनैतिक पार्टी यह दावा करने की स्थिति में नहीं हैं, की चुनाव हमारी विचारधारा ने या फिर हमारे इस नेता के चेहरे के बल पर जीता गया हैं। क्योंकि जीत तो मुफ्त की सुविधाएं रही हैं।

मुफ्त की रेवड़ियों ने देश के आम नागरिक को निष्क्रिय, निकम्मा और अकर्मण्य बना दिया हैं। देश में मौजूदा राजनैतिक दल एनकेन प्रकारेन चुनावी रण में विजय होने के लिए अपनी विचारधारा सहित देश की जड़ो को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। इस काम में कोई एक दल नहीं सब के सब लगे हुए हैं और लगातार बढ़ रहे हैं। दलों के नेता, कार्यकर्ता जीत का जश्न बना रहे हैं, वह अपने दल के नेताओं से मजबूती से यह कहने की स्थिति में नहीं हैं की मुफ्त की सुविधाओं के बढ़ते प्रचलन को रोका जाना चाहिए। भारत की राजनीति में मौजूद सभी दल बेरोजगारों, किसानों, गरीबों, दिव्यागो एव महिलाओं के नाम पर दी जाने वाली आर्थिक सहायताओं की घोषणा चुनाव पूर्व अपने घोषणा-पत्रों में करते हैं। चुनावी जीत के बाद इस पर अमल भी होता हैं, पूर्व चुनावों में की गयी घोषणाए राज्य और राष्ट्र के खजाने पर आर्थिक बोझ का महत्वपूर्ण कारण बन गयी हैं। राज्य सरकारें कर्ज लेकर हर माह किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं को सहायता राशि प्रदान कर रही हैं। जबकि राजनैतिक दलों को देश के किसानों, बेरोजगारों, महिलाओं और गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास करना चाहिए। जनकल्याण के नाम पर जनता को निष्क्रिय बनाती मुफ्त की रेवड़ियों का यह सिलसिला कहाँ जाकर रुकेगा इसे कौन रोकेगा कहना मुश्किल हैं।

अभी हाल में पांच राज्यों के चुनावों पर आते हैं, जिसमे तमिलनाडु में टीवीके ने अभिनेता थालपति विजय के नैतृत्व में सबसे अधिक सीटे प्राप्त की और बहुमत भी सिद्ध किया। पार्टी टीवीके ने महिलाओं को कलाईनार मग उरमाई थिट्टम के तहत 2500 रु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की, जिसके तहत मई 2026 को 1000 रु सभी लाभार्थियों के खातों में भेज दी गयी। टीवीके ने मुफ्त गैस सिलेंडर, गरीब बेटियों की शादी, बेरोजगारों को आर्थिक सहायता देने का वायदा भी किया था। जबकि तमिलनाडु की पूर्ववर्ती एमके स्टालीन सरकार महिलाओं को कलाइगणार मगलीर उरीमाई थोगईं योजना के तहत 1000 रु मासिक की आर्थिक सहायता दे रहे थी। टीवीके के द्वारा 1000 के स्थान पर 2500 का पैकेज अधिक आकर्षण वाला दिखाई दिया। तमिलनाडु में आकर्षक घोषणा-पत्र विजय रहा, जबकि टीवीके इस विजयी को अभिनेता थालपति विजय के चेहरे पर जितना बता रही हैं।

बंगाल चुनाव जहां भाजपा ने टीएमसी को पराजित कर राज्य में पहली बार सरकार बनाई का दावा हैं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के कुशल संगठन ने बंगाल का किला फतह किया। बंगाल में पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार महिलाओं को लक्ष्मी भंडार योजना के तहत समान्य वर्ग की महिलाओं को 1500 एवं एससी, एसटी वर्ग की महिलाओ को 1700 रु मासिक आर्थिक सहायता प्रदान कर रही थी। भाजपा ने अपने संकल्प-पत्र में अन्नपूर्णा योजना के तहत 3000 रु मासिक राशि दिए जाने की बात कही पैकेज आकर्षक था। बंगाल में भाजपा विजय रही।

यही बात केरल कांग्रेस नैतृत्व वाले युडीएफ ने इंदिरा ग्यारंटी के नाम पर महिलाओ के लिए मुफ्त परिवहन, बुजुर्गो के लिए सामजिक सुरक्षा की राशि 3000रु तक बढ़ाने सहित आकर्षक चुनावी घोषणा -पत्र मतदाताओं के आकर्षण का केंद्र रहा।

असम और पंडूचेरी के चुनाव में भी मुफ्त की सुविधाएं चुनाव जिताओ साबित हुई हैं। इन पांचो राज्यों में विजय का प्रमुख आधार विजयी दल के घोषणा-पत्र में उल्लेखित लुभाती मुफ्त की रेवड़िया रही हैं। मुफ्त की इन घोषणाओ के साथ धर्म, जाति, भाषा की राजनीति ने सहयोगी की भूमिका निभाई। यह विकसित, प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत के लिए विचारणीय प्रश्न हैं, की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 81.35 करोड़ लोगो को मुफ्त अनाज प्रदान किया जाता हैं। यह देश की कुल आबादी का करीब दो तिहाई हिस्सा हैं। राज्य और केंद्र द्वारा चुनाव जितने के लिए दी जाने वाली मुक्त सुविधाओं के वितरण का इतिहास बहुत पुराना हैं। इसमें कोई एक दल नहीं देश के मौजूदा सभी राजनैतिक दल समान रूप से उत्तरदायी हैं। मुफ्त की सुविधाओं (फ्रीबीज) या रेवड़ी कल्चर पर सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई हैं। अदालत का स्पष्ट मत हैं कि बिना सोचे-समझे सभी को मुफ्त चीजें बांटने से लोगो कि काम करने कि आदत खत्म होती हैं और देश के आर्थिक विकास पर बुरा असर पड़ता हैं। यदि सुबह से शाम तक जब सरकारें मुफ्त खाना, बिजली और अन्य सुविधाएं देंगी, तो लोग काम क्यों करेंगे।

कुलमिलाकर राजनैतिक दलों द्वारा चुनाव जितने के नाम पर बढ़-चढ़कर मुफ्त सुविधाओं कि घोषणाए देश को आत्मनिर्भर बनाने कि दिशा में बड़ी बाधा बन गयी हैं। देश कि बड़ी आबादी आरामतलबी, निष्क्रिय और अकर्मण्य हो गयी हैं। राज्यों के खजाने खाली हैं।

भारत कि मजबूती के लिए मुफ्त सुविधाओं कि इस घुड़दौड़ को रोकना होगा। आत्मनिर्भर भारत के लिए जरूरत हैं, सक्रिय मेहनती और कर्मशील हाथों कि जो पहाड़ों को खोदकर रास्ता बना ले, जो खेतों को जोत कर फसलों को लहलहा देवें, जो नदियों पर बाँध बनाकर नदियों का प्रवाह रोक दे, जो निर्माण कर सके। देश कर्मठता से बनता हैं, मुफ्त कि सुविधाएं देश कि आबादी को अकर्मण्य बना रही हैं। देश कि जनता, राजनैतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, सामजिक संगठनो के कार्यकताओं को यह समझना चाहिए कि उन्नत, प्रगतिशील और आत्मनिर्भर भारत मुफ्त सुविधाओं के बल पर नहीं बनाया जा सकता हैं। इस पर राष्ट्रहित में सख्ती होनी चाहिए।

## क्या आप दुबला होना चाहते हैं?

इस देश में मोटापा कोई शारीरिक बीमारी नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रीय घोटाला और सामाजिक अपराध माना जाता है जिसे देखते ही मोहल्ले की हर निकम्मी आंटी और दफ्तर का हर खूसट सहकर्मी साक्षात सुप्रीम कोर्ट का जज बनकर आपके खिलाफ फैसला सुनाने लगता है। जून की इस कड़कड़ाती धूप में जब लोहा तक पिघलकर पानी हो जाता है, तब भी हमारे जिद्दी पेट की चर्बी के लोथड़े शरीर से ऐसे चिपके रहते हैं जैसे कोई महाभ्रष्ट नेता अपनी सरकारी कुर्सी से चिपका रहता है। दुबले होने के नाम पर लोग सुबह-सुबह पार्कों में चड्डी-बनियान पहनकर ऐसे हांफते हुए सरपट दौड़ते हैं मानो यमराज का सगा भैंसा अपनी पूरी रफ्तार से सींग उठाए उनके पीछे पड़ गया हो, पर नतीजा ढाक के वही तीन पात निकलता है। हमारे यहाँ वजन कम करने के सारे पारंपरिक तरीके और महंगे जिम असल में पूंजीपतियों की एक बहुत बड़ी और खोखली साजिश हैं, इसलिए हमें इस बेडौल व्यवस्था पर करारी चोट करते हुए कुछ ऐसे खूंखार और आत्मघाती नुस्खे अपनाने होंगे जो आपके वजन के साथ-साथ आपके खानदान के अहंकार को भी पूरी तरह सुखाकर पापड़ कर दें। इस पावन और चर्बी-नाशक यात्रा का पहला दिव्य उपाय तो यही है कि आप अपने घर के उस सबसे बड़े और चिकने आईने को तुरंत पत्थर मारकर फोड़ दें जो सुबह-सुबह आपकी तोंद को किसी सरकारी फाइल की तरह तीन गुना फुलाकर दिखाता है, क्योंकि जब तक यह कड़वी सच्चाई सामने दिखेगी नहीं, तब तक मन में खाने के प्रति घोर वैराग्य और आत्मग्लानि का सुंदर भाव पैदा ही नहीं होगा।

वजन घटाने के इस महायज्ञ में हरी घास चबाना और उबली सब्जियां खाना कोरा पाखंड है, क्योंकि असली समस्या भोजन नहीं बल्कि इस निकम्मे समाज की अकर्मण्यता है जो बिना बात के दूसरों का पेट नापती फिरती है।



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 25 मई 2026 सोमवार
सूर्योदय - 05:46 सूर्यास्त 19:01
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - दसमी 05:11 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - उत्तराफाल्गुनी 04:08 उपरांत हस्त
योग - वज्र 03:15 उपरांत सिद्धि
करण - तैतिल
चन्द्रमा - सिंह में है। 09:07 पर कन्या में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 07 तारिख

**मेष-** नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**वृषभ-** कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। धनार्जन होगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

**मिथुन-** मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**कर्क-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें।

**सिंह-** नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा।

**कन्या-** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा।

**तुला-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक-** नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रमाद न करें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**धनु-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर-** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**कुंभ-** कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे।

**मीन-** नौकरी में रुतबा बढ़ेगा। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

व्यंग्य

## गंजे होने के लाभ



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

जीवन में तीन शाश्वत सत्य हैं मृत्यु, संघर्ष और गंजत्व। पहला सत्य और दुसरा सत्य सामान्यतः प्रत्येक प्राणी का सत्य है किंतु तीसरा सत्य बिरले लोगों को ही उपलब्ध होता है। मै भी उन बिड़ले लोगों में से एक हूं। मुझे जीवन की भरी दोपहरी में ही गंजत्व की प्राप्ति हो गई थी। इसमें मजे की बात तो ये है कि इसके लिए मुझे किसी बोधि वृक्ष की छाया में भी नहीं बैठना पड़ा था।

सयाने लोग बोलते नहीं थकते कि जो होता है अच्छे के लिए होता है। पर भला भरी जवानी में बूढ़े जैसा हो जानें में भला कौनसा हमारा हित छिपा है। खैर ये बात तो है कि गंजत्व उतना बुरा भी नहीं है जितना दिखाया जाता है। कायदे से देखेंगे तो कई फायदे दिखाई देंगे। फैशन की दुनिया में तरह तरह की हेयर स्टाईल का डंका बजता रहता है। सभी बालधारी अपना अमूल्य समय इसी दुविधा में नष्ट कर देते है कि कौनसी हेयर स्टाईल उनको सूट करेगी। पहले तो यही चयन करना अत्यंत कठिन काम है। जाने किस किस के तलवे चाटने पड़ते हैं, उनके ओपिनियन के लिए और वो भी अपनी औकात भूलकर लाश की तरह अकडें जाते हैं। जी तो यही चाहता होगा कि ससुरे का दाह संस्कार ही कर डाले मगर उसकी जूती के नीचे बालधारियों की उंगली दबी रहती है। कुछ कर भी नहीं कर सकते बेचारे। यहां तक तो ठीक ठाक है, लेकिन हेयर ड्रेसर पुरानी शब्दावली में नाई, की स्थिति तो बालधारियों के लिए ब्रह्मा से किसी भी तरह से कम नहीं है। जिसका कहा गया हर शब्द अकाट्य होता है। उसके चेहरे पर भावों के उतार चढ़ाव से बालधारियों की धड़कनों का ग्राफ नियंत्रित होता है। ऐसे तनाव ग्रस्त वातावरण में भला उन बालधारियो का बीपी और शुगर का हाल क्या होगा। जरा सोच कर तो देखो गंजे भाइयों। बालधारियों को कितने व्यर्थ के कार्यों में अपनी ऊर्जा नष्ट करना पड़ती है। गंजा व्यक्ति इसी बची ऊर्जा से अनेक कार्य समाज और राष्ट्र के हित में कर सकता हैं जो हो सकता है भविष्य में उसे गांधी, फूले ,दभोलकर के रुप में इस नश्वर संसार में स्थापित कर दे। हेयर ड्रेसर यानि हम गंजों का ब्रह्मा, यदि उसके दृष्टिकोण से सोचे तो गंजत्व के लाभ ही लाभ दिखाई पड़ते हैं। सबसे पहले तो हम गंजों को देखते ही उसका दिल गार्डन गार्डन हो जाता है। मेरे हाकिम का तो यहीं कहना है कि वह बाल काटने के नहीं मुझसे तो बाल ढूंढने के पैसे लेता है। एक बालधारी की कटिंग में लगे समय में चार गंजत्व प्राप्त बंदों की कटिंग हो जाती है। कम मेहनत, कम समय और ज्यादा कमाई भला किस को पसंद नही आयेगा। हम गंजों को देखकर हमारा ब्रह्मा का चेहरा गोभी के फूल की तरह खिल उठता है।

गंजे होने का सबसे बड़ा लाभ तो आज की दुनिया में यहीं दिखता है कि गंजे लोग बुढ़ापे से पहले ही बूढ़े दिखने लगते है। और यहीं उनका प्लस पॉइंट बन जाता है। जब नवयौवनाएं बिना संकोच से उनसे बतियाने लगती है यही सोचकर कि ये गुजरा हुआ वक्त भला कर क्या लेगा। और गंजा जो वाकई में युवा है सिर्फ बूढ़ा दिखता हैं ,मन ही मन प्रफुल्लित होकर प्राप्त अवसर का रसास्वादन करता रहता है। बस उसको अपनी सहन शक्ति को उस स्तर तक ले जाना होता है जहां पर वो अंकल जी, दादाजी जैसे सम्बोधन सहजता से सुन सके बिना चेहरे पर कोई शिकन लाए।

वृद्धा अवस्था में तो तकरीबन सभी पुरुष गंजत्व को प्राप्त हो जाते है। मर्द बेचारा ज़िंदगी भर सुंदर दिखने के लिए बालों पर बेरहमी से कैची चलवाता रहता है और कई बार तो किसी खास अपने के गुजर जाने पर मियां उस्तरे को भी अपने सर की उपजाऊ जमीन गुजरने के लिए देना पड़ती हैं। यूं बापड़े बालों को उस्तरे की निर्ममता का भी सामना करना पड़ता है । सो वो तो खार खाए बैठे रहते है कि मौका मिले नही कि उड़े नहीं। और उनको उड़ने के लिए पंखों की भी आवश्यकता नहीं होती हैं। यह प्रक्रिया इतनी धीमी होती है कि पता ही नहीं चलता जैसे हथेली से रेत का फिसलना ।

## जनस्वास्थ्य पर बाजार का बढ़ता कब्जा



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य केवल चिकित्सा सेवा का प्रश्न नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व का विषय भी है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों के स्वास्थ्य स्तर से मापी जाती है। यदि समाज का बड़ा हिस्सा उपचार, दवाइयों, पोषण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाए, तो आर्थिक विकास के दावे खोखले साबित होते हैं। दुर्भाग्य से पिछले कुछ दशकों में भारत सहित विश्व के अनेक देशों में स्वास्थ्य क्षेत्र का तेजी से बाजारीकरण हुआ है। स्वास्थ्य सेवा, जो मूलतः मानव अधिकार मानी जानी चाहिए थी, धीरे-धीरे लाभ कमाने वाले उद्योग में बदलती चली गई। निजी अस्पतालों, महंगी दवाओं, बीमा-आधारित उपचार और कॉरपोरेट चिकित्सा व्यवस्था ने आम नागरिक, विशेषकर गरीब और ग्रामीण वर्ग, को स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर कर दिया है। ऐसे समय में भारतीय राज्य की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है कि वह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करे और जमीनी स्तर तक उसकी पहुँच सुनिश्चित करे। भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या असमानता है। महानगरों में अत्याधुनिक अस्पताल और सुपर-स्पेशियलिटी सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जबकि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पर्याप्त डॉक्टर, दवाइयाँ और उपकरण नहीं हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुँच किसी भी लोकतांत्रिक राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। लेकिन भारत में स्थिति यह है कि लाखों लोग केवल आर्थिक अभाव के कारण उपचार नहीं करा पाते। निजी अस्पतालों का खर्च इतना अधिक है कि एक गंभीर बीमारी पूरे परिवार को गरीबी में धकेल सकती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य खातों की रिपोर्टें बताती हैं कि भारत में स्वास्थ्य पर होने वाला ह्वआउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडिचरह्व अभी भी बहुत अधिक है। इसका अर्थ है कि लोगों को इलाज का बड़ा हिस्सा अपनी जेब से देना पड़ता है। यही बाजारीकरण का सबसे खतरनाक परिणाम है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सबसे पहले राज्य को प्राथमिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना होगा। भारत के गाँवों और छोटे कस्बों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। लेकिन अधिकांश केंद्रों में डॉक्टरों की कमी, दवाइयों का अभाव, खराब भवन और उपकरणों की कमी जैसी समस्याएँ बनी रहती हैं। सरकार को स्वास्थ्य बजट में पर्याप्त वृद्धि करके इन संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना चाहिए। प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित डॉक्टर, प्रशिक्षित नर्सें, लैब सुविधाएँ और आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराना अनिवार्य होना चाहिए। यदि प्राथमिक स्तर पर ही रोगों की पहचान और उपचार संभव हो जाए, तो बड़े अस्पतालों पर दबाव कम होगा और गरीब लोगों को शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं का विकेंद्रीकरण भी आवश्यक है। केवल जिला अस्पतालों पर निर्भर रहने से दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। राज्य सरकारों को पंचायत स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना चाहिए। आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेवाएँ और सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को मजबूत बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और प्राथमिक उपचार को बढ़ावा दिया जा सकता है। कोविड-19 महामारी के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकताओं की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण होती है।

धर्म-आस्था

## क्या सहस्त्रार चक्र के असंतुलन से होता है डिप्रेशन?

सहस्त्रार चक्र को भले ही अध्यात्म और आध्यात्मिक जागृति से जोड़ा जाता है लेकिन ये भी सच है कि शरीर के सातों चक्रों की ऊर्जा का असंतुलन अलग-अलग स्वास्थ्य समस्याओं का भी कारण बनता है। सहस्त्रार चक्र को योग में शरीर में सात प्रमुख चक्रों में सर्वोपरि माना गया है क्योंकि इसकी ऊर्जा अगर जागृत हो जाए और संतुलित रहे, तो मनुष्य आत्मज्ञान पाने की क्षमता पा लेता है। सिर के ऊपर स्थित यह चक्र क्राउन चक्र भी कहलाता है। इसे चेतना, आत्मिक शांति, ज्ञान और ईश्वर से जुड़ाव का केंद्र माना जाता है। आध्यात्मिक मान्यताओं के अनुसार जब सहस्त्रार चक्र संतुलित होता है, तो व्यक्ति मानसिक रूप से शांत, सकारात्मक और जीवन के प्रति जागरूक महसूस करता है।जैसा कि, हम सभी देख रहे हैं कि आज के समय में तनाव, चिंता और मानसिक थकान जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कई लोग डिप्रेशन से जूझ रहे हैं, जिसका असर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर पड़ता है। आधुनिक चिकित्सा जहां इसे मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी स्थिति मानती है, जबकि योग और आध्यात्मिक परंपराओं में इसे ऊर्जा संतुलन से भी जोड़कर देखा जाता है और यहीं इसे सहस्त्रार चक्र की ऊर्जा से भी जोड़कर देखा जाता है।

### डिप्रेशन और सहस्त्रार चक्र का संबंध

डिप्रेशन केवल मानसिक रोग नहीं, बल्कि आध्यात्मिक असंतुलन का भी संकेत हो सकता है। अध्यात्म के अनुसार, सहस्त्रार चक्र की ऊर्जा का



असंतुलन मनुष्य में अलगाव, खालीपन और निराशा पैदा करता है। इसे मानसिक थकान, उद्देश्यहीनता और भावनात्मक असंतुलन से भी जोड़ा जाता है। यही स्थिति अक्सर डिप्रेशन से जुड़ जाती है। जब सहस्त्रार चक्र बंद होता है, तो शरीर और मन में ऊर्जा का प्रवाह रुक जाता है, जिससे मानसिक थकान और उदासी बढ़ती है। सहस्त्रार चक्र के अवरुद्ध होने पर व्यक्ति को जीवन का उद्देश्य नहीं दिखता, जिससे निराशा और उदासी बढ़ती है। यह चक्र हमें ब्रह्मांड और उच्च चेतना से जोड़ता है। असंतुलन होने पर व्यक्ति खुद को अकेला और असहाय महसूस करता है। जब यह चक्र खुलता है, तो डिप्रेशन की गहराई कम होती है और व्यक्ति को शांति, आशा और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। सहस्त्रार चक्र को संतुलित करने के उपाय

### ध्यान और प्रार्थना

सहस्त्रार चक्र को सक्रिय करने के लिए ध्यान, मौन और प्रार्थना सबसे प्रभावी हैं। नियमित ध्यान को मन शांत करने और मानसिक संतुलन बढ़ाने में सहायक माना जाता है। खासतौर पर क्राउन चक्र मेडिटेशन का अभ्यास कई लोग करते हैं।

### प्रकृति से जुड़ाव

खुले आसमान के नीचे बैठना, सूरज की रोशनी लेना और प्राकृतिक वातावरण में समय बिताना सहस्त्रार चक्र को संतुलित करता है। आध्यात्मिक परंपराओं में सकारात्मक विचारों और कृतज्ञता की भावना को सहस्त्रार चक्र के लिए लाभकारी माना गया है।

### सफेद और बैंगनी रंग

इन रंगों का प्रयोग वस्त्र, दीपक या ध्यान में करने से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। ध्यान रहे कि यदि कोई व्यक्ति लंबे समय से उदासी, निराशा या तनाव महसूस कर रहा हो, तो मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लेना बेहद जरूरी है। ध्यान, योग और आध्यात्मिक अभ्यास कुछ लोगों को मानसिक शांति देने में मदद कर सकते हैं, लेकिन जरूरत पड़ने पर पेशेवर चिकित्सा और थेरेपी लेना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,54,400 रवा- 1,54,200 चांदी-टंच- 2,58,800 पाट- 2,57,800।


### उज्जैन किराना
**अशोक कुमार भगवानदास**
152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




## बस स्टैंड पर प्राइवेट बसों की जांच फिटनेस व दस्तावेज किए चेक

**सुसनेर।** जिलेभर में चलाए जा रहे लोक परिवहन बसों के विशेष चेकिंग अभियान के तहत सुसनेर बस स्टैंड पर पुलिस विभाग द्वारा प्राइवेट बसों की सघन जांच की गई। इस दौरान बसों के फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, वैध दस्तावेज, फायर सेफ्टी उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स एवं इमरजेंसी एग्जिट सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जांच अभियान के दौरान एसआई एम एम खान, कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह चौहान एवं प्रेमसिंह राठौर सहित पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस द्वारा बस चालकों एवं परिचालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बस संचालकों को चेतावनी दी कि बिना फिटनेस, वैध बीमा अथवा सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली बसों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान बसों की स्थिति का भौतिक सत्यापन भी किया गया। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की जांच कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## कोर्ट परिसर के पास शीतल प्याऊ का शुभारंभ, राहगीरों को मिलेगी राहत

**श्री आदर्श महावीर नवयुवक मंडल की पहल**



**महिदपुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए सामाजिक सरोकार निभाते हुए श्री आदर्श महावीर नवयुवक मंडल द्वारा स्थानीय कोर्ट परिसर के समीप शीतल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ स्वर्गीय मातुश्री रेशमबाई रखबचंद रुणवाल (सुमन जी) की पुण्य स्मृति में सुरेश कुमार महेश कुमार रुणवाल परिवार के सहयोग से स्थापित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ लाभार्थी परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। महेश सुमन, राजेश रुणवाल, स्वप्निल सुमन, विजय रुणवाल सहित मंडल के परामर्शदाता पारस लुणावत, अरुण बुरड़, मुकेश बाठिया, डॉ. विपुल धाड़ीवाल, संजय चौपड़ा (मार्शल), प्रमोद कोचर उपस्थित रहे। इसके साथ ही नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अपुल धाड़ीवाल, सचिव रोमिल चोपड़ा, तथा सदस्य जितेश बोथरा, सचिन वागरेचा, हर्ष ओस्तवाल, वैभव चौपड़ा, सिद्धार्थ कोचर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष अपुल धाड़ीवाल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगकताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की जानकारी मंडल सचिव यश ओस्तवाल द्वारा दी गई।

## कलेक्टर के निर्देश पर पशुपालन गतिविधियों की समीक्षा

**जमीनी स्तर पर बेहतर कार्य के दिए निर्देश**



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार पशुपालन विभाग की गतिविधियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने हेतु जिले के समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. समर सिंह राठौड़ द्वारा ली गई। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण, क्षीर धारा ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सीएम हेल्पलाइन, सेक्स सॉर्टेड सीमेन, वधियाकरण, नस्ल सुधार, पशु आहार एवं पशु रोग नियंत्रण जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को जमीनी स्तर पर सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उप संचालक डॉ. राठौड़ ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत किसानों के दुग्ध उत्पादन को आगामी पांच वर्षों में दोगुना करने के लक्ष्य पर चर्चा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि योजना से जुड़े गांवों के सभी पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाया जाए तथा उन्हें पशुपालन व्यवसाय को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके।


# दैनिक अवन्तिका

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


अस्पताल में चोरी व अभद्रता की घटनाओं से बढ़ी चिंता

# सिविल अस्पताल में पुलिस चौकी नहीं रात में रहता है असामाजिक तत्वों का डर

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**

सिविल अस्पताल में पुलिस चौकी नहीं होने से मरीजों, उनके परिजनों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण रात्रि के समय असामाजिक तत्वों और नशे में धुत लोगों की आवाजाही बनी रहती है। जिससे मरीजों और परिजनों में भय का माहौल बना रहता है। वहीं पूर्व में अस्पताल में चोरी और स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ अभद्रता की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। इसके बावजूद अब तक अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी स्थापित नहीं हो सकी है।

अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों के परिजनों का कहना है कि रात के समय सुरक्षा व्यवस्था कमजोर होने से वे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कई बार नशे की हालत में लोग अस्पताल परिसर में पहुंच जाते हैं और हंगामा करते हैं। जिससे मरीजों, महिला कर्मचारियों और परिजनों को परेशानी उठानी पड़ती है। अस्पताल परिसर में मोबाइल और अन्य सामान चोरी होने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि पूर्व में उनके साथ अभद्रता और विवाद की घटनाएं होने के बाद अस्पताल में पुलिस चौकी स्थापित करने की मांग की गई थी। ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता मिल सके लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हो सकी है। अस्पताल में रात्रिकालीन ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को हमेशा किसी अप्रिय घटना का डर बना रहता है। वहीं पोस्टमार्टम प्रक्रिया में भी पुलिस चौकी नहीं होने के कारण काफी समय लग जाता है। दुर्घटना या गंभीर घटनाओं में मृतक को पहले अस्पताल लाया जाता है जहां डॉक्टर द्वारा एमएलसी तैयार की जाती है। इसके बाद परिजन या स्वास्थ्य कर्मी को रिपोर्ट लेकर थाने जाना पड़ता है और पुलिस के अस्पताल पहुंचने का इंतजार करना पड़ता है। पुलिस द्वारा पंचनामा और अन्य कार्रवाई पूरी करने के बाद ही पोस्टमार्टम शुरू हो पाता है। इस पूरी प्रक्रिया में कई घंटे लग जाते हैं। जिससे परिजनों को परेशान होना पड़ता है।गंभीर मरीजों के मामलों में भी पुलिस की अनुपस्थिति के कारण कार्रवाई में देरी होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल परिसर में स्थायी पुलिस चौकी स्थापित कर पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई जाए तो सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी व असामाजिक तत्वों पर रोक लगेगी और मरीजों सहित स्वास्थ्य कर्मचारियों को राहत मिलेगी। साथ ही पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रियाएं भी समय पर पूरी हो सकेंगी। क्षेत्रवासियों और अस्पताल कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि मरीजों की सुरक्षा और अस्पताल की व्यवस्था को देखते हुए जल्द से जल्द सिविल अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी स्थापित की जाए।

**इनका कहना**

अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी स्थापित करना जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर निर्भर करता है। किसी भी सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करती है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर पुलिस गश्त भी कराई जाती है।

**अक्षय बेस, थाना प्रभारी सुसनेर**

शुजालपुर में जॉब फेयर आयोजित किया

# छोटे शहरों के युवाओं के लिए रोजगार का मंच बना जीतो जॉब्स

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**



जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेर्नाइजेशन द्वारा छोटे शहरों के युवाओं को रोजगार और करियर के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में नवाचार करते हुए जीतो जॉब्स 3.0 अभियान के अंतर्गत शुजालपुर में जॉब फेयर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, नौकरी तलाशने वालों और उद्योग जगत के बीच एक साझा मंच तैयार करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन कच्छी बीसा महाजन वाड़ी परिसर में किया गया। इसमें शुजालपुर सहित कालापीपल, जामनेर, अकोदिया, शाजापुर, आष्टा, तलेन, पचोर और सारंगपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के युवाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

जीतो जॉब्स 3.0 के माध्यम से देशभर में नई जॉब लोकेशन विकसित कर रोजगार और नेटवर्किंग के अवसर युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन पृथ्वीराज कोठारी, हिमांशु शाह वाइस चेयरमैन, विजय भंडारी प्रेसिडेंट, ललित कुमार दांगी सेक्रेटरी जनरल एवं डी के जैन ज्वाइंट ट्रेजरर के मार्गदर्शन में किया गया। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ कोऑर्डिनेटर अशोक मेहता, प्रियंका पाटोदी एवं रोहित मेहता के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में देश की प्रमुख कंपनी के अंकित चौधरी ने युवाओं और अभिभावकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छोटे शहरों से निकलकर भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं। युवाओं को असफ लता से डरने के बजाय बड़े लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ाना चाहिए। इस अवसर पर सुरेश मारवाड़ी, अभिनंदन जैन, संदीप शाह, अभिषेक जैन, सचिन शाह, अमित जैन, नरेंद्र मेहता एवं अंकित डागा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महिला वर्ग से ग्रीष्मा संदीप शाह, तेजकिरण जैन, संध्या धारीवाल, बबीता चौपड़ा, मीना चौधरी एवं वीणा गोयल ने सहभागिता की। कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग तीव्रता शाह, महती शाह, रितुल पोखरना एवं झील शाह का रहा। आयोजन की सफ लता पर हर्षद शाह, अश्विन चौधरी, सुरेश रांका, दर्शन शाह, सर्वेश पोखरना, अनुप चौधरी, गिरीश चौधरी, भूपेन्द्र जैन, नरेंद्र जैन धवल एवं विनोद चोपड़ा ने जीतो टीम को शुभकामनाएं दीं। अंत में आभार प्रदर्शन जीतो जॉब्स शुजालपुर के कन्वीनर अनुराग जैन ने किया।

## बंदियों से संवाद कर समस्याओं को सुना उपजेल का निरीक्षण किया

**शुजालपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शों के पालन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाजापुर आनंद कुमार तिवारी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनयना श्रीवास्तव द्वारा शुजालपुर उप जेल का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में जेल में कुल 54 बंदी निरूद्ध पाए गए। जेल निरीक्षण के दौरान पाकशाला का निरीक्षण कर स्वच्छता एवं भोजन की गुणवत्ता देखी गई। बंदियों के रहने की जगह, स्वच्छता एवं पेयजल की व्यवस्था देखी गई। प्रधान न्यायाधीश द्वारा बंदियों से प्रत्यक्ष रूप से संवाद कर उनकी समस्यों को सुना। जिला विधिक सहायता अधिकारी शिखा शर्मा द्वारा बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए चिकित्सक की उपस्थिति एवं बीमार बंदियों को दी जाने वाली दवाईयों की उपलब्धता की भी जानकारी ली गई।

## आज नगर परिषद का करेंगे घेराव

**मक्सी।** नगर में भीषण गर्मी के बीच पेयजल सप्लाई प्रभावित एवं नगर की खस्ताहाल सड़कें, नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमागई है, स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आज नगर की जनता को वंचित रहना पड़ रहा है नगर परिषद की उदासीनता के चलते कुप्रबंधन का शिकार हो रही है वहीं नगर परिषद में भ्रष्टाचार फल फूल रहा है फलस्वरूप आम नागरिकों को परेशानी हो रही है। कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बुलंद करने को संकल्पित है। नगरवासी आाज 25 मई को सुबह 10 बजे पटेल मार्केट तेजाजी चौक से प्रस्थान कर नगर परिषद का घेराव करेंगे।

## रीवा की घटना के विरोध में आज सुसनेर में निकलेगा मौन जुलूस

**सुसनेर।** रीवा में 20 मई को हुई हृदय विदारक घटना एवं दो जैन साध्वियों की समाधि को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा आज सोमवार को मौन जुलूस एवं ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाजजनों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य प्रशासन को जागृत करना तथा समाज की एकता और धर्म रक्षा का संदेश देना है। मौन जुलूस आज सुबह 9:30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बड़ा मंदिर जी से प्रारंभ होकर विश्राम गृह तक निकाला जाएगा। इसके बाद प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आयोजन में नगर के युवा साथियों एवं समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। मौन जुलूस समाज की एकता, श्रद्धांजलि एवं धर्म रक्षा का प्रतीक होगा।

विनोद ने भी तोड़ा दम, 8 दिन पहले हुई थी पिता की मौत

# तरबूज कांड: पिता के बाद बेटे की भी मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**

श्योपुर में सामने आए चर्चित तरबूज कांड में सुसनेर निवासी विनोद परिहार की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे पहले उसके पिता इंदर सिंह परिहार की मौत आठ दिन पहले हो चुकी थी। दो दिनों के भीतर पिता-पुत्र की मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है और नगर में शोक का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार सुसनेर निवासी इंदर सिंह परिहार श्योपुर में ड्राइवर का काम करते थे। उनके साथ बेटा विनोद परिहार भी वहीं रहता था। 15 मई की सुबह दोनों को अचानक सीने में जलन और बेचैनी की शिकायत हुई थी। इसके बाद दोनों ने तरबूज खाया और कुछ ही देर में उनकी हालत गंभीर हो गई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने इंदर सिंह को कोटा रेफर किया था। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी।

पिता की मौत के बाद विनोद का उपचार जारी था। शुक्रवार देर शाम उसकी हालत ज्यादा बिगड़ गई जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे भी कोटा रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान विनोद ने दम तोड़ दिया। शनिवार शाम को उसका शव सुसनेर के इतवारिया बाजार स्थित निवास पर पहुंचा, जहां अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके बाद गमगीन माहौल में अंतिम यात्रा निकालकर अंतिम संस्कार किया गया।

इधर पूरे मामले में बीमारी और मौत का वास्तविक कारण अब तक सामने नहीं आ पाया है। ग्वालियर भेजे गए विनोद के सैंपलों में ह1एन1 (स्वाइन फ्लू), कोविड सहित अन्य रिपोर्ट निगेटिव आई हैं। स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद थी कि इन रिपोर्टों से बीमारी की वजह स्पष्ट होगी, लेकिन रिपोर्ट सामान्य आने के बाद मामला और उलझ गया है।

घटना के आठ दिन बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को नहीं मिल सकी है। कोतवाली थाना प्रभारी सत्याम गुर्जर ने बताया कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही विसरा जांच के लिए भेजा जाएगा। फिलहाल विसरा जांच शुरू नहीं हो सकी है। चिकित्सकों का कहना है कि अब विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# भाजपा के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया संबोधित**

**दैनिक अवन्तिका ▸▸**



भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुना में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ जिसमें अंतिम दिन प्रदेश संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भाग लेकर अलग अलग सत्रों को सम्बोधित किया। जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि अंतिम दिन कुल चार सत्र आयोजित किए गए, प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा रहे जिन्होंने बूथ प्रबंधन और मन की बात विषय पर,वहीं दूसरे सत्र में योग आयोग के अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियाँ‌ विषय पर, तृतीय सत्र में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्र सरकार की गरीब एवं जनकल्याणकारी योजनाएँ विषय पर व चौथे और अंतिम सत्र में संगठन मंत्री अजय जामवाल ने विचार परिवार एवं जिज्ञासा समाधान विषय पर अपना संबोधन दिया। साथ ही संगठन मंत्री जामवाल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम स्थल पर पौधारोपण किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार, जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची, नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, हीरेंद्र सिंह पीलाघाटा मंचासीन रहे। जिला प्रशिक्षण वर्ग की टोली में जिला संयोजक रवींद्र रघुवंशी सहित सह संयोजक जिला उपाध्यक्ष शिवपाल परमार मौजूद रहे।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण (1) श्रीमती आमना बी कुरैशी पति मुबारिक कुरैशी एवं (2) श्री मुकेश पिता कचहरू सिंह, निवासीगण उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि, ग्रामः चंदेसरी सर्वे नंबर 184/1/2 34/1/2, 184/2,183/2, 183/1 कुल रकबा 9 बीघा भूमि मेन रोड़ नेशनल हाईवे टच स्थित तहसील व जिला उज्जैन (मप्र) को क्रय करने का सौदा हुआ है। मेरे पक्षकार द्वारा आंशिक प्रतिफल राशि विक्रेतागण को अदा कर दी गई है। शर्त अनुसार विक्रेतागण द्वारा मेरे पक्षकार के हक एवं हित में विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया जावेगा। अतः उक्त भूमि/संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक वित्तीय संस्था, शासकीय/अर्थशासकीय विभाग या अन्य किसी वैध वारिसान को कोई आपत्ति, भार (Charge), स्वत्व, लीन या बंधक अधिकार हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपने वैध दस्तावेजी साक्ष्यों/ प्रमाणों के साथ मेरे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त अवधि बीत जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय-पत्र निष्पादन की अग्रिम वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर लेंगे। तत्पश्चात प्रस्तुत किसी भी दावे या आपत्ति का मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी प्रभाव नहीं रहेगा।
दिनांक/05/2026

**सन्नी राजपूत, एडवोकेट**
**पता 16, अभिलाषा अपार्टमेंट, इन्दौर म.प्र**
**मो.नं. 91117-98863**




## नलखेड़ा मंदिर में निजी हवन के लिए उकसाने की शिकायत

**नलखेड़ा।** माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों से सतर्क रहने की अपील की है। समिति ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए बताया कि कुछ अनाधिकृत व्यक्ति मंदिर परिसर में घूमकर श्रद्धालुओं को हवन-पूजन कराने के नाम पर निजी स्थानों पर ले जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे उन पर अनावश्यक दबाव भी बना रहे हैं। मंदिर प्रबंध समिति ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की गतिविधियां समिति के नियमों के विरुद्ध हैं। मंदिर में हवन-पूजन सहित सभी धार्मिक अनुष्ठानों की अधिकृत व्यवस्था केवल मंदिर परिसर के भीतर ही संचालित की जाती है। समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे हवन, पूजन या अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए केवल मंदिर कार्यालय से संपर्क करें। उन्हें समिति द्वारा जारी अधिकृत रसीद प्राप्त करने के बाद ही पूजन कार्य कराना चाहिए। तहसीलदार एवं सचिव, माँ बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति नलखेड़ा ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति श्रद्धालुओं को भ्रमित करते हुए निजी स्थान पर हवन कराने के लिए प्रेरित करता मिले, तो इसकी सूचना तत्काल मंदिर कार्यालय या प्रशासन को दी जाए। इससे संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा सकेगी।

## महिदपुर रोड रेल्वे स्टेशन पर में भी शुरू होगी नई टोकन व्यवस्था

**महिदपुर रोड।** नगर के रेल्वे स्टेशन पर भी कोटा मंडल द्वारा आरक्षण के लिये नई टोकन प्रणाली के माध्यम से टिकट व्यवस्था शीघ्र ही लागू होने जा रही है इस संबंध में रेल्वे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस नई टो कन व्यवस्था से टिकटों की काला बाजारी पर प्रभावी रोक लगेगी। अभी हाल फिलहाल रिजर्वेशन के लिये आरक्षित टिकटों की काला बाजारी करने वाले दलाल सुबह से ही दलाली का काम शुरू कर देते हैं नई व्यवस्था से यात्रियों को आसान और व्यवस्थित आरक्षण का लाभ मिलेगा। कोटा मंडल द्वारा नई टोकन व्यवस्था शुरू किये जाने के बाद टोकन वितरण व्यवस्था एसी क्लास सुबह 9:00 से 9: 25 बजे के बीच में स्लीपर क्लास सुबह 9:30 से 10:55 के बीच में रहेगी। रेल्वे प्रशासन ने यात्रियों से समय अवधि के दौरान पहुंचकर टोकन लेने की आग्रह किया है।

**रेमो डिसूजा पत्नी के साथ नलखेड़ा पहुंचे**

## फिल्म डायरेक्टर ने पत्नी सहित किया मां बगलामुखी मंदिर में हवन

**नलखेड़ा।** मशहूर कोरियोग्राफर और फिल्म निर्देशक रेमो डिसूजा शनिवार को अपनी पत्नी लिजेल डिसूजा के साथ आगर मालवा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नलखेड़ा पहुंचे। उन्होंने विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में सपत्नीक हवन अनुष्ठान भी संपन्न किया। रेमो और लिजेल डिसूजा मंदिर परिसर में लगभग दो घंटे से अधिक समय तक रहे। उन्होंने धार्मिक परंपराओं के अनुसार आयोजित हवन में श्रद्धापूर्वक भाग लिया। इस दौरान मंदिर की अन्य धार्मिक गतिविधियों में भी दोनों शामिल हुए। लिजेल डिसूजा भारतीय फिल्म जगत में फिल्म निमार्ता और कॉस्ट्यूम डिजाइनर के रूप में सक्रिय हैं। फिल्म जगत की बड़ी हस्ती के मंदिर पहुंचने की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद श्रद्धालुओं और प्रशंसकों में उत्सुकता देखी गई। नलखेड़ा का मां बगलामुखी मंदिर देश भर में अपनी विशेष धार्मिक महत्ता के लिए जाना जाता है, जहां समय-समय पर राजनीति और फिल्म जगत की हस्तियां दर्शन के लिए पहुंचती हैं।

## महुड़िया के समीप सड़क हादसा बाइक सवार दो युवक गंभीर घायल

**सुसनेर।** नेशनल हाईवे 552बी पर महुड़िया के समीप रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अपने गांव महिदपुर से सुसनेर आ रहे बाइक सवार दो युवक अचानक बाइक अनियंत्रित होने से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में फरदीन पिता आकिब अली (22 वर्ष) एवं सोहेल को गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस में मौजूद स्टाफ डॉ. शहजाद खान ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया। इसके बाद दोनों घायलों को उपचार हेतु सिविल अस्पताल सुसनेर लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक तेज गति में होने से चालक संतुलन खो बैठा, जिससे हादसा हुआ। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।


## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण माया जैन पति ललित जैन जाति जैन, उम्र 38 वर्ष व्यवसाय सिलाई कार्य, निवासी धर्मनगर कॉलोनी महिदपुर जिला उज्जैन एवं अंगुरबाला पति कुंदनमलजी जाति जैन उम्र 60 वर्ष व्यवसाय गृहकार्य निवासी धर्म नगर कॉलोनी, महिदपुर जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की ग्राम काचरिया तहसील झारड़ा अनुभाग महिदपुर जिला उज्जैन स्थित कृषि भूमि सर्वे नम्बर 57/1 रकबा 0.67 हैक्टयर एवं सर्वे नम्बर 104/1/2 रकबा 0.32 हैक्टयर कृषि भूमियों को कय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है, तथा अनुबंध पत्र भी निष्पादित करवा लिया है, तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, सहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरा पक्षकार उक्त विक्रेतागण से उक्त कृषि भूमियों का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेवेगा, तथा कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचित हो। इति दिनांकः-23-05-2026

**अतुल लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9, लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर**
**जिला उज्जैन मध्यप्रदेश**
**मो.न. 9669443020**

## सीजन की टॉप-4 टीमें तय मुंबई 30 रन से हारी

**मुंबई।** रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी। मुंबई की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया।

## बाघ ने 3 पर किया हमला, महिला को मार डाला

**उमरिया।** उमरिया जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में शनिवार देर रात आंगन में सो रही महिला पर बाघ ने हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद बाघ ने दो अन्य ग्रामीणों पर भी अटैक कर दिया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, पनपथा बफर परिक्षेत्र के खेरबा टोला निवासी 48 वर्षीय फूलबाई की मौत हुई है। घायलों में दसैय्या और फुल्ला शामिल हैं। हमले के बाद बाघ घर के पास बैठा रहा और दहाड़ता रहा, जिससे दहशत फैल गई। वहीं टाइगर रिजर्व में आक्रोशित ग्रामीणों और वन विभाग की टीम से झड़प हो गई। ग्रामीणों ने टाइगर रिजर्व की टीम पर हमला कर दिया। सरकारी गाड़ी भी तोड़ दी। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है। टाइगर के रेस्क्यू की तैयारी भी की जा रही है।

## शौच कर रहे युवक को खींच ले गया मगरमछ

**मुरैना।** चंबल नदी के किनारे एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सराय छोला थाना क्षेत्र के रिठौरा गांव के पास शनिवार शाम शौच के लिए नदी किनारे गए एक 19 वर्षीय युवक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया और उसे गहरे पानी में खींच ले गया। घटना के बाद एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और करीब 14 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार सुबह युवक का शव नदी से बाहर निकाला गया।जानकारी के अनुसार, रिठौरा गांव का रहने वाला 19 वर्षीय अनिल गुर्जर शनिवार शाम करीब 4 बजे अपने दो अन्य दोस्तों के साथ चंबल नदी के बीहड़ में बकरियां चराने गया था। इसी दौरान अनिल को शौच लगी और वह नदी के किनारे चला गया। पानी के पास बैठते ही अचानक एक मगरमच्छ ने उस पर झपट्टा मारा और उसे खींचकर नदी के गहरे पानी में ले गया। जब कुछ देर तक अनिल वापस नहीं लौटा, तो उसके दोस्त उसे ढूंढने नदी किनारे पहुंचे। वहां उन्हें केवल अनिल की लाठी पड़ी मिली। दोस्तों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत दौड़कर गांव वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर सराय छोला थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। युवक की तलाश के लिए पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने शनिवार शाम को ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया था, लेकिन रात का अंधेरा घिरने के कारण अभियान रोकना पड़ा। रविवार सुबह टीम ने फिर से युवक की तलाश शुरू की और घटना के करीब 14 घंटे बाद अनिल का शव चंबल नदी से बरामद कर लिया गया।

## सांसद वीडी शर्मा की पत्नी का यू-टर्न पेट्रोल-डीजल ईएमआई पर मिलेगा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो से सांसद वीडी शर्मा की पत्नी स्तुति मिश्रा अपने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में हैं। शनिवार सुबह उन्होंने बढ़ती महंगाई और तेल की कीमतों पर एक तीखा कटाक्ष किया, जिसे सरकार पर अपनों का ही हमला माना जाने लगा। लेकिन, जैसे ही यह पोस्ट वायरल हुआ और विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाया, स्तुति मिश्रा ने तत्काल यू-टर्न लेते हुए एक लंबी सफाई पेश की। अब उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के आह्वान और नागरिकों की नैतिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए विरोधियों को ही निशाने पर लिया है। डॉ स्तुति मिश्रा ने लिखा- अंतराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे युद्ध के चलते तेल आपूर्ति में कमी और सभी तेल पदार्थों के दाम बढ़ने का कारण हम सब है। मेरी पोस्ट उन सभी लोगों के लिए थी जो इस राष्ट्रीय समस्या को दरकिनार करके माननीय प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर नहीं चल रहे, हम सब देश वासियों की ये नैतिक जिम्मेदारी है की हम सभी उन नियमों को पूर्ण रूप से पालन करें जो तेल की खपत को कम करें और इस समस्या के समय राष्ट्रीय सहभागिता दें।

## मोदी ने केंद्रीय मंत्री के बेटे को गोद में उठाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सिविल एविशन मंत्री राम मोहन नायडू ने शनिवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। नायडू परिवार संग दिल्ली में सेवा तीर्थ भवन पहुंचे थे। मुलाकात के दौरान पीएम ने नायडू के दोनों बच्चों को दुलार किया। पीएम ने बेटे को गोद में उठाया फिर टेबल पर खडा कर दिया। इसके बाद नायडू की बेटी मोदी के पास पहुंची तो पीएम ने उससे एक कॉपी ली और उसमें कुछ लिखकर हाथ में थमा दी। इसके अलावा एक पेड मां के नाम पहल के तहत नायडू की मां ने मोदी को पौधा भी गिफ्ट किया।

## रूस ने यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला किया

**कीव।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रनी हमलों के जवाब में किया गया।

# बाढ़ से सुरक्षा हेतु सभी तैयारियां समय पर पूरी हो- कलेक्टर

**दैनिक अवन्तिका » गुना**

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा रविवार गुनिया नदी संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में शहरी क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोपालपुरा, मंडी रोड, हाट रोड रपटा, मंडी पुल एवं बांसखेड़ी क्षेत्र में पहुंचकर नदी के बहाव, जल निकासी व्यवस्था एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री कन्याल ने बताया कि गत वर्ष आई बाढ़ से प्रभावित शहरी क्षेत्रों का लगभग सवा दो घंटे तक निरीक्षण कर पूर्व में बनाई गई योजनाओं एवं अनुमानों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कार्य योजनाओं का आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान गोपालपुरा बांध की ऊंचाई लगभग 4 फीट बढ़ाए जाने की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि इससे जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी तथा शहरी क्षेत्र में बाढ़ के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकेगा उन्होंने ऐसे जंक्शन पॉइंट, जहां तीन दिशाओं से पानी का बहाव होकर ड्रेन आउट होता है, वहां सुरक्षा एवं दृश्यता बढ़ाने हेतु लगभग 4-4 फीट ऊंची तार फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी तथा नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

कलेक्टर श्री कन्याल ने नानाखेड़ी गेट मार्ग का निरीक्षण किया गया, जहां कुछ स्थानों पर जल निकासी बाधित होने की समस्या रहती है। जिसके लिए नाला निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एस्टीमेट भी तैयार किया जा चुका है। कलेक्टर कन्याल ने नगर पालिका को तत्काल प्रभाव से सफाई कार्य प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए कहा कि जल निकासी मार्गों को अवरोधमुक्त रखा जाए ताकि पानी का बहाव सुगम बना रहे। इसके साथ ही गुनिया नदी में विभिन्न स्थानों पर जमा कचरे एवं मलबे को हटाने के लिए प्रतिदिन न्यूनतम 4 डंपर लगाए जाने



के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि वर्षा पूर्व लगभग 50 राउंड डंपिंग कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे बाढ़ की स्थिति में पानी की निकासी प्रभावी रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि गुनिया नदी से संबंधित कार्यों में जन सहयोग एवं सिविल सोसाइटी की सक्रिय भागीदारी सराहनीय है। स्थानीय स्तर पर लोगों द्वारा समन्वय एवं सहयोग की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। कलक्टर श्री कन्याल ने बताया कि गुनिया नदी प्रोजेक्ट की विस्तृत योजना शासन को भेजी जा चुकी है। योजना स्वीकृत होने के उपरांत नदी के नवीनीकरण एवं रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के कार्य बड़े स्तर पर प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रशासन की प्राथमिकता आगामी वर्षा एवं संभावित बाढ़ की स्थिति से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है तथा इसी उद्देश्य से सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कन्याल ने बांसखेड़ी पुलिया क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों ओर जमा कचरा हटाने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि मध्य हिस्से की सफाई एवं कचरा हटाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि पूर्व जैसी जलभराव की स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पांडे, तहसीलदार जीएस बैरवा, कार्यपालीन यंत्री लोक निर्माण विभाग कोमल उइके सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पेयजल को लेकर स्थापित होगा कंट्रोल रूम, सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिए सख्त निर्देश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 24 मई को पेयजल व्यवस्था से जुडे सभी विभागों को पेयजल संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण और प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। इस क्रम में नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई, जल निगम आदि विभागों के पेयजल व्यवस्था से जुडे समस्त अमले के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। केवल अपरिहार्य परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कलेक्टरों एवं नगरीय निकाय, पंचायत, पीएचई और नगर निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है कि वे सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाएं और पेयजल उपलब्धता के लिए अधिकारियों की समिति बनाकर प्रतिदिन समीक्षा करें।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि टैंकर से पेयजल आवश्यकता वाले क्षेत्रों में वितरित हो और किसी भी तरह की अनियमितता नहीं हो। उन्होंने टैंकर के दुरुपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव जैन ने अधिकारियों से कहा कि वे जनप्रतिनिधियों से संवाद और समन्वय रखकर पेयजल की कमी वाले क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पेयजल उपलब्धता के लिये युद्ध स्तर पर काम करें।

शहरी क्षेत्र की पानी की टंकियों को भरने में समानता रखें और अन्य विभागों के साथ ही ऊर्जा विभाग को भी इस पूरे प्लान में शामिल रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी नलजल योजना का विद्युत कनेक्शन न कटे। इस मामले को लेकर मुख्य सचिव जैन ने बताया कि राज्य शासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में वोरवेल आदि के खनन के लिए 1500 करोड रुपये की राशि जारी की है और पंचायतों को संधारण कार्य के लिए 55 करोड रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी गई है। इससे पेयजल उपलब्धता में कोई असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर मेकेनिज्म तैयार करें और नियमित रूप से समीक्षा करें। बैठक में नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पीएचई, ऊर्जा और सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

## नई सड़क स्थित काम्प्लेक्स के बेसमेंट में लगी आग

### धुआं उठता देख लोगों ने दी फायर ब्रिगेड को सूचना




**उज्जैन।** रविवार रात 9:30 बजे के लगभग नई सड़क स्थित काम्प्लेक्स में उत्सव इलेक्ट्रॉनिक के नीचे बने बेसमेंट में पड़े कचरे में अचानक आग लग गई। जब लोग ने धुआं उठता देखा तो इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। और फायर ब्रिगेड की दमकलों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए ।

आधे घंटे की मशक्कत के बाद दमकलों ने आग पर काबू पाया। आग लगने की जानकारी लगने पर क्षेत्रीय पार्षद रजत मेहता व पार्षद सुशील श्रीवास भी मौके पर पहुंचें। हालांकि आगजनी की घटना में अभी तक कोई नुकसान होने की जानकारी सामने नहीं आई है। आसपास के लोगों ने बताया कि बेसमेंट में बड़ी संख्या में कचरा पड़ा रहता है प्रथम दृश्या इस कचरे में ही आग लगी है।

जानकारी लगने पर फायर ब्रिगेड की दो दमकलें मौके पर पहुंची थी ।इधर आग की जानकारी लगने के बाद क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल निर्मित हो गया था और बड़ी संख्या में आसपास के लोग व दुकानदार मौके पर जमा हो गए। जिस कांप्लेक्स में आग लगी है। उसमें अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की दुकान हैं। ऐसे में बेसमेंट में आग लगने की वजह से कई दुकानों के अंदर धुआं घुस गया था।

## आदर्श कृषि उपज मंडी ई प्रणाली पूर्ण रूप से लागू होने से मंडी की आय में हुई रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि




**गुना।** माह अप्रैल 2026 में कृषि उपज मंडी समिति गुना मंडी की मंडी शुल्क आय 3 करोड़ 33 लाख हुई है जो गत वर्ष अप्रैल 2025 में हुई आय 2 करोड़ 35 लाख की तुलना में 41 प्रतिशत एवं लक्ष्य की तुलना में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गुना मंडी में माह अप्रैल 2026 में प्रदेश की अन्य क वर्ग की मंडियों एवं ग्वालियर संभाग की क एवं ख वर्ग की मडियों में सर्वाधिक आय की प्राप्ति की गई है। माह अप्रैल 2026 से ई मंडी प्रणाली को पूर्ण रूप से लागू किया गया है। जिसके अंतर्गत प्रवेश पर्ची, अनुबंध पर्ची, तौल पर्ची एवं भुगतान पत्रक ऑनलाइन माध्यम से जारी किए जा रहे हैं। मंडी सचिव आरपी सिंह ने बताया कि गुना मंडी को आदर्श मंडी बनाने हेतु संभव प्रयास करेंगे एवं मंडी की आय में भी वृद्धि करेंगे जिससे की किसानों को कोई परेशानी और किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी

### निर्भयगढ़ में जलती भट्टियां पकड़ी गई, अवैध मदिरा व लाहन जब्त

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा ग्राम गढ़लागिर्द एवं निर्भयगढ़ में दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान ग्राम गढ़लागिर्द से 3 टंकियों में भरा लगभग 300 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। वहीं ग्राम निर्भयगढ़ में 2 बड़े ड्रमों में लगभग 200 किलोग्राम लाहन तथा 2 केनों में 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई।

दबिश के दौरान निर्भयगढ़ क्षेत्र में एक पठार के नीचे तलैया के पास दो जलती हुई अवैध भट्टियां संचालित पाई गईं, जहां शराब का आसवन किया जा रहा था। मौके पर ही भट्टियों को नष्ट कर दिया गया। इस प्रकार कुल 500 किलोग्राम लाहन एवं 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। लाहन के नमूने लेकर शेष सामग्री को मौके पर नष्ट किया गया।



आरोपी बालचंद भील निवासी निर्भयगढ़ के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)ए एवं 34(1) एफ के तहत कुल 3 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जब्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 30 हजार रुपये बताया गया है। कार्यवाही में आबकारी आरक्षक गोविंद सिंह मीणा, दिनेश कुमार राठौर, महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी एवं होमगार्ड सैनिक महिपाल सिंह की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी है।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01- श्री रामसिंह पिता श्री बापूजी, 02-श्री लाखनसिंह पिता श्री बापूजी, दोनो निवासी ग्राम चांदमुख तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-कृषि भूमि सर्वे नं.-505 ( एस) रकबा 0.4200 हेक्टर, 728/1/1 ( एस) रकबा 0.8900 हेक्टर, 728/1/2 (एस) रकबा 0.8900 हेक्टर, 729/1/1 ( एस) रकबा 0.3900 हेक्टर मेसे रकबा 0.2100 हेक्टर इस प्रकार कुल किता 04 कुल रकबा 2.5900 हेक्टर मेसे 2.4100 हेक्टर स्थित ग्राम चिंतामण जवासिया प. ह. नं.-00085 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामियों से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 05 (पांच) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-24.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स,**
**देवास रोड उज्जैन मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी कमल कुमार नाहर पिताा माणक चंद्र जी नाहर निवासी 02 दादा भाई नौरोजी मार्ग गली नंबर 03. पत्थरगली उज्जैन (म.प्र.) उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य का मकान नगर पालिक निगम क्रमांक 02, स्थित दादाभाई नोरोजी मार्ग गली नंबर 03, पत्थर गली उज्जैन में स्थित हैं। दो मंजिल गार्डर्फीशी का टीनपोश का बना हुवा हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 191.86 वर्गमीटर हैं। पूर्व में मकान गुलाम हुसैन व मकान अब्दुल कादर का मिला है पश्चिम में गली व मकान सुरजमल जी महाजन का मिला है उत्तर में हकीमउद्दीन का मिला है दक्षिण में मकान अन्य का मिला हैं, को क्रय करने का लिखित करार करते हुऐ मेरे पक्षकार द्वारा विकय मुल्य में बयाना राशि भुगतान कर दी गई है तथा शेष राशि अनुबंधानुसार भुगतान की जावेगी और निकट भविष्य में मेरे पक्षकार अपने स्वंय अथवा द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाने को तत्पर है यदि उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय को लेकर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर मय लेखी प्रमाण के मुझे मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करके उसका उचित निराकरण करवा लेवें। बाद गुजरने मियाद के मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन करवा लेवेगे और तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्ज आपत्ति मान्य नही की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 22.05.2025

**जी.एच. शेख, हाईकोर्ट एडव्होकेट,**
**जी.एफ. शेख, ( सर्विस प्रोवाईडर )**
**123, बेगम बाग चौराहा मस्जिद जामा-ए-शकेब के पास उज्जैन**
**कार्यालय क्रमांक डी-9 तल मंजिल भरतपुरी आर.टी.ओ कार्यालय के पीछे**
**उज्जैन मो. 9300647361,9303040316 8103674189**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा क्रय करने का सौदा (01) इरफान पिता अयुब जाति मुसलमान (02) तालिब खां पिता शरीफ खां जाति मुसलमान निवासीगण व कृषकगण ग्राम झलारिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. के मालकी, आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम झलारिया तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. में होकर जिसका भूमि सर्वे क्रमांक 412/2 रकबा 1.000 व सर्वे कमांक 412/1 रकबा 0.17 है। कल किता 02 कुल रकबा 1.17 है) का किया गया है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार से तय कर, विक्रय राशि मेसे कृषि भूमि स्वामी द्वारा बयाना पेटे राशि साक्षियो के समक्ष प्राप्त कर ली है तथा शेष विक्रय मुल्य राशि प्राप्त कर विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाना शेष है तथा उक्त संपति पर किसी व्यक्ति, सस्था, बैंक का कोई ऋण भार बोझ, हक, कर्जा या लेना देना या किसी प्रकार का स्वत्व संबंधी या न्यायालय में किसी प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन हो या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के अंदर लिखित प्रमाण दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा उक्त समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नही होगा और मेरे पक्षकार के मुकाबले आपत्ति अवैध तथा शुन्यवत मानी जावेगी।

इति दिनांक 25/05/2026

**अर्जुन राठौड़ ( पटेल ) अभिभाषक**
**कार्यालयः कोर्ट परिसर वडनगर जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो. 7000749457**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री नंदकिशोर पिता श्री झीतालाल, निवासी-ग्राम सिकंदरी तहसील कोठीमहल जिला उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-155/3/2 (एस) रकबा 0.3760 हेक्टर ग्राम सिकंदरी, प. ह. नं.-02 तहसील कोठीमहल जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 0.3760 हेक्टर मेसे 0.1045 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उप्रोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हों।

इति दिनांक-24.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय-ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड**
**उज्जैन मो. 94259-46659**

## संघ शिक्षा वर्ग में मातृहस्त भोजन कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर ।** नगर के संजीत मार्ग स्थित सरस्वती विहार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग चल रहा है, जिसके तहत च्मातृहस्त भोजनच्छ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अनूठे आयोजन में नगर के 154 परिवारों की मातृशक्ति ने अपने हाथों से भोजन बनाकर शिक्षार्थियों के साथ बैठकर स्नेहपूर्वक भोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और अखिल भारतीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील सुखदेव भाई मेहता तथा नगर संघचालक विकास आचार्य मंचासीन रहे। अपने संबोधन में श्री मेहता ने संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन- कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक अनुशासन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल और टीवी के कारण परिवारों में संवाद कम हो रहा है, जिसे रोकने के लिए सभी को साथ बैठकर भोजन करना चाहिए। कार्यक्रम में पीयूष शर्मा और वर्ग के सर्वाधिकारी जिनेंद्र कुमार जैन की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास जी के 650वें जन्म जयंती वर्ष के निमित्त उनके जीवन प्रसंग सुनाए गए। इसके पूर्व शिक्षार्थियों ने आकर्षक पथ संचलन निकाला, जो महारानी लक्ष्मीबाई चौराहे से होते हुए वापस वर्ग स्थल पहुँचा। अंत में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ प्रत्येक सहभागी परिवार को उपहार स्वरूप एक-एक पौधा और साहित्य भेंट किया गया।

## मालवी हास्य कवि दुर्गेश नागदा का निधन

**नीमच।** शहर के उपनगर नीमच सिटी निवासी कवि हंसमुख के नाम से प्रसिद्ध अंचल के प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार दुर्गेशजी नागदा का शनिवार प्रातः 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व. हीरालाल जी नागदा के सुपुत्र तथा विनायक, नवीन नागदा (पूर्व पार्षद) के पिताजी तथा थे। वे स्वभाव से भी हंसमुख, मिलनसार, धार्मिक एवं सेवाभावी प्रवत्ति वाले दुर्गा शंकरजी नागदा क्षेत्र में दुर्गेश नागदा हंसमुख के नाम से लोकप्रिय थे। वे मालवी भाषा के हास्य कवि होकर अंचल ही नहीं, बल्कि प्रदेश के दूर-दूर तक कवि सम्मेलनों में अपनी मालवी भाषा की कविताओं से सभी को गुदगुदाते थे। अभी श्रीनाथदा ने शहर की कृति संस्थान सहित अनेक मंचों पर काव्य पाठ किया। वे सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी थे। शनिवार को खेड़ी मोहला स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली और रामपुरा दरवाजा नीमच सिटी स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संरकार किया गया यहाँ पर आयोजित शोक सभा में उमरावसिंह राठौर, विजय बाफना, संदीप लोढा, एडवोकेट मुकेश भटनागर, जनरेलसिंह चौहान, बाबूलाल नागदा एवं लक्ष्मी नारायण नागदा सहित उपस्थितजनों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जावरा के इंजीनियरो ने नाम रोशन किया

**जावरा ।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के पूर्व छात्रों का दो दिवसीय स्नेह मिलन समारोह का उद्घाटन द ग्रैंड पदमा रिजॉर्ट्स जावरा में कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी के एल टाक एवं समिति द्वारा दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती व विश्वे शरय्या जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आरंभ हुआ। प्रथम सत्र मैं स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष इंजीनियर के एल टांक ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह के माध्यम से हमारे जीवन में पुराने दोस्तों से मिलकर नई ऊर्जा का संचार होता है तथा वर्तमान जीवन को सार्थक बनाता है।

**पश्चिम रेलवे – रतलाम**

**ई –निविदा सूचना**

वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य /कार्यों के लिए खुली ई–निविदा **E-IND-CHLORINE-2026.** के विरूद्ध **अंतिम तिथि** – 23/06/2026, 15:30 बजे (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण–वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एंव स्थान** : कोचिंग डिपो इंदौर (IND) एवं डॉक्टर अम्बेडकर नगर (DADN) में आई.आर. –डी. आर. डी. ओ बायो– डाइजेस्टर टैंक में क्लोरीन फिल्टर का मोडिफिकेशन एवं स्थानांतरण, 150 लीटर सहायक रिज़र्वायर के कनेक्शन हेतु फीड पाइप लाइन एवं एयर सस्पेंशन लाइन में संशोधन, ब्रेक पैनल के रिज़र्वायर पर मेश कवर की व्यवस्था तथा एलएचबी कोचों के एलडब्ल्यूएलआरआरएम /एलएसएलआरडी में ट्रेन मैनजर कम्पार्टमेंट के हैंड ब्रेक इंडिकेटर में संबोधन। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹46,82,339.08/–, **बयाना राशि** : ₹93,600/–, **समापन अवधि** : एलओए जारी होने की तिथि से 12 महीने, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी** : कार्यालय – वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय** : 23/06/2026, 15:30 बजे तक, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की** जा सकती है : निविदाएं **IREPS** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प. रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

**SNP-071**

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

# आराधिका डॉ. कुमुदलता म.सा. का रतलाम में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

## जैन दिवाकर स्मारक पर 10 दिवसीय शिविर के समापन और स्मृति दिवस समारोह में होंगी सम्मिलित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जगत वल्लभ जैन दिवाकर परम पूज्य गुरुदेव श्री चौथमलजी म.सा. एवं आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी, परम पूज्या कमलावती म.सा. की सुशिष्या, अनुष्ठान आराधिका, ज्योतिष चंद्रिका शासन प्रभाविका साध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. का रतलाम नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

डॉ. कुमुदलताजी म.सा. के साथ डॉ. महाप्रज्ञाजी म.सा., डॉ. पदमकीर्तिजी म.सा. एवं साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. आदि ठाणा ४ का सुमंगल गार्डन से नगर आगमन हुआ। इस दौरान जैन समाज के प्रबुद्ध जनों संघ रत्न इंदर मल जैन, संघ गौरव महेन्द्र बोथरा आदी ने भव्य अगवानी की। यह मंगल प्रवेश यात्रा जैन दिवाकर स्मारक पर पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई।

श्रीसंघ मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया की पूज्य महासतिया जी अपना भीलवाड़ा चातुर्मास पूर्ण कर रतलाम पधारे जो तप चकेश्वरी आयम्बिल तप आराधिका अरूणप्रभाजी मसा, श्री गुरूकितीर्जी मसा, श्री गुरूनिधीजी मसा, श्री अरूणकितीर्जी मसा आदि ठाणा के 4 सानिध्य में पगारिया परिवार नागपुर के सौजन्य से जैन दिवाकर स्मारक पर आयोजित 10 दिवसीय श्री जैन दिवाकर लर्न एण्ड टर्न शिविर जो 25 मई को समापन उसमे धर्मसभा को सम्बोधित करेंगी।

उसके पश्चात 27 मई को पुज्य गुरूदेव श्री मोहनमुनिजी मसा का पुण्यस्मृति दिवस मै भी उपस्तिथ रहेगी। उक्त सभी कार्यक्रम जैन दिवाकर स्मारक सागोद रोड पर होंगे। समस्त कार्यक्रमों में पधारने का आव्हान श्री संघ अध्यक्ष अजय खमेसरा, मणिलाल कटारिया, सुरेश कटारिया, ललित पटवा, प्रेमकुमार जैन मोगरा, महामंत्री विनोद कटारिया, अमृत कटारिया, विनोद बाफना, जयंतीलाल डाँगी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष आशीष कटारिया, महामंत्री वीरेंद्र कटारिया, अरिहंत बोराना, विपिन कटारिया, संजय मेहता, रितेश मूणत, विकास कटारिया,

रीना गाँधी, ऋतु कटारिया, समता पितलिया, प्रवीणा भटेवरा, मोनिका मेहता, राखी गाँधी, पिंकी पटवा, ऋतु कटारिया, छाया मुरार, ज्योति मेहता, मीना जी बोथरा, उषा बोथरा, सुशीला बाफना रक्षिता पटवा, सुहानी पटवा , लक्ष्य कटारिया, श्रेयांस बाफना, शुभ बोराणा आदि ने आव्हान किया है।

## नीमच के सिंगोली के समीप बस खाई में उतरी, 20 यात्री घायल, 2 गंभीर नीमच रेफर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



जिले के सिंगोली तहसील स्थित तिलस्वा घाट पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया है। जानकारी अनुसार भीलवाड़ा से सिंगोली की ओर आ रही 'एक निजी यात्री बस तिलस्वा घाट के खतरनाक मोड़ पर अचानक अनियंत्रित हो गई। देखते ही देखते बस अपना संतुलन खोकर सीधे गहरी खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार अनियंत्रित बस खाई में गिरते समय करीब तीन बार पलटी खाती हुई गिरी । बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। खाई में गिरते । कई घायलों को खरोंच और रगड़ के साथ-साथ चोटे आई हैं.

घटना की सूचना मिलते ही सिंगोली पुलिस और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल बाहर निकालकर एंबुलेंस और अन्य निजी वाहनों के जरिए अस्पताल रवाना किया गया है। हालांकि, अभी तक घायलों की सही संख्या और उनकी स्थिति को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन कुछ २ गंभीर घायल को जिला अस्पताल नीमच भेजा गया है? हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से खतरनाक मोड़ को तत्काल सुधारने और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।



## अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर शौर्य गाथा पर हुआ व्याख्यान

**मंदसौर।** राजपूत सिंह सभा द्वारा अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर एक विशेष व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संयोजक एम.पी. सिंह परिहार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्री नटनागर शोध संस्थान सीतामऊ के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. सहदेव सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान एड. जोगिंदर सिंह तोमर और शंभू सिंह चुंडावत ने सम्राट की वीरता और क्षत्रिय समाज के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संगठन के संयोजक एम. पी. सिंह परिहार ने चंद्रबरदाई के प्रसिद्ध दोहे च्चार बांस चौबीस गज.ज की व्याख्या करते हुए सम्राट की शब्दभेदी बाण चलाने की अद्भुत क्षमता और मोहम्मद गोरी के वध के ऐतिहासिक प्रसंग को विस्तार से समझाया। मुख्य अतिथि डॉ. सहदेव सिंह चौहान ने इतिहास के विभिन्न ग्रंथों के संदर्भों के साथ सारगर्भित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र सिंह चौहान ने किया और आभार विजेंद्र सिंह चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जसवंत सिंह, हरनाथ सिंह, भरत सिंह और अजय सिंह सहित समाज के कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## नीमच के पुलिस थानों में सौ से अधिक गुण्ड़ों की कराई परेड



**नीमच।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों को थाना/चौकी बुलाकर थाना पर उनकी गतिविधियों की जांच हेतु थाना परेड कराई जा रही है। जिला नीमच के पुलिस थानों एवं चौकियों में दिनांक 24 मई को एसपी श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमति निकीता सिंह के मार्गदर्शन में जिलें के सभी पुलिस थानों में पर गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों को थाना/चौकी बुलाकर थाना उपस्थिति दर्ज की गई एवं उनकी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जाकर डोजीयर भरवाया गया। इस दौरान कुल 108 गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों की उपस्थिति दर्ज की जाकर उनकी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलियामंडी



स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोखरा में रविवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक का माहौल फैल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संदीप पिता श्यामलाल पाटीदार उम्र लगभग ४३ वर्ष निवासी ग्राम खोखरा ने गांव स्थित कुएं के पास बने बाड़े में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार सुबह परिजनों एवं ग्रामीणों को घटना की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पिपलियामंडी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में लिया।

पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपूर्द किया । फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है तथा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। अचानक हुई इस घटना से परिजन गहरे सदमे में हैं। पिपलियामंडी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## पांच दिवसीय दिव्यांग कृत्रिम अंग शिविर का समापन हुआ

**नीमच।** उक्त उदगार आरोग्य भारती मालवा प्रान्त के अध्यक्ष विष्णु सेन कछावा ने स्वर्णकार समाज धर्मशाला नीमच में दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश एवं महावीर सेवा सदन कोलकाता के सहयोग से श्री अंबामाता आरोग्य आश्रम सेवा न्यास निपानिया एवं श्री अन्नपूर्णा सेवा न्यास नीमच तथा जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर द्वारा दिव्यांगजनों के लिए आयोजित पाँच दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स वितरण शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किये। आपने इस शिविर को दिव्यांग जन के प्रति पूर्णतः समर्पित बताते हुए उनको आत्म निर्भर बनाने में सहयोगी आयोजकों तथा डॉक्टर्स और सहयोगी टीम के कार्यों की सराहना की। समापन के अवसर पर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 सुरेशानंद सरस्वती, अन्नपूर्णा सेवा न्यास नीमच के संयोजक श्री राकेश पप्पू जैन एवं अध्यक्ष श्रीराम गोडबोले, स्वर्णकार समाज नीमच के अध्यक्ष जितेन्द्र सोनी, महावीर सेवा सदन कोलकाता के डॉ एस एस प्रभाकर, आरोग्य भारती जिला अध्यक्ष श्री अजय भटनागर, अम्बा माता आरोग्य आश्रम सेवा न्यास निपानिया के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र तोलानी, मंचासीन रहे।

# नगर निगम ने 5 कबाड़ा व्यवसायियों के कबाड़ गोदाम हटाये

## कबाड़ा जब्त कर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



नगर निगम द्वारा शहर से कबाड़ा व्यवसायियों को हटाये जाने की कार्यवाही के तहत नगर निगम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त दल द्वारा नगर से 5 कबाड़ा व्यवसायियों के कबाड़ गोदाम हटाकर जब्त किया गया कबाड़ को जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

नगर निगम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त दल द्वारा )ख्वाजा हुसैन पिता उस्मान हुसैन. पता योगेश्वर महादेव मंदिर के सामने अमृत सागर, गौतम सिसोदिया पिता मोहन सिसोदिया पता मोती नगर, सागर पिता मांगीलाल पता मोती नगर, एजाज अहमद मंसूरी अल शिफा फर्नीचर पता मोती नगर व मोहम्मद सिद्दीक ज्मोहम्मद नासिर पता शंकरगढ के कबाड़ गोदाम को हटाया गया वहीं जब्त कबाड़ को जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

रतलाम शहर के रहवासी क्षेत्र की कबाड़ा दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित किये जाने हेतु माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के तहत दुकानों को स्थानांतरित किये जाने हेतु पर्याप्त पुलिस बल व कार्यपालक दण्डाधिकारी नियुक्त किये जाने हेतु जिला कलेक्टर मिशा सिंह को महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार निगम आयुक्त अनिल भाना द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था आज पर्याप्त दल उपलब्ध होने पर कबाड़ा गोदामों को हटाने की कार्यवाही की गई।

रतलाम शहर के रहवासी क्षेत्र में लगभग 85 कबाड़ो की दुकानो को हटाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर 2025 सूचना पत्र जारी किये गये थें। कबाड़ा व्यापारियों द्वारा नगर निगम द्वारा जारी किये गये सूचना पत्र के संबंध में दायर याचिका को न्यायालय ने याचिका को खारिज कर अपनी-अपनी कबाड़े की दुकानो को रतलाम शहर से बाहर स्थानांतरित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

वर्तमान में भीषण गर्मी से रतलाम शहर में अग्नि दुर्घटनाऐं अधिक हो रही है। कबाड़ा व्यवसायियों द्वारा अपने परिसर (रहवासी क्षेत्र) में अग्नि सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के उपकरण नही रखें जाते है, इससे अग्नि दुर्घटना की संभावना बनी रहती है एवं यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है। ऐसी स्थिती में कबाड़े की दुकानो एवं गोदामों को रतलाम शहर रहवासी क्षेत्रों से हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

कबाड़ा गोदाम हटाने की कार्यवाही के दौरान तहसीलदार ऋषभ ठाकुर, स्वच्छता अधिकारी राजेन्द्रसिंह पवांर, माणक चौक थाना टीआई, झोन प्रभारी विनय चौहान, तरूण राठौड़ सहित पुलिस बल उपस्थित था।

## न्यूज कालम



### श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मंदसौर ।** स्थानीय रुद्राक्ष माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय च्श्री गोदा रंगनाथ विवाह महोत्सवज्ज के तीसरे दिन भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस धार्मिक उत्सव में धर्मप्रवर्तकाचार्य परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री श्रीनिवासाचार्य स्वामीजी महाराज एवं बालक स्वामीजी श्री श्री 1008 श्री अनंताचार्य स्वामीजी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। भजन संध्या में कोटा के प्रसिद्ध गायक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी ने च्मोहन आओ तो सहीच्, जगन्नाथ चका नैनज्ज और च्मीठी रस से भरियोली राधा रानी लागेच्च जैसे मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर नृत्य करने लगे इस दौरान भगवान की सवारी (वारी) का भ्रमण, संध्या आरती और अन्नकूट भोग दर्शन के आयोजन भी हुए। इसी गरिमामय अवसर पर च्शिवांशीज्ज पत्रिका का विमोचन किया गया और महिला मंडल की नवगठित समिति की अध्यक्ष सोनल चौधरी (मंडोवरा), सचिव राखी परवाल एवं कोषाध्यक्ष शिखा चिचानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद की गोपनीयता की शपथ ली।

### वंशिका धाकड़ को मिली म.प्र. सब-जूनियर बेसबॉल टीम की कप्तानी

**मन्दसौर।** भुवनेश्वर, उड़ीसा में आयोजित होने वाली ३१वीं



राष्ट्रीय सब-जूनियर बेसबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश की टीम की घोषणा कर दी गई है। मध्य प्रदेश बेसबॉल संगठन के अध्यक्ष व इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव तथा सचिव महेश जोशी द्वारा घोषित इस टीम में मंदसौर जिले को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। शहर की प्रतिभावान खिलाड़ी वंशिका धाकड़ को बालिका वर्ग का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि बालक वर्ग की कमान आद्य पुरोहित को सौंपी गई है। घोषित टीम में बालिका वर्ग की ओर से दिशा, अंबिया, इशिका, गौरी चौहान, गौरी पाटीदार सहित कई खिलाड़ी शामिल हैं, जिनकी कोच वैशाली वर्मा व श्रीजा सिंह हैं। वहीं बालक वर्ग में ऋद्धांश, दिव्यांश, विराट, प्रथम सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें विवेक यादव व सुदर्शन पाटीदार कोचिंग दे रहे हैं। इस गौरवशाली उपलब्धि पर खेल अधिकारी राजू कुमार, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विजेंद्र देवड़ा, जिला बेसबॉल अध्यक्ष हिम्मत डांगी, संरक्षक प्रीतेश चावला, गौरव अग्रवाल, सचिव ओमप्रकाश सूर्यवंशी, कोषाध्यक्ष विमल जैन, खेल शिक्षक दिनेश यादव, कोच नवीन खोखर आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### शिवना शुद्धिकरण जन अभियान के 125 दिन पूरे, श्रमदानियों ने घाटों को संवारा



**मन्दसौर।** मंदसौर की जीवनदायिनी शिवना नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए चलाया जा रहा शिवना शुद्धिकरण जन अभियान सफलतापूर्वक 125वें दिन भी जारी रहा। क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के तहत रविवार सुबह बड़ी संख्या में श्रमदानी शिवना तट पर एकत्रित हुए। श्रमदानियों ने पूरी ऊर्जा के साथ नदी के भीतर जमा गंदगी को बाहर निकाला और किनारों पर फैली गाजर घास को हटाने का महत्वपूर्ण कार्य किया, जिससे नदी से करीब एक ट्रॉली कचरा साफ किया गया। इसके साथ ही शिवना घाट की दीवारों और सीढ़ियों पर आकर्षक रंग-रोगन का कार्य भी किया गया ताकि घाट सुंदर दिखाई दे। अभियान के मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड़ ने नगरवासियों से शिवना की स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी समझने का आग्रह करते हुए हर रविवार सुबह 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान रमेश सोनी, राकेश जैन पिंटू, हेमराज खाबिया, तरुण खिंची, इष्टा भाचावत, अनीता भदोरिया सहित आसपास के गांवों से आए अनेक समाजसेवी और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक अपनी भागीदारी निभाई।

### इंदौर में चमका मंदसौर का इनरव्हील क्लब, मिले कई बड़े अवार्ड



**मन्दसौर।** इंदौर में आयोजित इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 304 के गरिमामय समारोह उत्सर्ग सेलिब्रेशन ऑफ ग्रेटीट्यूड एंड लीडरशिप सेरेमनी में इनरव्हील क्लब मंदसौर के सेवा कार्यों की सराहना की गई और क्लब ने कई महत्वपूर्ण अवार्ड अपने नाम किए। समारोह में मुख्य अतिथि आईआईडब्ल्यू की उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता लूनानी (एलुरु) और एसोसिएशन प्रेसिडेंट श्रीमती विनुथा (बेंगलोर) तथा डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह की उपस्थिति में मंदसौर क्लब की अध्यक्ष हेमा हिंगड़ को उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए प्रतिष्ठित बेस्ट अध्यक्ष और स्पर्श एक एहसास अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही क्लब की उषा कुमावत को च्बेस्ट आई एस ओज्ज और किरण भामावत को बेस्ट एडिटर का अवार्ड प्राप्त हुआ। मंदसौर क्लब को एसोसिएशन ऑफ इनरव्हील क्लब्स इन इंडिया की ओर से दो हैप्पी स्कूल परियोजनाओं के सफल और प्रभावी संचालन के लिए भी विशेष सम्मान से नवाजा गया। सचिव रचना दोषी और कोषाध्यक्ष सुनीता पहाड़िया के अनुसार, क्लब ने सालभर सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर काम किया है। क्लब सदस्याओं ने बधाई दी है।



## उत्तराखंड पावन धार्मिक यात्रा की सुखद आनंदानुभूति लेकर लौटे श्रद्धालु

**सारंगपुर।** विगत 15 दिवस की उत्तराखंड चार धाम यात्रा की सुखद आनंदानुभूति लेकर हमारे नगर के समाजसेवी महादेव मित्र मंडल परिवार के महेश सरिता पाटीदार एवं गुंजन लता सोनी ने सपत्नीक यात्रा कर हर्षोल्लासित होकर सकुशल लौटने पर उनके परिवार, निकटतम रिश्तेदार एवं साईं समिति सदस्य अर्जुन प्रजापति, पर्यावरण प्रेमी सदस्य नंदकिशोर सोनी, लक्ष्मी नारायण त्रिकार सपत्नीक अपने इष्टमित्रों ने आगवानी करते हुए स्थानीय साई मंदिर पर आत्मीय भाव से युक्त होकर उनका बहुत-बहुत हार्दिक अभिनंदन करते हुए सफल यात्रा की अनुभूति से लबरेज दिखाई दिए। सभी ने उन्हें भावपूर्ण सम्मान देते हुए आत्मीय सत्कार किया। प्रसिद्ध केदारनाथ ज्योतिर्लिंग, बद्रीविशाल, यमनोत्री, गंगोत्री की सुखद यात्रा का वृतांत सुनाते हुए महेश पाटीदार ने बताया कि यह यात्रा अंतर्मन की गहराइयों में उतरने का एक आध्यात्मिक मार्ग है। जब हम किसी पवित्र स्थान, मंदिर या तीर्थ क्षेत्र में पहुंचते हैं, तो वहाँ का सकारात्मक वातावरण और ईश्वरीय प्रतिमा के दर्शन हमारे मन को अद्भुत शांति और ऊर्जा से भर देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह सदियों से संतों, भक्तों और साधकों द्वारा की गई प्रार्थनाओं से उन स्थानों की ऊर्जा जागृत होती है। जब हम ऐसे वातावरण में प्रवेश करते हैं, तो हमें एक विशेष प्रकार की सकारात्मकता का अहसास होता है। वही श्रद्धालु गुंजन सोनी ने बताया जब हम ईश्वर के सामने शीश झुकाते हैं, तो हमारे भीतर का अहंकार समाप्त हो जाता है। यह अहसास हमें अपनी वास्तविकता से जोडता है और मन में क्षमा, प्रेम और करुणा के भाव जागृत करता है। प्रकृति का जीवंत नजारा देख कल्पना होती है हमारे अधिकांश प्राचीन तीर्थ या तो नदियों के किनारे, पहाडों पर या शांत वनों में स्थित हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और ईश्वरीय आराधना का यह संगम मन को प्रफुल्लित कर देता है।

## पुलिस विभाग में चयनित तीन बेटियों का जगह-जगह हुआ सम्मान



**जगोटी।** एक गरीब परिवार की तीन बेटियां अपनी लगन व मेहनत के दम पर मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में कांस्टेबल पद पर चयनित हुई, ट्रेनिंग दी व अब भोपाल, जबलपुर व उज्जैन के थानों पर ड्यूटी देते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रही है। जगोटी निवासी मोतीराम परमार लघु कृषक है उनकी पत्नी मधुकांता कन्या विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना संचालित करती है, इस दंपति की तीन बेटियां ममता, ज्योति व सोना परमार के पुलिस कांस्टेबल बनने के पश्चात शुक्रवार को जगोटी में स्वागत जूलुस निकाला गया जिसका जगह-जगह विभिन्न वर्गों के लोगों ने स्वागत किया। चौक बाजार में पूर्व सरपंच हाकमसिंह बापू, जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण अध्यक्ष डा चैनसिंह चौधरी, रवि बोडाना मित्र मंडल, संत रविदास समाज, सुनील आंजना मित्र मंडल , मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के मोहनलाल हेड़ा, अनंत शर्मा, गोपाल गुजराती,बिरमानंद सेन, मुन्ने खां पठान रजनीश तिवारी सहित सामाजिक संगठनों द्वारा तीनों बहिनों का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। स्वागत यात्रा का कबीर चौराहा पर भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## चारधाम यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का स्वागत



**सुसनेर।** चारधाम यात्रा पूर्ण कर सुसनेर नगर लौटे गोवर्धनलाल नागर एवं गिरिराज पाटीदार का मनकामनेश्वर समिति एवं प्रभात फेरी झंडा पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। दोनों श्रद्धालुओं के नगर आगमन पर समिति सदस्यों ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने कहा कि चारधाम यात्रा भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा में विशेष महत्व रखती है। यात्रा पूर्ण कर लौटने वाले श्रद्धालुओं का सम्मान करना धार्मिक परंपरा का हिस्सा है। स्वागत कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने अपनी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए भगवान बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के दर्शन का उल्लेख किया। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना भी की। कार्यक्रम में मनकामनेश्वर समिति, प्रभात फेरी झंडा पार्टी के सदस्य एवं नगर के धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे।

## गट्टानी अध्यक्ष व हेड़ा सचिव निर्विरोध निर्वाचित





**जगोटी।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के निर्देशानुसार वर्ष 2026-29 के लिये माहेश्वरी भवन जगोटी में श्रीमाहेश्वरी समाज जगोटी की कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव अधिकारी अशोक हेड़ा व कैलाश गट्टानी के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गट्टानी, उपाध्यक्ष मोहनलाल हेड़ा, सचिव गोपाल कृष्ण हेड़ा, संयुक्त मंत्री देवेन्द्र कुमार गट्टानी, कोषाध्यक्ष संदीप गट्टानी, संगठन मंत्री सत्यनारायण अगाल, प्रचार मंत्री अजय हेड़ा, जिला प्रतिनिधि पश्चिमांचल राकेश बसैर व मनोज बजाज का निर्विरोध निर्वाचित हुए। नवीन पदाधिकारियों का समाज के वरिष्ठ जनों ने सम्मान किया।

वर्षा से पहले सक्रिय हुआ नपा प्रशासन :

# नालों की सफाई के लिए मैदान में उतारी जेसीबी

### सीएमओ ने जताई चिंता, बोले: जल्द पूरी होगी शहर के सभी नालों की सफाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



मानसून आने से पहले ही नगर परिषद प्रशासन जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर आ गया है। इसको लेकर हमारे द्वारा नपा प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया था जिसके बाद आगामी बारिश के मौसम में शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से न जूझना पडे, इसे लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक रानवे ने गहरी चिंता व्यक्त की है। सीएमओ रानवे के कडे निदेशों के बाद नगर परिषद के स्वच्छता अमले ने युद्ध स्तर पर शहर के प्रमुख नालों की सफाई का अभियान शुरू कर दिया है।

शहर के विभिन्ना वार्डों और मुख्य मार्गों पर स्थित भारी गाद से पटे नालों को साफ करने के लिए जेसीबी मशीनों को मैदान में उतारा गया। नपाकर्मियों की मुस्तैदी और भारी मशीनों की मदद से नालों के भीतर जमा कचरा, पॉलीथिन और मलबे को बाहर निकाला जा रहा है, ताकि बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के सुगमता से शहर से बाहर निकल सके।

इन प्रमुख और संवेदनशील नालों पर केंद्रित है नपा का अभियान

प्रशासन ने शहर के उन हिस्सों को चिन्हित किया है, जहाँ हर साल बारिश के दिनों में बाढ जैसी स्थिति बन जाती है। मुख्य रूप से उन्ही जलमार्गों पर सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। सीएमओ रानवे ने बताया कि अकोदिया रोड कॉन्वेंट स्कूल से आदर्श कॉलोनी पर भी नाले की सफाई की जरूरत है इस मार्ग पर स्थित नाले की सफाई से रहवासी इलाकों को बडी राहत मिलेगी। अस्पताल रोड, बदलीपुरा, अंबिका पुरी कॉलोनी और भेरू दरवाजा रोड नाला यह शहर के बेहद व्यस्त और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, यहाँ जलभराव रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। दशहरा मैदान से कीडी रोड का नाले की सफाई से निचली बस्तियों में पानी भरने का खतरा टल जाएगा। नपा के पीछे मदन गंगा गार्डन के समीप का नाला में कचरा जमा होने से पानी का बहाव रुक जाता है जिसे अब दुरुस्त किया जाना जरूरी है।

सबसे बड़ी दिक्कत पुलिस एसडीओपी कार्यालय के सामने के नाला के चौक होने से आती है क्योंकि इस शासकीय कार्यालयों के आसपास जलजमाव की स्थिति सबसे ज्यादा बनती है और पुराना नेशनल हाइवे तक जलमग्न हो जाता है, इसके लिए यहाँ मुस्तैदी दिखाई जा रही है। जबकि रहवासी क्षेत्र सिदाखाल से काली मस्जिद तक के सघन आबादी वाले इस क्षेत्र में नाले की गहराई से सफाई की आवश्यकता है। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह साफ करने के बाद बारिश का पानी बिना रुके सीधे मुख्य नालों से होते हुए शहर के बाहर निकल जाएगा। नपा ने आम जनता से भी अपील की है कि वे नालों और नालियों में कचरा, प्लास्टिक की थैलियां या अन्य अपशिष्ट न फेंकें। यदि नालों में दोबारा कचरा डाला गया, तो सफाई के बावजूद चोक होने की समस्या खडी हो सकती है। फिलहाल, नपाकर्मियों की टीमें लगातार अलग-अलग शिफ्टों में काम कर रही हैं, और उम्मीद जताई जा रही है कि प्री-मानसून की बौछारों से पहले ही शहर के सभी संवेदनशील नालों को पूरी तरह साफ कर लिया जाएगा।

**बिना रुके निकलेगा बारिश का पानी, सीएमओ ने की अपील**

हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पहली ही बारिश में शहर की सडकों पर पानी न जमा हो। सभी मुख्य और सहायक नालों की सफाई समय रहते पूरी कर ली जाएगी ताकि ड्रेनेज सिस्टम सुचारू रूप से काम करे।

**दीपक रानवे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नपा, सारंगपुर**

कलेक्टर के निर्देश पर चले फ्री जोन अभियान में मिली शराब और प्रतिबंधित सामग्री

# शैक्षणिक संस्था और सार्वजनिक स्थानों पर बिक रही अवैध शराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जिले में सैक ड़ों स्थानों पर अवैध शराब की बिक्री जोरों पर चल रही है, अवैध शराब विक्रय के लिए लायसेंसी ठेकेदारों में विवाद की स्थिति भी कई स्थानों पर बन रही है, इतना ही नहीं अवैध शराब विक्रय स्थल को लेकर लायसेंसी ठेकेदारों के मध्य चल रहे विवाद को निपटाने के लिए आबकारी व पुलिस विभाग के नुमाइंदे भी अपनी भूमिका निभा रहे है, जिन्हे अवैध शराब पर रोकथाम व कार्यवाही करना चाहिए वे विभागीय नुमाइंदे समझोते और सेटिंग में व्यस्त है।

यही वजह है कि अवैध शराब की बिक्री क्षेत्र में तेजी से पनप रही है। आलम यह है कि शैक्षणिक संस्थाओं, देवालयों व सार्वजनिक स्थानों पर अवैध शराब का विक्रय खुले आम हो रहा है, इसका खुलासा शनिवार को ड्रग फ्र ी जोन अभियान के तहत की गई कार्यवाही के दौरान हुआ। शनिवार को प्रशासन ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास अवैध गतिविधियों के विरुद्ध आक्रामक कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी राजकुमार हलदार के नेतृत्व में गठित दल ने शासकीय जेएनएस महाविद्यालय शुजालपुर एवं कृषि उपज मंडी क्षेत्र के समीप गुमठियों पर से अवैध शराब का जाखिरा पकड़ा। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास गुमठियों व ठेलों में तम्बाकु व प्रतिबंधित सामग्री विक्रय होते मिली। प्रशासन की कार्रवाई विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज परिसरों के आसपास संचालित अवैध शराब बिक्री को लेकर केंद्रित रही। इसी प्रकार नगर की मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए सैंपल लिए गए।

जांच में कुछ दुकानों पर एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री मिलने पर उसे जप्त कर संबंधित व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण बनाए जाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी निमेष देशमुख, तहसीलदार किरण धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**इनका कहना**

मीडिया से चर्चा में कहा कि स्कूल, कॉलेज व शैक्षणिक संस्थाओं के 500 मीटर के दायरे में नशीले व तम्बाकु उत्पादनों की बिक्री पर पूर्व से ही प्रतिबंध है, जेएनएस कॉलेज के सामने नशीले पदार्थ बीढ़ी सिंगरेट और शराब मिली है, जो कि गलत है और चिंता जनक है, क्षेत्र में कही भी अवैध शराब की बिक्री गलत है, इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सामग्रियों की दुकानों पर भी जांच की गई है।

**राजकुमार हलदर एसडीएम शुजालपुर**

## पुण्य कभी दगा नहीं करता और पाप कभी माफ नहीं करता - मसा

**महिदपुर।** जिन शासन गौरव, पूज्य आचार्य श्री उमेश मुनिजी म.सा. की सुशिष्या एवं धर्मदास गणनायक पूज्य प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तनी संयम रुचिका पूज्य महासती श्री संयम प्रभाजी म.सा. ने स्थानीय जैन स्थानक भवन में एक धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मानव दैनिक जीवन चर्या में पाप के बीज बोया करता है, किंतु पाप का फल नहीं चाहता है। जब तक हमारे पुण्य है, हमारा कोई भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। पुण्यवानी समाप्त हो जावेगी, तो हमारे घर के सदस्य भी हमारी नहीं सुनेंगे। मानव जीवन में पुण्य कभी दगा नहीं करता है, तथा पाप कभी माफ नहीं करता है। आपने कहा कि कषाय एवं अपरिग्रह की प्रवृत्तियां हमारे ज्ञान, दर्शन और चारित्र को लूट रही है, इसलिए हमें सुदेव, सुगुरु और सुधर्म पर श्रद्धा करनी चाहिए। समयकत्व श्रद्धा वीतराग देवों पर होनी चाहिए। समयकत्व की नींव मजबूत होगी तो हम मिथ्यात्व में नहीं भटकेंगे और मिथ्यात्व से दूर रहेंगे तो हमारी धर्म आराधना मजबूत होगी।

## बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 27 से

**महिदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा 27 से 31 मई 2026 तक निशुल्क बाल व्यक्तित्व विकास समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। शिविर गोपाल धर्मशाला में प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक लगेगा। इसमें 8 से 14 वर्ष के बच्चों को योग, मेडिटेशन, डांस, ड्रामा, स्पीच, क्राफ्ट व खेलों के माध्यम से मानसिक व शारीरिक विकास का प्रशिक्षण दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। इच्छुक अभिभावक ब्रह्माकुमारी सेंटर (रामलीला मैदान, यशवंत मार्ग) पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं।

## चौहान अखिल भारतीय बलाई महासभा के प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त



**कानड़ ।** अखिल भारतीय बलाई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदनलाल राठौड़ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक बाबूलाल बछेर की सहमति से समाजसेवी गोकुल चौहान को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। चौहान की नियुक्ति पर उनके समर्थक ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही चौहान ने बताया की समाज जो जिम्मेदारियां संगठन द्वारा सौंपी गई है वह निष्ठा के साथ निभाएंगे शोषित पीड़ित व्यक्तियों के न्याय के खिलाफ जरूरतमंदों की आवाज उठाएंगे और मदद करेंगे।

स्वच्छता और स्वास्थ्य का संदेश लेकर निकला जागरूकता मार्च

# समर कैंप में सामूहिक नमस्कार भी किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के क्रीड़ा विभाग एवं एनएसएस द्वारा स्वच्छ शुजालपुर स्वस्थ शुजालपुर थीम पर जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। समर कैंप 2026 के अंतर्गत हुए इस कार्यक्रम में विशाल पैदल मार्च एवं सामूहिक सूर्यनमस्कार का आयोजन किया गया। प्रातः 6 बजे महाविद्यालय परिसर से निकले मार्च में छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों और नागरिकों ने भाग लिया। बस स्टैंड, श्रीनगर कॉलोनी, रोकडिया हनुमान मंदिर एवं टेंपो चौराहा मार्ग से निकले मार्च में स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी नारों से वातावरण गूंज उठा। अभियान का मुख्य आकर्षण छात्राओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक लाठी कला प्रदर्शन रहा, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भाजपा जिला महामंत्री विजय बैस एवं लाड़ सिंह राजपूत ने भी लाठी युद्ध का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा अधिकारी देवेंद्र कुंभकार के मार्गदर्शन में किया गया।

# बारिश आने के करीब है और एमजी रोड का ड्रीम प्रोजेक्ट अधूरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास



जिस गति के साथ महापौर ने अपने एमजी रोड ड्रीम प्रोजेक्ट की शुरूआत मकान के तोड़फोड़ के साथ की थी, उस ड्रीम प्रोजेक्ट की ओर नगर निगम बहुत ही धीरी चाल से आगे बढ़ रहा है। आज व्यापारियों ने तो अपने मकान-दुकान व्यवस्थित कर लिए हैं, लेकिन नगर निगम उनके ड्रीम प्रोजेक्ट की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाया। पहले नाला निर्माण हुआ जिससे पूरे रोड पर अव्यवस्था रही।

इसके बाद अब फिर से नाली निर्माण को लेकर खुदाई हो रही है। नगर निगम आज तक विद्युत पोल शिफ्टिंग का काम भी नहीं कर पाया। अगर समय रहते जैसा प्रोजेक्ट में दर्शाया गया है कि सड़क के बीच में विद्युत के पोल लगेंगे वह लग जाते और सड़क का काम भी साथ में शुरू हो जाता तो आज कायाकल्प नजर आता। कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने बताया कि बारिश 15 जून के आस पास शुरू हो जाती है। इस मान से समझ लो एक माह का समय शेष है। अभी नाली निर्माण का काम शुरू किया है जो किसी भी हाल में बारिश के पूर्व पूरा नहीं हो सकता, ना ही महीने भर के अंदर सारे विद्युत पोल शिफ्ट हो सकते हैं। बारिश आते ही पूरे एमजी रोड पर कीचड़ मच जाएगा। अभी जो लोगों का आना-जाना है वह भी दुभर हो जाएगा, व्यापार पूरी तरह प्रभावित होगा।

समय रहते त्वरित गति से कार्य प्रारंभ किया जाएगा तो कार्य भी पूरा होगा वहीं लोगों को सुविधा भी मिलेगी अन्यथा परेशानी तो उठाना ही पड़ेगी।

**पोल शिफ्टिंग और सड़क निर्माण का काम शुरू कर**

कांग्रेस की मांग है कि महापौर अपने ड्रीम प्रोजेक्ट की दिशा में त्वरित गति से काम कराते हुए सबसे पहले पोल शिफ्टिंग और सड़क निर्माण का काम शुरू करें जिससे बारिश के दिनों में सड़क पर कीचड़ नहीं मचे वहीं नाली निर्माण को लेकर युद्ध स्तर पर पूरी गति के साथ निर्माण कार्य शुरू किया जाए जिससे जून माह के अंदर ही निर्माण पूरा हो सके।



हाथ की सफाई से पेट भरने की जंग:

## जादू का खेल दिखाकर परिवार पाल रहे कलाकारों के सामने रोजी-रोटी का संकट

**सारंगपुर।** विज्ञान और तकनीक के इस दौर में जहां मनोरंजन की परिभाषा पूरी तरह बदल चुकी है, वहीं अपनी पारंपरिक कला के दम पर परिवार का भरण-पोषण करने वाले जमीनी कलाकारों का संघर्ष लगातार बढता जा रहा है। स्थानीय हाट-बाजारों और कस्बों की गलियों में राजस्थान के टोंक का एक परिवार सारंगपुर में बस स्टैंड के पास ढेरा जमाए हुए हैं। इसमें से एक सदस्य 11 वर्षीय मन्न सिंह जादु की कलाकारी दिखा रहा था, उसके बताया कि मेरे दादा और पिता भी यही काम करते है और हम इससे ही पेट पालते है। इसी तरह आज भी कुछ ऐसे जादूगर और उनके परिवार मिल जाते हैं, जो डिब्बे से सामान निकालने, खाली हाथ से सिक्के बरसाने और ताश के पत्तों के खेल दिखाकर लोगों का मनोरंजन करते हैं। लेकिन इस जादू के पीछे छिपा सच बेहद कडवा और अभावों से भरा है। कभी राजा-महाराजाओं और आम जनता के बीच कौतूहल का विषय रहने वाली यह विधा आज चंद रुपयों की मोहताज होकर रह गई है।

## व्यवसायिक शिक्षा अपनाकर उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र संवार रहे भविष्य



**सारंगपुर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर में व्यावसायिक शिक्षा (वोकेशनल एजुकेशन) के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास रंग ला रहा है। विद्यालय में संचालित एग्रीकल्चर और आईटी ट्रेड के जरिए छात्र-छात्राओं को रोजगारपरक और कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे भविष्य के लिए तैयार हो रहे हैं। यह पूरा कार्यक्रम विद्यालय की प्राचार्या पूजा विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। व्यावसायिक पाठ्यक्रम के व्यावहारिक ज्ञान को मजबूत करने के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की ऑन जॉब ट्रेनिंग आयोजित की गई। प्राचार्या पूजा विजयवर्गीय के कुशल प्रबंधन और दिशा-निर्देशन में दोनों ट्रेड की यह ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्ना हुई। इस ट्रेनिंग के दौरान विद्यार्थियों को कृषि और तकनीकी क्षेत्र की बारीकियों को जमीन पर समझने का अवसर मिला। ट्रेनिंग के सफल आयोजन और विद्यालय में मिल रही बेहतर सुविधाओं को लेकर दोनों ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षक राहुल मालवीय और मोहन लववंशी सहित विद्यार्थियों ने संस्था प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस प्रकार की रोजगारोन्मुखी शिक्षा से न केवल विद्यार्थियों का कौशल विकास हो रहा है, बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों के बच्चों के लिए भविष्य में रोजगार के नए अवसर भी खुल रहे हैं।

## महिदपुर रोड मंडलम में मांगीलाल आंजना अध्यक्ष मनोनीत



**महिदपुर रोड।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश परमार ने महिदपुर रोड मंडलम क्षेत्र के विभिन्न चौदह मंडलम अध्यक्षों की नियुक्तियां करते हुए विभिन्न मंडलम में युवा कार्य शील नियुक्त किया है। महिदपुर रोड मंडलम की गई नई नियुक्तियों के अनुसार महिदपुर रोड मंडलम में मांगीलाल आंजना को झुटा वद मंडलम में भूपेन्द्र सिंह पंवार को डेलचीखुर्द मंडलम में गिरधारी लाल चौहान को पेटलावद मंडलम में लखन वर्मा को सगवाली मंडलम में रघुवीर सिंह को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया इसी के साथ आठ अन्य मंडल में भी अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है मंडलम अध्यक्षों की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## इन्वेंचर किड्स एकेडमी में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सुसनेर।** नगर के इन्वेंचर किड्स एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीओपी देवनारायण यादव ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ साइबर ठगी की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा ओटीपी, बैंक खाता एवं पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की समझाइश दी। एसडीओपी यादव ने कहा कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या साइबर अपराध होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी साइबर सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विस्तार से जवाब दिया गया।

## बंद फोन, लैपटॉप पर भी आपके काम करेगा एआई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

गूगल अब केवल सर्च इंजन कंपनी नहीं रहना चाहती। उसका अगला लक्ष्य कंज्यूमर एआई की दुनिया में वही दबदबा बनाना है, जो कभी इंटरनेट सर्च में था। और अब ऐसा लगने लगा है कि वह ओपनएआई से एआई की दौड़ में ताज छीन सकती है। 19 मई को गूगल ने नए जेमिनाई 3.5 फ्लैश मॉडल से चलने वाले एआई एजेंट्स की श्रृंखला पेश की। इनमें ऐसे एआई कोडर्स भी शामिल हैं जो ओपनएआई और एंथ्रोपिक के टूल्स को चुनौती देने के लिए बनाए गए हैं।

गूगल का फोकस अब केवल चैटबॉट नहीं, बल्कि काम करने वाले एआई' पर है। कंपनी ऐसे एजेंट्स ला रही है जो यूजर के फोन या लैपटॉप बंद करने के बाद भी काम जारी रख सकेंगे। ₹जेमिनाई स्पार्क' नाम का एजेंट ईमेल स्कैन करने, ग्रुप ट्रिप आयोजित करने जैसे कई डिजिटल काम अपने आप निपटा सकेगा। वहीं गूगल सर्च में जोड़े जा रहे ₹इंफॉर्मेशन एजेंट्स' स्पोर्ट्स टूनामेंट्स, शॉपिंग सेल्स और शेयर बाजार पर नजर रखेंगे। उसके कुछ एजेंट सीधे जेमिनाई ऐप में होंगे, जिसे हर महीने करीब 90 करोड़ लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ एआई फीचर्स गूगल सर्च में जुड़ेंगे। इससे ओपनएआई पर दबाव बढ़ सकता है।

### ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहीं, कहा- रुख बदल लेते हैं, क्रूड आयल हो सकता है सस्ता

# दावा- ईरान जंग खत्म करने का समझौता लगभग फाइनल

### राष्ट्रपति ट्रम्प ने एक जॉइंट कॉल पर मुस्लिम देशों के नेताओं से बात की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान जंग खत्म करने का समझौता 'लगभग फाइनल' हो चुका है। दोनों देशों के बीच अभी आखिरी डिटेल्स पर काम चल रहा है। खाड़ी देशों के नेताओं और इजरायली प्रधानमंत्री से बातचीत के बाद ये समझौता फाइनल हो रहा है। ट्रम्प ने कहा कि समझौते के तहत स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को फिर से खोला जाएगा। यह वही समुद्री रास्ता है जहां से दुनिया की कुल तेल सप्लाई का करीब पांचवां हिस्सा गुजरता है। इस खबर के आने के बाद अब सोमवार को क्रूड ऑयल की कीमतों में गिरावट आ सकती है। एक तरफ जहां पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल मतभेदों को कम करने के लिए तेहरान में है, वहीं ईरान ने ट्रम्प प्रशासन की विश्वसनीयता पर शक जताया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा, ₹हम कह सकते हैं कि हम समझौते के बहुत दूर भी हैं और बहुत करीब भी। हमारे पास अमेरिकी पक्ष का पुराना अनुभव है, जो अपनी ही बातों का खंडन करता है और रुख बदल लेता है। हम पूरी तरह आश्वस्त नहीं हो सकते कि उनका यह नजरिया फिर नहीं बदलेगा।



### होर्मुज स्ट्रेट के खुलने से कच्चे तेल का दाम गिर सकते हैं

इस जंग की वजह से स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज को ईरान ने बंद कर दिया था। यह समुद्री रास्ता दुनिया के लिए लाइफलाइन की तरह है, क्योंकि वैश्विक स्तर पर कुल तेल सप्लाई का करीब पांचवां (20%) हिस्सा इसी रास्ते से होकर गुजरता है। इस रास्ते के दोबारा खुलने की उम्मीद से ही कच्चे तेल के बाजारों में नरमी के संकेत मिलने लगे हैं।

### मार्च-अप्रैल तक दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए

28 फरवरी को जब जंग की शुरूआत हुई थी तो कच्चा तेल 70 डॉलर प्रति बैरल के करीब चल रहा था। मार्च-अप्रैल तक दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए। फिर सीजफायर के ऐलान के बाद दामों में उतार-चढ़ाव रहा और ये 100 डॉलर से नीचे आ गए। अभी ब्रेंट क्रूड ऑयल 103 डॉलर प्रति बैरल के करीब है।

ट्रम्प ने जंग खत्म करने को लेकर पहले भी कई दावे किए हैं, लेकिन इस बार भी यह साफ नहीं है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम का कोई समाधान निकला है या नहीं।




**अप्रैल में हुआ था सीजफायर-** मिडिल ईस्ट में यह विवाद तब बढ़ा था, जब 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर बड़े हवाई हमले किए थे। इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अप्रैल की शुरूआत में दोनों देश युद्धविराम के लिए राजी हुए और तब से पर्दे के पीछे से शांति समझौते की बातचीत चल रही है।

### बीपीसीएल बोला- संकट जारी रहा तो दाम बढ़ना तय

# भारत में फिर महंगे हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

तेल कंपनी भारत पेट्रोलियम के डायरेक्टर राज कुमार दुबे ने कहा है कि अगर वैश्विक ऊर्जा संकट इसी तरह जारी रहा, तो देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में एक और बढ़ोतरी तय है।

भारत में 9 दिन में तीन बार पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ चुके हैं। कल 23 मई को 19 मई को दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इससे पहले 15 मई दाम 3 रुपए बढ़े थे।



अमेरिका-ईरान जंग की वजह से कच्चे तेल में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। इससे निपटने के लिए नीति निमार्ताओं के पास अब सीमित विकल्प बचे हैं। दुबे के मुताबिक, इस संकट से निपटने के लिए सरकार और तेल कंपनियों के सामने अभी मुख्य रूप से तीन रास्ते खुले हैं: पहला विकल्प-पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कीमतों को बढ़ा दिया जाए। दूसरा विकल्प- तेल कंपनियां खुद इस नुकसान को उठाएं और घाटे को बढ़ने दें। तीसरा विकल्प- सरकार फाइनेंसिंग के जरिए तेल कंपनियों को फंड मुहैया कराए। दुबे ने बताया कि शुरूआत में वैश्विक स्तर पर कीमतों में 20% से 50% तक की बढ़ोतरी को अस्थायी माना जा रहा था। लेकिन अब जिस तरह से स्थितियां बदल रही हैं, उसे देखकर लगता है कि यह संकट आगे भी जारी रहने वाला है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर को भारी नुकसान पहुंचा है। इस इंफ्रास्ट्रक्चर की तबाही को ठीक करने में ही अभी बहुत लंबा समय लगने वाला है। मौजूदा हालात को देखते हुए अगर यही स्थिति बनी रही, तो ईंधन के दामों में एक और बढ़ोतरी होना बिल्कुल तय है। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि कीमतों में कुल कितनी बढ़ोतरी की जाएगी।

## अमेरिकी हाउसिंग मार्केट में दिलचस्प ट्रेंड

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

मियामी में 50 करोड़ रुपए का वॉटरफ्रंट अपार्टमेंट हो, न्यूयॉर्क में पेंटहाउस हो या नैशविले में इन्वेस्टमेंट प्रॉपर्टी। अमेरिका के इन टॉप-एंड रियल एस्टेट बाजार में अब एक नया चेहरा दिख रहा है। और यह चेहरा युवा महिलाओं का है।

नेशनल एसोसिएशन ऑफ रियल्टर्स के मुताबिक अमेरिका में सिंगल महिला होमबायर्स की हिस्सेदारी 21% है, जबकि सिंगल पुरुष खरीदार महज 9% ही हैं। इतना ही नहीं, सिंगल महिला होमबायर्स में 29 वर्ष की युवतियों की हिस्सेदारी रिकॉर्ड 35% पहुंच गई है। 2 करोड़ से ज्यादा सिंगल महिलाएं अमेरिका में घर की मालकिन हैं। पुरुषों के मामले में यह संख्या 1.4 करोड़ है।

जहां बात 40 करोड़ से ऊपर की प्रॉपर्टी की हो, वहां तस्वीर और भी दिलचस्प है। कोल्डवेल बैंकर की रिपोर्ट कहती है कि 50 लाख डॉलर (करीब प्त 48 करोड़) नेटवर्थ वाली महिलाएं 15% लग्जरी घरों की मालकिन हैं।

मैनहट्टन में प्राइवेट इक्विटी बैकग्राउंड की जेन शी ने अपनी बिल्डिंग पांच बार विजिट करने के बाद खरीदारी का फैसला किया और वह भी फिनिशिंग देखने नहीं, बल्कि यह जांचने कि रोज की जिंदगी कैसे चलती है। महिलाएं उस इनविजिबल वैल्यू को ज्यादा समझती हैं जो अच्छे सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर से आती है। मियामी के फोर सीजन्स प्राइवेट रेसिडेंस (कीमत 50 करोड़ से शुरू) में चीफ मार्केटिंग ऑफिसर क्रिस्टीन मार्टिनेज डे कास्त्रो कहती हैं, अगर वाइफ को फोर सीजन्स पसंद आ गया, तो बस। फिर कोई बातचीत नहीं होती।

# Sport

### प्लेऑफ की उम्मीदें कायम, अय्यर ने जड़ा आईपीएल का पहला सैकड़ा

# लखनऊ को अंतिम लीग मुकाबले में सात विकेट से बुरी तरह धोया

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

लखनऊ के 197 रन के पहाड़ तले दबती पंजाब को कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने बल्ले से संजीवनी दे दी। इकाना में शनिवार को उनके पहले आईपीएल शतक ने सिर्फ मैच का रुख नहीं मोड़ा, बल्कि प्लेऑफ की उम्मीदों में भी फिर जान फूंक दी।

इस जीत के साथ पंजाब किंग्स का लगातार छह हार का क्रम भी टूट गया। अब पंजाब का भाग्य राजस्थान और कोलकाता के हाथ में है। अगर राजस्थान ने रविवार को मुंबई को हरा दिया तो पंजाब बाहर हो जाएगा। मुंबई की जीत की सूरत में कोलकाता और दिल्ली के मैच पर परिणाम निर्भर करेगा। तब कोलकाता को पंजाब से नेट रन रेट में आगे निकलने के लिए दिल्ली पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।



श्रेयस ने 101 रन की नाबाद पारी खेलने के साथ ही प्रभसिमरन (69) के साथ ही तीसरे विकेट के लिए 140 रन की ताबड़तोड़ साझेदारी भी निभाई। इससे पंजाब ने 197 रन का लक्ष्य 19 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन बनाकर हासिल कर लिया। श्रेयस ने मोहसिन पर छक्के के साथ अपना शतक पूरा करने के साथ ही टीम को सत्र की सातवीं जीत भी दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने पहली ही गेंद पर प्रियांश आर्य का विकेट गंवा दिया था। शमी ने अर्जुन के हाथों उन्हें कैच करवाया। शमी ने अपने दूसरे ओवर में कोनोली की भी गिल्लियां उखाड़ दी। पंजाब का स्कोर दो विकेट पर 22 रन हो गया। यहीं से श्रेयस ने प्रभसिमरन के साथ मिलकर मोर्चा संभाला। दोनों ने लखनऊ के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की और करीब 12 ओवर तक उन्हें विकेट से महरूम रखा।

## प्रज्ञान ने खेला सबसे लंबा मुकाबला

### 139 चालों का यह मैराथन मुकाबला 6 घंटे के बाद आखिर बराबरी पर छूटा

एजेंसी ▸▸ बुखारेस्ट (रोमानिया)

छह घंटे और 139 बाजियां। नतीजा ड्रॉ। यह मुकाबला भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच शनिवार को सुपर शतरंज क्लासिक में खेला गया। यह टूर्नामेंट ही नहीं ग्रैंड चेस टूर का सबसे लंबा क्लासिकल मुकाबला रहा। इससे पहले 2019 सिंकफील्ड कप में वेस्ली सो और इयान नेपोमनियाची के बीच मुकाबला 132 चालों तक चला ग्रैंड चेस टूर के सभी प्रारूप में सबसे लंबा मुकाबला खेलने का रिकॉर्ड लीरेजा फिरूजा और विदित गुजराती के बीच है। दोनों के बीच 2024 में जाग्रेब में खेला गया ब्लिट्ज मुकाबला 180 चालों तक चला था। आठवे दौर के इस मुकाबले में प्रज्ञाननंदा ने जीत हासिल करने के कुछ अच्छे मौके गंवा दिए। अमेरिका के फैबियानो कारुआना और जर्मनी के विंसेंट कीमर की बाजी भी बराबरी पर छूटी। विश्व चैंपियनशिप के दावेदार उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने नीदरलैंड्स के जॉर्डन वैन फोरस्ट पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नीदरलैंड्स के एक अन्य खिलाड़ी अनीश गिरी को रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल से हार मिली।

**प्रज्ञानानंदा ने गिरि को ड्रॉ पर रोका, कीमर को खिताब-** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने यहां अंतिम दौर में अनीश गिरि के खिलाफ आसान ड्रॉ खेलकर अपने अभियान का समापन किया, जबकि विन्सेंट कीमर ने जोरडेन वान फोरेस्ट को हराकर सुपर शतरंज क्लासिक का खिताब अपने नाम कर लिया। अंतिम दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना के साथ संयुक्त बढ़त पर चल रहे कीमर के पास खिताब जीतने का शानदार मौका था और उन्होंने वान फोरेस्ट को पराजित कर इसे भुना लिया। कीमर ने प्रतियोगिता का समापन छह अंकों के साथ किया। कारुआना और वेस्ली क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

### गुरिंदरवीर ने तोड़ा 100 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸ रांची

राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में शनिवार को भारतीय एथलेटिक्स के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। पंजाब के गुरिंदरवीर सिंह ने पुरुषों की 100 मीटर दौड़ 10.09 सेकंड में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बना दिया।

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
**योग्यता-** B.E.D/D.E.D./Deled
**वेतन-** 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## दो बाइकों की टक्कर के बाद युवकों में झगड़े के दौरान चले लात-घूंसे



**इंदौर।** तुकोगंज इलाके का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में रॉन्ग साइड से बाइक टकराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद होता दिखाई दे रहा है। काफी देर तक सड़क पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट होती रही। हालांकि, वहां से गुजर रहे लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। यह घटना तुकोगंज थाना क्षेत्र के रेसकोर्स रोड के पास शनिवार देर रात की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और वीडियो के आधार पर विवाद करने वालों की पहचान की जा रही है। वहीं, इंदौर के गंगवाल बस स्टैंड के पास शनिवार देर रात पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वालों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान करीब डेढ़ बजे गुजरात नंबर की एक कार में सवार चार युवकों ने बैरिकेड्स तोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस ने कुछ दूरी पर कार रोक ली और युवकों को पकड़ लिया। मौके पर थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे और युवकों को थाने ले जाने लगे। इस दौरान युवकों ने शोर मचाते हुए कहा कि पुलिस उन्हें बिना वजह पकड़ रही है। कुछ लोगों ने इस दौरान मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया, लेकिन जब उन्हें पता चला कि युवक शराब के नशे में कार चला रहे थे तो वे वहां से चले गए। बाद में सभी युवकों को छत्रीपुरा थाने लाया गया, जहां उनके खिलाफ शराब पीकर वाहन चलाने और प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की गई।

## बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पांच आयशर वाहनों में भरे मवेशी पकड़े

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया इलाके में बजरंग दल के लोगों ने करीब पांच आयशर वाहनों को रोका। इनमें क्रूरता पूर्वक मवेशी भरे हुए थे। बजरंग दल ने मौके पर हंगामा किया। बाद में पुलिस ने इस मामले में आयशर वाहन चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने बायपास पर एक्जोटिका होटल के सामने ब्रिज के ऊपर से मवेशियों से भरे पांच वाहनों को रोककर जब्त किया। इस मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ता महेंद्र मोरी, निवासी ग्राम कदवाली खुर्द, की शिकायत पर शनिवार को शकील खान, जाकिर खान, जावेद खान, सईद खान व अन्य के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जब बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इन्हें रोका तो सभी ने वाहन भगाने की कोशिश की। कुछ दूरी पर रोकने के बाद कार्यकर्ताओं ने देखा कि वाहनों में जानवरों को अत्यधिक तंगी में, हवा और स्थान के अभाव में ठूंसकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर मवेशियों को नगर निगम को सौंप दिया। यहां से उन्हें सुरक्षित स्थान पर भिजवाया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी के पास मवेशियों को लाने-ले जाने संबंधी दस्तावेज नहीं थे। हालांकि पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है।

## बैग में छिपा रखी थी 54.11 एमडी ड्रग्स के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** इंदौर क्राइम ब्रांच ने 54.11 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। ये दोनों क्राइम ब्रांच को रोड किनारे खड़े मिल। उन्होंने बैग में ड्रग्स छिपा रखी थी। इस ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 5 लाख 40 हजार रुपए है। टीम ने आरोपियों के पास से ड्रग्स व अन्य सामान मिलाकर 6 लाख रुपए का माल जब्त किया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि पोलोग्राउंड चौराहे के पास तिलकपथ पर दो लोग संदिग्ध हालत में है। जानकारी मिलने पर टीम ने दोनों की घेराबंदी की, दोनों रोड किनारे बैग टांगे खड़े थे। उन्हें पकड़ा और पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम नावेद खान निवासी जबरन कॉलोनी, खाचरोद रोड नागदा और फरहान खान निवासी जबरन कॉलोनी खाचरोद रोड नागदा का होना बताया। जब उनके बैग को चेक किया तो उसने प्लास्टिक की थैली में 54.11 ग्राम एमडी ड्रग्स छिपा रखी थी। टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया है। उनसे जानकारी निकाली जा रही है कि ये दोनों कहां से ड्रग्स लेकर आए और किन लोगों को सप्लाई करने जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि नावेद ऑटो ड्राइवर है और 11वीं क्लास तक ही पढ़ाई की है, वहीं आरोपी फरहान कपड़े की दुकान पर दिहाड़ी वेतन पर काम करता और 9वीं क्लास तक ही पढ़ाई की है। आरोपी नावेद से 21.94 ग्राम और फरहान से 32.17 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। डीसीपी त्रिपाठी ने बतायाकि 1 जनवरी 2026 से आज तक क्राइम ब्रांच ने मादक पदार्थों को खिलाफ कार्रवाई करते 35 मामलों में 72 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, इसमें बैक्ट्रैक आरोपी भी शामिल है।

### भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहराया, पानी की किल्लत से परेशान जनता का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा

# गरीब बस्तियों और मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने पानी का संकट ज्यादा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




इंदौर में भीषण गर्मी के बीच जल संकट गहरा गया है। पानी की किल्लत से परेशान जनता का गुस्सा रविवार को सड़कों पर फूट पड़ा। शहर के अलग-अलग चौराहों पर कांग्रेस पार्षदों के नेतृत्व में रहवासियों ने उग्र प्रदर्शन और चक्काजाम किया।

इसके कारण शहर की रफ्तार थम गई और तपती धूप में सैकड़ों यात्री कई घंटों तक सिटी बसों और अन्य वाहनों में फंसे रहे। आखिरकार नगर निगम, पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के कार्रवाई के आश्वासन के बाद प्रदर्शन को समाप्त कर दिया गया।

**चक्काजाम से यात्रियों की बढ़ी आफत-** सुबह से ही शहर के दो बड़े केंद्रों पर प्रदर्शनकारियों ने मोर्चा खोल दिया। पालदा चौराहे पर कांग्रेस पार्षद कुणाल सोलंकी के नेतृत्व में वार्ड-75 और वार्ड-64 के सैकड़ों रहवासी सड़क पर बैठ गए। दीनदयाल उपाध्याय चौराहे (सुखलिया जोन-5) पर वार्ड-27 के पार्षद राजू भदौरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। दोनों ही प्रमुख मार्गों पर चक्काजाम होने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सबसे ज्यादा परेशानी सिटी बसों में सफर कर रहे आम यात्रियों, बुजुर्गों और बच्चों को हुई, जो घंटों जाम में फंसे रहे। वार्ड-27 में प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पहले जो निःशुल्क पानी वितरण की व्यवस्था थी, वह बंद कर दी गई है, जिससे संकट और बढ़ गया है। महापौर के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। इससे पहले भी कांग्रेस शहर के सभी 22 जोनल कार्यालयों पर पानी संकट को लेकर प्रदर्शन कर चुकी है। कई इलाकों में लोग सड़क पर उतरकर चक्काजाम और धरना दे चुके हैं। हाल ही में बड़ी संख्या में लोग पानी दो-पानी दो के नारे लगाते हुए पैदल विधायक रमेश मेंदोला के निवास तक पहुंच गए थे।

प्रदर्शन के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने खाली बर्तन लेकर नगर निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सुखलिया में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में पहले जो निःशुल्क पानी वितरण व्यवस्था' चल रही थी, उसे नगर निगम ने बंद कर दिया है। इसके कारण गरीब बस्तियों और मध्यमवर्गीय परिवारों के सामने पानी का संकट और ज्यादा गंभीर हो गया है।

### इंदौर में पानी संकट के 3 मुख्य कारण

पार्षद कुणाल सोलंकी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनुसार, शहर में पानी की किल्लत के पीछे मुख्य रूप से तीन बड़ी वजहें हैं।

- **नर्मदा लाइन का न होना:** वार्ड-75 और आसपास की कई नई कॉलोनियों व मोहल्लों में अब तक नगर निगम द्वारा नर्मदा जल की पाइपलाइन नहीं बिछाई जा सकी है।
- **टैंकरों की भारी कमी:** जिन इलाकों में पाइपलाइन नहीं हैं, वहां लोग पूरी तरह निगम के टैंकरों के भरोसे हैं, लेकिन नगर निगम से पर्याप्त संख्या में टैंकर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे नियमित सप्लाई ठप है।
- **ग्राउंड वॉटर लेवल गिरना:** भीषण गर्मी के कारण बोरिंग सूख चुके हैं, जिससे टैंकरों के अलावा पानी का कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा है।

### प्रशासन का आश्वासन और विपक्ष का अल्टीमेटम

- घंटों चले हंगामे के बाद नगर निगम के अधिकारी और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रभावित वार्डों में तुरंत अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था की जाएगी और पानी की सप्लाई सुचारु करने के लिए स्थायी कदम उठाए जाएंगे।
- कांग्रेस नेताओं और पार्षदों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि प्रशासन के आश्वासन पर फिलहाल चक्काजाम खोला गया है, अगर अगले कुछ दिनों में टैंकरों की संख्या नहीं बढ़ी और जल संकट का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो कांग्रेस पार्टी रहवासियों के साथ मिलकर शहरव्यापी उग्र आंदोलन करेगी।

### इंदौर के मेघदूत नगर में दंपती के शव मिले, पत्नी के गले पर चोंट के निशान

## सुसाइड नोट में लिखा- पत्नी के दूसरे से थे संबंध, हम जहर खा रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के मेघदूत नगर में रविवार सुबह दंपती के शव मिले। बेटी के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे लेकिन घर अंदर से बंद था। उन्होंने पुलिस बुलाई, जब दरवाजा तोड़ा गया तो दोनों के शव पड़े मिले। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है।

हीरा नगर थाना प्रभारी सुशील पटेल के मुताबिक, घटना सुबह करीब 6.30 बजे की है। मृतकों की पहचान हल्के वीर पटेल और उसकी पत्नी रोशनी के रूप में हुई। शुरूआती जांच में सामने आया है कि पत्नी के प्रेम संबंधों को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था।

सुसाइड नोट में लिखा है कि पत्नी ने उसके साथ धोखा किया। उसका सतीश साहू से संबंध था। दोनों उसी कारण जहर खाकर जान दे रहे हैं। साथ ही बेटी की जिम्मेदारी उसकी साली को सौंपने और





संपत्ति बेटी के 18 साल की होने पर उसे देने की बात भी लिखी गई है। नोट में यह भी आरोप लगाया गया है कि सतीश साहू ने उसे पीथमपुर बुलाकर मारपीट की थी और उसके माता-पिता भी उसका साथ दे रहे थे। उसने मांग की है कि उसकी मौत के बाद सतीश के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, सुसाइड नोट में दोनों के जहर खाने की बात लिखी है, लेकिन पत्नी रोशनी के गले पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका है कि उसकी गला घोंटकर हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर मिले शव

- पुलिस के मुताबिक दंपती की एक छोटी बेटी है। रविवार सुबह वह लगातार रो रही थी। पड़ोसियों को शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया, जहां दोनों मृत मिले। हल्के वीर पटेल पीथमपुर की एक पेस्टिसाइड कंपनी में नौकरी करता था। परिवार मूल रूप से होशंगाबाद का रहने वाला बताया जा रहा है।
- पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला का पीथमपुर निवासी सतीश साहू से प्रेम संबंध था। इसकी जानकारी हल्के वीर को लग गई थी। शनिवार को वह एक रिश्तेदार के साथ सतीश से बात करने भी गया था। इसके अगले ही दिन यह घटना सामने आई।

## 5 महीने में युवक के खाते से उड़े 7.19 लाख रुपये

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के सराफा थाना क्षेत्र में एक ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 19 साल के युवक के अंकाउट से 5 माह मे करीब 7 लाख 19 हजार रूपए निकाले गए। युवक को नई कार लेना थी। वह बैंक का स्टेटमेट लेने पहुंचा तो उसे अंकाउट से रुपए निकालने की जानकारी लगी।

सराफा पुलिस के मुताबिक 19 वर्षीय वंश श्रीमाल, निवासी शक्कर बाजार ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उनके बैंक खाते से अज्ञात साइबर ठगों ने कुल 7 लाख 19 हजार रूपए उड़ा दिए। वंश के पिता ललित व्यापारी हैं। वंश के अनुसार उनका बचत खाता एसबीआई ब्रांच इतवारिया बाजार में है। वंश ने बताया कि 31 दिसंबर 2025 से 18 अप्रैल 2026 के बीच खाते से अलग-अलग यूपीआई आईडी के माध्यम से 7 लाख से अधिक राशि निकाल ली गई।

इस दौरान उनके मोबाइल नंबर या ईमेल पर कोई भी ट्रांजैक्शन मैसेज या ओटीपी नहीं आया। वंश श्रीमाल ने बताया कि वे 23 अप्रैल 2026 को कार खरीदने के लिए बैंक स्टेटमेंट निकालने पहुंचे। तभी उन्हें खाते से रूपए निकालने की जानकारी लगी। स्टेटमेंट में दर्ज रकम देखने के बाद उन्होंने तुरंत पुलिस से संपर्क किया। अन्य घटना में तिलक नगर पुलिस ने किरण माउला निवासी राजश्री अपार्टमेंट पिपल्याहाना की शिकातय पर 1 लाख 25 हजार की ठगी होने के मामले में एफआईआर की है।

## साढ़े 3 साल के बच्चे की मौत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के खुड़ैल थाना क्षेत्र के ग्राम जामनिया खुर्द में साढ़े तीन साल का हार्दिक (अनमोल) पिता ललित लोवंशी घर के बाहर खेलते-खेलते पानी की खुली टंकी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बच्चा शनिवार शाम के समय घर के बाहर खेल रहा था, तभी वह अचानक पानी की टंकी में गिर गया। काफी देर तक बच्चा नजर नहीं आने पर उसकी मां ने उसे ढूंढना शुरू किया। जब कहीं पता नहीं चला तो परिजनों की नजर खुली पानी की टंकी पर पड़ी।

झांककर देखने पर बच्चा पानी में पड़ा दिखाई दिया। परिजन तुरंत उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। आगे की जांच खुड़ैल पुलिस द्वारा की जा रही है।

## जैन मंदिर से चोरी हुई मूर्तियां अब तक बरामद नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम क्षेत्र के ग्रेटर बाबा परिसर स्थित श्री दिगंबर जैन नवग्रह जिनालय में हुई चोरी की घटना के 20 दिन बाद भी मूर्तियों और चांदी के अन्य सामान की बरामदगी नहीं होने से जैन समाज में नाराजगी बढ़ रही है। अंतमुर्खी मुनि पूज्य सागर महाराज ने कहा, चोरी हुई प्रतिमाएं केवल धातु की नहीं, बल्कि समाज की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक हैं। मामले में शीघ्र प्रगति नहीं हुई तो समाज का आक्रोश आंदोलन का रूप ले सकता है। नवग्रह क्षेत्र समिति के पदाधिकारियों ने कहा, एक महिला सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी प्रतिमाओं की बरामदगी नहीं होना चिंता का विषय है।



























मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com